बेसल III मानकों के अनुसार, मार्च 2019 को जोखिम भारित संपत्ति अनुपात(सीआरएआर) पूंजी मार्च 2019 में 13.21% और 10.875%की आवश्यकता की तुलना में मार्च 2020 में यह 14.12 % रहा। मार्च 2019 के सीईटी–I 10.96% और 7.375% की न्यूनतम आवश्यकता की तुलना में मार्च 2020 में यह 11.78% रहा। मार्च 2019 को 11.29% टीयर–I पूंजी सीआरएआर की तुलना में मार्च 2020 में यह 12.08% रही।

(प्रतिशत में)

बेसल III	निम्न तारीख को	
	मार्च 2020	मार्च 2019
सीईटी – I	11.78	10.96
टियर I – पूँजी	12.08	11.29
टियर II – पूँजी	2.04	1.92
कुल	**14.12**	**13.21**

भर्ती / प्रशिक्षण

- सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, सीधी भर्ती और आंतरिक पदोन्नति की प्रक्रिया के दौरान, अजा /अजजा कर्मचारियों को भर्ती पूर्व और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

वर्ष के दौरान बोर्ड में परिवर्तन :

शेयर धारक निदेशकों के अलावा सभी निदेशकों के नियुक्ति / नामांकन भारत सरकार (जीओ 01) द्वारा होती है।

- दिनांक 25.04.2019 तक श्री जे के दास भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक रहे। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, नई दिल्ली की अधिसूचना एफ सं. 6/3/2011–बीओ.1 दिनांक 26.04.2019 के द्वारा श्री जे के दास के स्थान पर श्री एस के पाणिग्रही को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामिती निदेशक के रूप में चयन किया गया।

- बैंक के निदेशक के रूप में, श्री विजय कुमार गोयल सनदी लेखकार संवर्ग के अंतर्गत दिनांक 25.07.2019 तक अल्पकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में रहे।

- श्री अमित अग्रवाल दिनांक 24.01.2020 तक बैंक के सरकारी नामिती निदेशक रहे। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, नई दिल्ली, की अधिसूचना एफ. सं.6/3/2012.बीओ.I(खंड II) दिनांक 24.01.2020 के द्वारा श्री अमित अग्रवाल के स्थान पर श्री संजीव कौशिक को सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नामित किया गया है।

- श्री पद्मनाभन विट्ठल दास का बैंक के अल्पकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में 3 वर्षों का कार्यकाल दिनांक 24.04.2019 को समाप्त हो गया। भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं.6/1/2018/बीओ.1(खंड III), दिनांक 21.10.2019 के द्वारा, उन्हें पुनः एक वर्ष या बैंक के समामेलन अर्थात 31.03.2020 या अग्रिम आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए अल्पकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में नामांकित किया गया। उनका कार्यकाल दिनांक 31.03.2020 को समाप्त हो गया।

- भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं.4/5/2016/बीओ.1 दिनांक 18.02.2020 द्वारा श्री एम के भट्टाचार्य, कार्यपालक निदेशक की कार्यावधि को 17.02.2020 से सेवानिवृत्ति की तिथि अर्थात 30.11.2020 तक या अग्रिम आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए बढ़ाया गया।

- महत्वपूर्ण विचलन, यदि हों, के संबंध में उचित स्पष्टीकरण सहित प्रयोज्य लेखा मानकों का पालन किया गया है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार गठित लेखांकन नीतियों को लगातार लागू किया गया।

- वित्तीय वर्ष के अंत तक बैंक के कार्यकलाप व स्थिति पर सही एवं न्यायोचित दृष्टि तथा 31 मार्च, 2020 तक बैंक के लाभ का सही चित्र देने के लिए उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं आकलन किए गए।

- भारत में बैंकों को अधिशासित करनेवाले प्रयोज्य कानूनों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों को बनाए रखने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई; और

- लेखों को लाभकारी कारोबार वाली संस्था के आधार पर तैयार किया गया है।

आभारोक्ति

निदेशकगण यह पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष वार्षिक लेखा तैयार करने में:

बोर्ड, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड का उनके मूल्यवान मार्गदर्शन और सहायता के लिए आभार व्यक्त करता है। बोर्ड वित्तीय संस्थानों और संपर्की बैंकों को भी उनके सहयोग व समर्थन के लिए धन्यवाद देता है। बोर्ड अपने ग्राहकों व शेयरधारकों से मिले अनवरत समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करता है।

बोर्ड श्री जे के दास, श्री अमित अग्रवाल, श्री विजय कुमार गोयल, श्री पद्मनाभन विट्ठल दास जिन्होंने इस वर्ष सदस्यता छोड़ी द्वारा दिये गये मूल्यवान योगदान के लिए अपनी सराहना व्यक्त करता है।

बैंक के समग्र निष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रदत्त निष्ठावान सेवाएं तथा योगदान के प्रति बैंक अपनी सराहना व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल के लिए व उनकी ओर से

पद्मजा चुन्डूरु
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रबंधन विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था

- विश्व बैंक के अनुसार, कोविड–19 महामारी तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं और दुनिया के अन्य हिस्सों में आर्थिक लॉकडाउन होने से अरबों जीवन अस्त–व्यस्त हो गए हैं। यह दशकों की विकास प्रगति को खतरे में डाल रहा है। एक विशाल मानव संख्या की हानि के अलावा, दूसरे विश्व युद्ध के बाद देश सबसे गहरी वैश्विक मंदी की ओर अग्रसर हैं।

- ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट जून 2020 के संस्करण में विश्व बैंक ने भविष्यवाणी की है कि 2020 में वैश्विक जीडीपी में 5.2 प्रतिशत की कमी हो सकती है, जबकि उन्नत अर्थव्यवस्था एवं उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में समान अवधि के दौरान क्रमशः 7 प्रतिशत और 2. 5 प्रतिशत तक की कमी हो सकता है।

- कई देशों ने विशाल राजकोषीय और मौद्रिक नीति समर्थन उपायों के माध्यम से स्वयं को प्रतिकूल परिणामों से बचाया है। इन उपायों के बावजूद, सभी ईएमडीई क्षेत्रों में वर्ष 2020 के दौरान प्रति व्यक्ति आय के संकुचित होने की संभावना है जिससे दरिद्रता छा सकती है।

2. भारतीय अर्थव्यवस्था

- इस महामारी का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि पिछले 11 वर्ष में सर्वाधिक निम्न होकर मार्च 2020 की तिमाही में 3.1 प्रतिशत पर आ गई।

- सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीसीएफ), जो कि अर्थव्यवस्था में निवेश की मांग को दर्शाता है, में 6.5 प्रतिशत की कमी आई जिसके कारण जीडीपी 28.8 प्रतिशत हो गई, जोकि मार्च 2009 से अब तक का निम्नतम है।

- सरकार का अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) अर्थव्यवस्था का ऐसा अकेला घटक है जिसमें मार्च 2020 के दौरान 13.6 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

- मई 2020 में भारत के माल निर्यात में 36.5 प्रतिशत की गिरावट आने से यह 19.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर रुका जबकि आयात बिल में वर्ष–दर–वर्ष 51.1 प्रतिशत की गिरावट आने से यह 22.2 बिलियन अमरीकी डॉलर पर रुका। भारत के कच्चे तेल के आयात में 72 प्रतिशत गिरावट आई जबकि गैर–तेल आयात 43.1 प्रतिशत घट गया।

- आयात और निर्यात में आई गिरावट के कारण व्यापार घाटा जोकि वर्ष भर पहले, 15.4 बिलियन अमरीकी डालर था, की तुलना में मई 2020 में घटकर 3.2 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

- श्रमिकों के पलायन के साथ ही आपूर्ति शृंखला में व्यवधान ने अर्थव्यवस्था के धीरे–धीरे खुलने में भी बाधाएं पैदा की हैं।

- चूंकि कोविड–19 के कारण लगे लॉकडाउन की वजह से घरेलू आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण गिरावट आई है जिसने आयात पर अंकुश लगाया है। हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष 2021 की अगली कुछ तिमाहियों में देश का चालू खाता शेष अधिशेष में रह सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीती

- कोविड–19 के देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित अर्थव्यवस्था में लिक्विडिटी को बढ़ाने के प्रयासों में आरबीआई ने 22 मई 2020 को आयोजित अपनी अंतिम बैठक में रेपो दर को 40 बेसिस पॉइंट तक घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया।

- आरबीआई का अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2021 की द्वितीय अर्धवार्षिकी में (+/– 2 प्रतिशत विचलन के साथ 4 प्रतिशत) हेडलाइन मुद्रास्फीती नरम पड़ना शुरू करेगी और अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य से नीची जाएगी।

- यद्यपि आरबीआई ने विकास का कोई भी आंकड़ा नहीं दिया है, किन्तु ऐसा विश्वास है कि धीरे धीरे आपूर्ति शृंखला के सामान्य स्थिति में आने और मांग पुनर्जीवित होने से वित्तीय वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधि में सुधार होना शुरू होगा एवं वित्तीय वर्ष 2021 की चौथी तिमाही में यह गति पकड़ेगी।

वित्तीय वर्ष 2021 का केंद्रीय बजट

- लक्षित राजस्व घाटा जीडीपी का 2.7 प्रतिशत पर है जो वित्त वर्ष 2020 में 2.4 प्रतिशत के संशोधित आकलन से अधिक है। लक्षित राजकोषीय घाटा जीडीपी का 3.5 प्रतिशत है जो वित्त वर्ष 2020 में संशोधित आकलन 3.8 प्रतिशत से कम है।

भारत सरकार द्वारा नवीन पहल और विकास

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का चार बैंकों में विलय किए जाने की घोषणा की थी।

- केंद्र शासित प्रदेशों में विद्युत वितरण कंपनियों का टैरिफ नीति के अनुरूप निजीकरण किया जाएगा जिसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी।

- दिवालिया होने की कार्यवाही किए जाने की न्यूनतम सीमा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए की गई।

- मामूली तकनीकी और प्रक्रियात्मक चूक से जुड़े उल्लंघन को कंपनीज अधिनियम के तहत गैर–आपराधिक श्रेणी में डाल दिया गया है।

- वित्तीय वर्ष 2021 में सुधार के संबंध में राज्य की राजकोषीय घाटे की सीमा को जीएसडीपी का 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत तक किया गया है। इससे राज्यों को रु. 4.28 लाख करोड़ के अतिरिक्त संसाधन मिलेंगे।

प्रमुख आर्थिक और मौद्रिक विकास

- नकदी प्रवाह पर दबाव बनाती आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आरबीआई 1 लाख करोड़ रुपए तक की कुल राशि के तीन वर्ष की अवधि वाले उपयुक्त आकार के लक्षित सावधि रेपो की, रेपो दर नीती के अनुसार अस्थिर दर से, नीलामी करेगा।

- कोविड–19 के कारण होने वाले व्यवधान पर बैंकों की मदद करने के लिए एकबारगी उपाय के रूप में, सभी बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 100 बेसिस पॉइंट से घटाकर शुद्ध मांग और समय देनदारियों का 3.0 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है (एनडीटीएल) जो दिनांक 28 मार्च 2020 को शुरू हो रहे रिपोर्टिंग पखवाड़े से प्रभावी होगा।

- मौद्रिक संचारण को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से मध्यम उद्यमों के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋणों के मूल्य निर्धारण को भी बाहरी बेंचमार्क से जोड़ने का निर्णय लिया गया है जोकि 1 अप्रैल 2020 से प्रभावी होगा।

- जीएसटी पंजीकृत एमएसएमई के मानक खातों, जो 1 जनवरी 2020 को डिफॉल्ट थे, में परिसंपत्ति वर्गीकरण डाउनग्रेड के बिना एकबारगी पुनर्गठन के लाभ का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत पुनर्गठन को 31 दिसंबर 2020 तक लागू किया जाना है।

- भुगतान के डिजिटलीकरण की व्यापकता को प्रभावी ढंग से जानने के लिए आरबीआई एक समग्र ''डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स'' (डीपीआई) का निर्माण कर आवधिक तौर पर इसका प्रकाशन करेगा।

- चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस), जो वर्तमान में देश के प्रमुख समाशोधन गृहों में चालू है, भली प्रकार से स्थिर है और हमने दक्षता हासिल की है। इसे देखते हुए एक पैन इंडिया सीटीएस को सितंबर 2020 तक चालू कर दिया जाएगा।

- रिजर्व बैंक ने नेफ्ट प्रणाली को दिसंबर 2019 से 24X7 आधार पर उपलब्ध कराया है। इससे देश के खुदरा भुगतान प्रणाली में क्रांति आने की उम्मीद है।

बैंक ऋण की वृद्धि पर प्रभाव के साथ प्रमुख घोषणाएँ

सावधि ऋणों पर अधिस्थगन और कार्यशील पूंजी सुविधाओं पर ब्याज का ह्रास

- आरबीआई ने सभी वाणिज्यिक बैंकों को 01.03.2020 से 31.08.2020 तक सावधि ऋण पर अधिस्थगन और कार्यशील पूंजी सुविधाओं पर ब्याज के स्थगन को मंजूरी दे दी है। इससे बैंकों को राहत बनी रह सकती है क्योंकि उनके एनपीए के स्तर में वृद्धि नहीं होगी और वे लॉकडाउन दौरान उधारकर्ताओं से पुनर्भुगतान एकत्र करने में कुछ चुनौतियों का भी सामना कर रहे थे। आरबीआई ने सभी उधार देने वाली संस्थाओं को अधिस्थगन अवधि (01.03.2020 से 31.08.2020 तक) के दौरान कार्यशील पूंजी सुविधाओं पर संचित ब्याज को निधिक ब्याज मीयादी ऋण (एफआईटीएल) में परिवर्तित करने की अनुमति दी है। इस ऋण को 31 मार्च 2021 तक चुकाया जाना होगा। यह उन उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करेगा जो अधिस्थगन अवधि के बाद संचित ब्याज का पुनर्भुगतान करने में कठिनाई का सामना करेंगे।

एमएसएमई को राहत उपाय

- एमएसएमई की परिभाषा को बदल दिया गया है एवं इसका आकार बढ़ाने और लाभ प्राप्ति में सहायक बनने के लिए वार्षिक बिक्री कारोबार नामक एक अतिरिक्त मानदंड पेश किया गया है। 25 करोड़ रुपए तक बकाया और 100 करोड़ रुपए वार्षिक कारोबार के एमएसएमई को 3 लाख करोड़ रुपये के संपार्श्विक मुक्त ऋण स्वतः प्रदान किए जाएंगे। यह 4 साल के कार्यकाल के लिए है और 100 प्रतिशत गारंटीकृत हैं। ये ऋण 31 अक्टूबर 2020 तक प्राप्त किए जा सकते हैं। यह उन्हें परिचालनगत देयताओं के निर्माण की आवश्यकता को पूरा करने, कच्चा माल खरीदने और व्यापार को फिर से शुरू करने में सहायक होगा। यह बदले में उद्योगों को पुनर्जीवित करेगा और नौकरियों को सुरक्षित करेगा। सरकार ने भारतीय एमएसएमई की सुविधा के लिए यह भी निर्णय लिया है कि 200 करोड़ रुपए तक की सभी निविदाएँ वैश्विक निविदाएँ नहीं होनी चाहिए। यह एमएसएमई को इन बड़ी परियोजनाओं के लिए आपूर्ति करने का एक अवसर देगा। फिनटेक का उपयोग ई–मार्केट द्वारा उत्पन्न डेटा का उपयोग करके लेन–देन–आधारित उधार को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, सरकार और सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) से एमएसएमई की सभी प्राप्तियां 45 दिनों के भीतर पास हो जाएंगी। इससे एमएसएमई को अपने उत्पादों को व्यापक बाजार में बेचने और उनकी तरलता की स्थिति में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

3. 2019–20 में बैंकिंग क्षेत्र

- मार्च 2020 में एससीबी जमा वृद्धि वर्ष–दर–वर्ष 9.5 प्रतिशत रही जोकि इसी अवधि में 6.4 प्रतिशत की ऋण वृद्धि से अधिक थी।

- वित्तीय वर्ष 2020 की चौथी तिमाही के अंत में समग्र बचत जमा में विकास के चलते एससीबी का कासा अनुपात 42.1 प्रतिशत था। कुल जमा राशि में बचत जमा राशि का हिस्सा 32.9 प्रतिशत है, जबकि चालू जमा का 9.2 प्रतिशत है।

भविष्य की राह

- मार्च 2020 से शुरू हुए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा के बाद से आर्थिक गतिविधियों में गतिरोध आया है। जीडीपी की धीमी गति के साथ, सभी क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च प्रभावित हुआ है। निकट समय में सरकार के लिए मांग का पुनरुद्धार किया जाना एक मुख्य चुनौती होगी। इसने कई व्यवसायों को भी प्रभावित किया है जिनका अब बने रह पाना मुश्किल हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप बैंकों में वसूली प्रभावित होगी। जब तक आर्थिक विकास नहीं होता है तब तक बैंकों के लिए अपना बकाया वसूला जाना मुश्किल होगा। जब तक जीडीपी वृद्धि में पिक–अप या वसूली में सुधार नहीं होता है तब तक वित्त वर्ष 2021 में आय में कमी बने रहने की संभावना है।

- बैंक डिजिटल और संपर्क रहित तकनीकों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

4. विस्तृत कारोबार समीक्षा

संसाधन जुटाना और ऋण परिनियोजन

- वैश्विक कारोबार 8.41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 466116 करोड़ रुपए (मार्च 2019 में 429972 करोड़ रुपए) हो गया। घरेलू व्यापार 450273 करोड़ रुप्ए था।

- 7.50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वैश्विक जमाएं 260226 करोड़ रुपए (31 मार्च 2019 को 242076 करोड़ रुपए) पर पहुँच गईं। देशी जमाएं 252792 करोड़ रुपए पर पहुँच गईं।

- 7.34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देशी कासा जमाएं 89584 करोड़ रुपए (31 मार्च 2019 को 83459 करोड़) पर पहुँच गईं।

- सकल अग्रिम 205890 करोड़ रुपए (31 मार्च 2019 को 187896 करोड़ रुपए) रहे। देशी ऋण 197481 करोड़ रुपए पर पहुँच गए।

- देशी गैर खाद्य ऋण बढ़कर 196397 करोड़ रुपए (31 मार्च 2019 को 179505 करोड़ रुपए) हो गए।

- वैश्विक ऋण–जमा अनुपात 79.12 प्रतिशत (31 मार्च 2019 को 77.62 प्रतिशत) रहा।

5. **शाखा नेटवर्क एवं विस्तार**

- बैंक ने वित वर्ष 2020 के दौरान अपने वितरण नेटवर्क में 31 शाखाओं एवं 8 प्रशासनिक कार्यालयों जोड़ते हुए विस्तार किया है। इस वित्तीय वर्ष 2020 के दौरान 16 शाखाओं को समामेलित/बंद कर दिया गया है।

- 31.03.2020 तक 740 ग्रामीण, 833 अर्धशहरी, 637 शहरी और 677 महानगरीय शाखाओं सहित बैंक का शाखा नेटवर्क 2887 है। इसके अतिरिक्त सिंगापुर, कोलंबो और जाफना में बैंक की 3 विदेशी शाखाएं हैं और गिफ्ट सिटी गांधीनगर, अहमदाबाद में एक आईएफएससी बैंकिंग इकाई(आईबीयू) है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पहचाने गए कम बैंकिंग सुविधा प्राप्त 356 जिलों में बैंक की 407 शाखाएं हैं। अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में बैंक की 450 शाखाएँ हैं तथा बैंक–रहित केन्द्रों में बैंक की 244 शाखाएँ हैं।

6. **बैंक के भविष्य की योजनाएं**

- इडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक के समामेलन ने बैंक को 7 वें सबसे बड़ा सावर्जनिक क्षेत्रक बैंक के रूप स्थापित किया है। समामेलित बैंक 8 लाख करोड़ से अधिक कारोबार, 43,000 मजबूत श्रमशक्ति और सुदृढ़ कासा के आधार के साथ 6000 से अधिक शाखा नेट–वर्क के साथ 01 अप्रैल 2020 से विलय की गई संस्था के रूप में परिचालन शुरू किया है।

- भारत सरकार ने अनुक्रियाशील और जिम्मेदार बैंकिंग के प्रति पुनर्पूंजीकरण योजना और **संवर्धित पहुंच और सेवा उत्कृष्टता(ईएएसई)** की शुरूआत सहित कई सुधार उपायों और संरचनात्मक परिवर्तनों की शुरुआत की है।

- इस वर्ष मुख्यतः ध्यान कासा बढ़ाने, लागत घटाने, ब्याज के अलावा राजस्व बढ़ाने, ह्रासित आस्तियों के संबंध में वसूली में तेजी लाने और एनपीए के स्तर को स्थिर रखने पर केंद्रित पर होगा। कारोबार में वृद्धि, निचले स्तर में सुधार करने से होगी।

- कुशल और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए कर्मचारियों–ग्राहकों के बेहतर संबंध और ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग चैनलों के उपयोग पर शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे उन्हें आसानी हो।

- आगे विशेष ध्यान केन्द्रित करने के लिए पहचाने जाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में – अधिक लाभ देने वाले अग्रिमों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ आरएएम सेक्टर के तहत ऋण वृद्धि, अच्छे रिटर्न की पेशकश करते हुए उच्च रेटेड कॉर्पोरेट खातों को जुटाना, पूंजी का संरक्षण, सर्वोत्तम जोखिम प्रबंधन कार्य प्रणाली का पालन करना, गैर–ब्याज आय में बडे परिवर्तन, परिचालन लागत को कम करना, नवीन प्रौद्योगिकी के ऑफर के साथ वैकल्पिक चौनलों का उपयोग बढ़ाना भी शामिल है।

7. **महत्वपूर्ण पहलें**

संगठनात्मक पुनर्गठनः

- नियंत्रण क्षमता में सुधार के लिए महाप्रबंधकों की अगुवाई में कॉर्पोरेट कार्यालय के कार्यक्षेत्र का पुनर्गठन।

- अतिरिक्त क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालयों और अंचल कार्यालयों के निर्माण से बैंक के कारोबार को और अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- कॉर्पोरेट और मिड कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी कॉर्पोरेट शाखाओं(एलसीबी) और मध्यम कॉर्पोरेट शाखाओं (एमसीबी) की स्थापना करना।

- आरएएम पर ध्यान केंद्रित करना – एमएसएमई और आरएएम के लिए केंद्रीकृत प्रसंस्करण इकाइयाँ।

- कोलकाता और चेन्नै में केंद्रों की स्थापना करके ऋण निगरानी विभाग और रिकवरी विभाग को सशक्त बनाना।

- नियंत्रण कार्य को सशक्त बनाना – अनुपालन, जोखिम एवं निवारक सतर्कता पर ध्यान केन्द्रित करना

विविधताओं वाली ऋण बहीः

- अच्छी रेटिंगवाले लार्ज और मिड कॉर्पोरेट में जोखिम लेने की स्थिति।

दक्षता में सुधार करनाः

- अलाभकारी और धीमे विकास वाली शाखाओं को युक्तिसंगत बनाना।

- बैंक की अनुषंगियों जैसे इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड और इंड बैंक हाउसिंग लि. में मूल्य अनलॉकिंग।

- मानव संसाधन / कॉर्पोरेट क्रेडिट / रिकवरी वर्टिकल और विदेशी मुद्रा व्यापार प्रसंस्करण इकाई का केंद्रीकरण।

अन्यः

- एनबीएफसी के सहयोग से ऋणों का समन्वय।

- जीवन और गैर जीवन बैंकअश्युरेन्स उत्पादों की बिक्री के लिए बीमा कंपनियों के साथ टाई अप के माध्यम से क्रॉस सेल विकल्प की खोज करना।

- TReDS प्लेटफॉर्म के माध्यम से एमएसएमई को उधार देना

- बिल्डर्स/वाहन डीलरों और ट्रैक्टर निर्माताओं के साथ टाई अप

8. **जमाएं**

मीयादी जमा

- अप्रैल 2019 और मार्च 2020 के बीच ब्याज दरों को 7 बार संशोधित किया गया है।

- पीडी / सीडी पर कम निर्भरता रखने और इसे खुदरा जमा के साथ बदलने की रणनीति में बदलाव।

- 2019–20 के दौरान 40251.74 करोड़ रुपए का नवीन प्रवाह

कासा

- कासा के लिए कुल 2156586 नए ग्राहक जोड़े गए हैं और 4076 करोड़ रुपए का कारोबार शुरू किया गया है

चलाए गए अभियानों का विवरण

अवधि	दिनों की संख्या	चालू खाता		बचत बैंक	
		खोले गए खाते (लाख में)	जुटाई गई राशि (करोड़ में)	खोले गए खाते	जुटाई गई राशि (करोड़ में)
2019–20 I अक्षय 26.08.19 से 30.09.19 तक	26	0.06	135.88	2.30	316.60
2019–20 II आई बी वृद्धि 02.12.19 से 31.12.19	36	0.06	75.30	2.54	336.31

9. कृषि

- कृषि ऋण के तहत कुल बकाया 944369 करोड़ रुपए था और यह मार्च 2019 के 5364 करोड़ रुपए के स्तर से बढ़कर मार्च 2020 तक 39005 करोड़ हो गया है।

कृषि संवितरण:

- ग्राउंड लेवल क्रेडिट फ़्लो फ़ॉर एग्रीकल्चर (जीएलएफ) के अंतर्गत, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 22000 करोड़ रुपए के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 40511 करोड़ रुपए के कृषि ऋणों का संवितरण किया।

- वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, बैंक ने 26.25 लाख लघु / सीमांत किसानों को 19678 करोड़ रुपए वितरित किए ।

खंड– वार निष्पादन

- 31.03.2020 को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम 72248.16 करोड़ रुपए थे । वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए तिमाही औसत समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) का प्रतिशत 40 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 46.57 प्रतिशत था।

- 31.03.2020 को कृषि ऋण 31357.56 करोड़ रुपए था और 2019–20 के लिए त्रैमासिक औसत एएनबीसी का प्रतिशत 18 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 20.38 प्रतिशत था।

- 31.03.2020 को एसएफ / एमएफ को ऋण 914631.29 करोड़ रुपए रहा और वर्ष 2019–20 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित औसत बैंक ऋण (एएनबीसी) अनिवार्य लक्ष्य 8 प्रतिशत के मुकाबले 9.30 प्रतिशत था ।

- 31.03.2020 को कमजोर वर्गों को उधार 16899 करोड़ था और 2019–20 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) 10 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले के 11.94 प्रतिशत रहा।

- 31.03.2020 को एमएसई – माइक्रो उद्यमों को उधार 14880.48 करोड़ रुपए था और वर्ष 2019–20 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित नेट बैंक ऋण(एएनबीसी) 7-50 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 9.22 प्रतिशत रहा।

- 31.03.2020 को गैर–कॉरपोरेट किसानों को ऋण रु. 31846.17 करोड़ था और वर्ष 2019–20 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित नेट बैंक ऋण (एएनबीसी) 12.11 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 20.81 प्रतिशत था।

गहन कृषि ऋण अभियान:

- कृषि के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने और किसानों के साथ संबंध मजबूत करने के लिए, बैंक हर वर्ष खरीफ और रबी सीजन के दौरान "गहन कृषि ऋण अभियान" चला रहा है, जिससे किसानों को समय पर और पर्याप्त ऋण दिया जा सके।

- हमारी शाखाओं ने 15.11.2019 से 13.01.2020 तक "गहन कृषि ऋण रबी अभियान" चलाया एवं कुल 5217 करोड़ की राशि का वितरण किया।

जेवर ऋण:

मार्च 2019 में 2384 शाखाओं के मुकाबले मार्च 2020 तक 2424 शाखाओं में जेवर ऋण लागू किया गया है। कृषि के तहत जेवर ऋण में बकाया राशि, मार्च 2019 के 27301 करोड़ रुपए के स्तर के मुकाबले 3056 करोड़ की वृद्धि के साथ 30357 करोड़ रुपए है।

स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रवाह:

स्व–सहायता समूह (एसएचजी) गरीब लोगों का एक छोटा स्वैच्छिक संघ है, जो समान सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं। वे स्व–सहायता और पारस्परिक सहायता के माध्यम से अपनी सामान्य समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से एक साथ आते हैं। एसएचजी अवधारणा बैठकों, तालमेल और ऋण निर्णयों के संचालन पर निर्णय लेने का अवसर प्रदान करती है।

एसएचजी को बकाया ऋण मार्च 2019 के 1.58 लाख एसएचजी को 4733 करोड़ रुपए के स्तर के मुकाबले मार्च 2020 तक 1.70 लाख एसएचजी को कवर करते हुए 469 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 5195 करोड़ रुपए था। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने 1.05 लाख स्व–सहायता समूहों को 4081 करोड़ रुपए का वितरण किया।

माइक्रोसेट शाखाएँ:

- महानगरीय और शहरी केंद्रों में झोपड़ियों, मलिन बस्तियों में बड़ी मात्रा में रहने वाले शहरी गरीबों को एसएचजी अवधारणा का लाभ उपलब्ध कराने के लिए, विशेष संस्थाएं "वन स्टॉप शॉप" स्थापित की गई हैं, जिन्हें माइक्रोसेट शाखाएं कहा जाता है, ये गरीब तबके की वित्तीय जरूरतें पूरी करने के लिए काम कर सकते हैं ।

- बैंक ने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों की सेवा के लिए 39 माइक्रोसेट शाखाएँ स्थापित की हैं। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, माइक्रोसॉफ़्ट शाखाओं के माध्यम से 1149 करोड़ रुपए की ऋण राशि को 25348 करोड़ रुपए तक बढ़ाया गया है। 38068 स्वयं सहायता समूहों को कवर करते हुए, मार्च 2020 तक, इन माइक्रोसेट शाखाओं की कुल बकाया अग्रिम राशि 1232 करोड़ रुप्ए रही।

- बैंक किसानों की उस श्रेणी को जिनके पास उचित भूमि रिकॉर्ड नहीं है / भूमि नहीं है, ऋण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संयुक्त देयता समूहों के माध्यम से वित्तपोषण को प्रोत्साहित कर रहा है। संयुक्त 11022 संयुक्त देयता समूहों को कवर करते हुए, 31.03.2020 को संयुक्त देयता समूहों को बकाया ऋण 186.25 करोड़ रुपए था।

25.07.2019 को कृष्णगिरि अंचल द्वारा मेगा एसएचजी ऋण मेला आयोजित किया गया। जिलाधिकारी, कृष्णगिरि, हमारे कार्यपालक निदेशक और एफजीएम, कोयम्बत्तूर ने मेले में भाग लिया और एसएचजी ऋण वितरित किए ।

29 जुलाई 2019 को कोयम्बत्तूर अंचल में मेगा एसएचजी लोन मेला आयोजित किया गया।

कमजोर वर्गों के लिए अग्रिम

बैंक कमजोर वर्गों के लिए अनिवार्य अग्रिम लक्ष्य को पार कर रहा है जिसमें लघु और सीमांत किसान, कारीगर, ग्राम और कुटीर उद्योग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, स्वयं सहायता समूह आदि शामिल हैं।

- मार्च 2020 की समाप्ति पर कमजोर वर्गों के लिए बकाया राशि 16899 करोड़ रुपए थी, जोकि तिमाही औसत एएनबीसी के लिए निर्धारित 10% मानदंडों के मुक़ाबले 11.94% है।

- 31.03.2020 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को बकाया ऋण 2315 करोड़ रुपए था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक क्रेडिट अभियानों का अवलोकन

- अल्पसंख्यक, अजा/अजजा को ऋण देने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। मार्च 2020 तक अल्पसंख्यकों के लिए अग्रिम 8511.49 करोड़ रुपए थे, जो मार्च 2020 तक बैंक के कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम का 11.78 प्रतिशत है।

- दिनांक 01.12.2019 से 31.12.2019 तक, अल्पसंख्यकों और अजा/ अजजा को ऋण देने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान, 32476 लाभार्थियों को 1927 करोड़ रुपए वितरित किए गए।

क्षमता निर्माण की पहलः

- बैंक ने 12 केन्द्रों, चित्तूर, कडलूर, धर्मपुरी, कांचीपुरम, कृष्णगिरि, नामक्कल, पुदुच्चेरी, सेलम, तिरुवण्णामलै, तिरुवल्लूर, वेल्लूर और विलुपुरम में "इंडियन बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान" (इंडसेटी) नामक "रुडसेटी मॉडल प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए हैं। 67626 व्यक्तियों को लाभ पहुंचाते हुए इंडसेटी द्वारा मार्च 2020 तक कुल 2442 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

- वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, इंडसेटी ने 324 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 8714 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया है।

- ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) और नेशनल सेंटर फॉर एक्सलेन्स ऑफ आरएसईटीआई (एनएसीईआर / बेंगलुरु)इंडसेटी (आरसेटी) निदेशकों का वार्षिक कॉन्क्लेव, 15 नवंबर 2019 को इमेज, चेन्नै में आयोजित किया गया। कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक (आरबीडी/एफ़आई), श्रीमती चंपकावल्ली, आरसेटी के राष्ट्रीय निदेशक, एनएसीईआर / बेंगलुरु, परियोजना निदेशक, एनआईआरडीपीआर/ हैदराबाद, श्री पिट्च्या, निदेशक/ राष्ट्रीय अकादमी रुडसेटी / बेंगलुरु और श्री वासुदेव कालकुंझी, निर्देशक / एनएसीईआर / बेंगलुरु ने कॉन्क्लेव में भाग लिया।

- क्षमता निर्माण की दिशा में उपर्युक्त विशेष पहलों के अलावा, बैंक ग्रामीण प्रशिक्षण केंद्र कारैक्कुडी, तमिलनाडु (नाबार्ड और आईओबी के साथ संयुक्त रूप से) और आंध्र प्रदेश बैंकर्स ग्रामीण एवं उद्यमिता विकास संस्थान – एपीबीआईआरईडी, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश सरकार, नाबार्ड और पांच अन्य बैंकों के साथ संयुक्त रूप से) में पहले से ही भाग ले रहा है। ये दोनों संस्थान ग्रामवासियों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए व्यापक कौशल उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करते हैं। आरटीसी, कारैक्कुडी द्वारा (2020 तक 14760 सदस्यों को लाभ पहुंचाते हुए) कुल 510 प्रशिक्षण कार्यक्रम और एपीबीआईआरईडी, हैदराबाद द्वारा (मार्च 2019 तक 14537 सदस्यों को लाभ पहुंचाते हुए) कुल 559 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान:

- स्वर्ण भारत ट्रस्ट, जो विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में एक सेवा उन्मुख गैर–सरकारी संस्था (एनजीओ) है तथा कोनेरु लक्ष्मैया विश्वविद्यालय (केएलयू) जो एक स्वायत्त विश्वविद्यालय है, के साथ मिलकर बैंक ने लोगों के प्रशिक्षण एवं विकास के लिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करके कुशल श्रम शक्ति की स्थिति में सुधार लाने के लिए डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान के नाम से अटकूर गांव, जिला– कृष्णा, आंध्र प्रदेश में "कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान" की स्थापना की है।

- इस संस्थान ने मार्च 2020 तक 72 कार्यक्रमों का आयोजन किया और 1620 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया है।

दिनांक 25.07.2019 को आयोजित मेले में इंडसेटी कृष्णागिरी के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी

पुरस्कार एवं प्रशस्तियां

नाबार्ड द्वारा वर्ष 2018–19 के दौरान तमिलनाडु में स्व–सहायता समूह– बैंक लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मध्य उत्कृष्ट निष्पादन में के लिए इंडियन बैंक को "प्रथम पुरस्कार" प्रदान किया गया

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुश्री पद्मजा चुन्डूरू ने दिनांक 13.07.2019 को माननीय मंत्री श्री डी. जयकुमार से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक:

बैंक के तीन प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, तमिलनाडु ग्रामा बैंक जिसका मुख्यालय सेलम(तमिलनाडु) में, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक का मुख्यालय चित्तूर(आंध्र प्रदेश) में और पुदुवै भारतियार ग्रामीण बैंक का मुख्यालय पुदुचेरी (केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी) में स्थित है।

तीन आरआरबी के संबंध में, शाखा नेटवर्क 893 (मार्च 2019) से 5 बढ़कर 898 शाखाएँ (मार्च 2020) हो गया है।

मार्च 2020 तक तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल कारोबार मार्च 2019 के 36005.19 करोड़ रुपये की तुलना में 38917.37 करोड़ रुपये था। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लाभ अर्जित करने वाले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं।

₹ करोड़ में

31.03.2020 को विवरण	शाखाओं की संख्या	जमाएँ	अग्रिम	कारोबार
तमिलनाडु ग्रामा बैंक	632	12463.38	12285.30	24748.68
सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	223	6523.46	6158.25	12681.71
पुदुवै भारतियार ग्रामा बैंक	43	804.14	682.84	1486.98
कुल	**898**	**19790.98**	**19126.39**	**38917.37**

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भारत सरकार के पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पीएमजेडीवाई के तहत 1105 एसएसए गांवों को कवर कर रहे हैं और इस योजना के तहत 8.64 लाख खाते खोले गए हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वर्ष 2019–20 के दौरान पीएमएसबीवाई के तहत 5.77 लाख लाभार्थियों, पीएमजेजेबीवाई के तहत 2.50 लाख लाभार्थियों और एपीवाई के तहत 0.50 लाख लाभार्थियों को कवर किया है।

10. **प्रधानमंत्री जन–धन योजना (पीएमजेडीवाई) :**

यह योजना नई दिल्ली में 28.08.2014 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा बहिष्कृत वर्गों को वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता तथा समय पर एवं पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी।

एसएलबीसी द्वारा उप–सेवा क्षेत्र (एसएसए) का आबंटन तथा पीएमजेडीवाई के तहत बैंक द्वारा कवरेज:

मार्च 2016 तक, विभिन्न एसएलबीसी ने पीएमजेडीवाई के तहत बैंक में 2975 एसएसए तथा 2023 शहरी वार्ड आबंटित किए हैं। सभी 2975 एसएसए को बैंक द्वारा बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। इनमें से 2517 एसएसए को बैंक मित्र (कारोबार प्रतिनिधि) के माध्यम से बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं तथा 458 एसएसए वास्तविक शाखाओं के माध्यम से पहले से ही काम कर रहे हैं।

पीएमजेडीवाई के तहत बैंक के निष्पादन की प्रमुख विशेषताएँ:

- डीएफएस के सलाहानुसार शाखाएँ दिनांक 16.08.2014 से पीएमजेडीवाई के तहत बेसिक बचत बैंक खाते (बीएसबीडी) खोलती आ रही हैं। दिनांक 31 मार्च 2020 तक बैंक ने 40.13 लाख बीएसबीडी खाते खोले है। पीएमजेडीवाई के तहत 39.72 लाख बीएसबीडी खाता धारकों को रुपे कार्ड जारी किए गए हैं। इन खातों में जुटाई गई जमा राशि रु. 748.40 करोड़ है।

- **ओवेरड्राफ्टों की मंजूरी** : पीएमजेडीवाई के तहत बैंक ने 2,53,815 पात्र खाता धारकों को 59.86 करोड़ तक के ओवरड्राफ्ट प्रदान किए थे। जिसमें से 90121 बीएसबीडीए खाता धारकों ने 17.95 करोड़ राशि की लिमिट का लाभ उठाया है। छह महीने के संतोषजनक परिचालन / क्रेडिट हिस्टरी के बाद ही हर बीएसबीडीए खाता धारक को ओवरड्राफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार किया जाएगा। बैंक ने ओवरड्राफ्ट सुविधा को स्वचालित बनाया गया है और इसे पात्र पीएमजेडीवाई खाता धारकों के लिए अपने बैंक के एटीएम के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

- पीएमजेडीवाई के शुरुआत अर्थात 16.08.2014 से बैंक ने 40.13 लाख बेसिक बचत बैंक जमा खाते खोले गए।

- 39.72 लाख बीएसबीडी खाता धारकों को रुपे कार्ड जारी किए गए ।

- बैंक को आबंटित किए गए सभी एसएसए को या तो वास्तविक शाखा या बैंक मित्र द्वारा कवर किया जाता है।

- आईबीए मानक (1.5.1) का पालन करते हुए सभी बैंक मित्रों को अंतर–संचालित माइक्रो एटीएम उपकरण प्रदान किए जाते हैं।

- वित्तीय वर्ष 20 के दौरान महीने में प्रति बैंक मित्र द्वारा किए गए लेनदेन की औसत संख्या 1096 थी, जोकि इंडस्ट्री में श्रेष्ठतम में से एक है।

- आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) परस्पर कार्यक्षमता सुविधाओं को बैंक के एसएसए में लगाए गए सभी पीओएस मशीन में सक्षम बनाया गया है। सभी बैंक मित्र एईपीएस लेन–देन कर रहे हैं तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैंक मित्रों द्वारा 5573.12 करोड़ की राशि के लिए 3.11 करोड एईपीएस लेन–देन (दोनों वित्तीय और गैर वित्तीय) किए गए हैं। किसी भी बैंक के ग्राहक, इंडियन बैंक के बैंक मित्र के साथ लेनदेन कर सकते हैं।

जन सुरक्षा योजना के तहत निष्पादन:

- पीएमजेडीवाई के दूसरे चरण में, माननीय प्रधानमंत्री ने समाज के वंचित वर्गों के लिए तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)– एक जीवन बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) – एक दुर्घटना बीमा योजना, अटल पेंशन योजना (एपीवाई) – पेंशन योजना का शुभारंभ मई, 2015 में किया। एपीवाई के तहत, हमारे बैंक का अनुपात 66 प्रतिशत है, जो उद्योग में सर्वश्रेष्ठ है और श्रेणी–ए बैंक के अंतर्गत है। 31.03.2020 तक योजनाओं के तहत बैंक का निष्पादन नीचे प्रस्तुत है:

योजना का नाम	कवर किए गए ग्राहकों की संख्या
एपीवाई	812664
पीएमजेजेबीवाई	1089946
पीएमएसबीवाई	2438404
कुल	**4341014**

- हमारे बैंक में पीएमजेजेबीवाई के तहत 106.6 करोड़ की राशि के 5330 दावों का बीमाधारक के नामितियों को निपटान किया गया तथा पीएमएसबीवाई के तहत 24.80 करोड़ के 1288 दावों का निपटान बीमाधारक के नामितियों को किया गया है।

रुपे बीमा दावों के तहत निष्पादन

- 15.08.2014 और 26.01.2015 के बीच के खाते खोलने वाले ग्राहकों के लिए 1 लाख के दुर्घटना बीमा कवर और 30,000/–के जीवन बीमा कवर के साथ निर्मित रुपे डेबिट कार्ड पीएमजेडीवाई खाताधारकों को जारी किए जा रहे हैं। रुपे दुर्घटना बीमा दावा के तहत, बीमाकर्ता के नामितियों के 183 दावों का निपटान किया गया था। इसी प्रकार रुपे लाइफ इंश्योरेंस के तहत, बीमाकर्ता के नामितियों के 121 दावों का निपटान किया गया था।

तमिलनाडु में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन का भुगतान :

- जुलाई 2012 के बाद से सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित स्मार्ट कार्ड सक्षम व्यापार संपर्की (बीसी) मॉडल का उपयोग करते हुए बैंक खातों के माध्यम से तमिलनाडु राज्य में, सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत, वित्तीय समावेश के तहत कवर गांवों में, वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान लाभार्थियों को किया जा रहा है। तमिलनाडु में बैंक मित्रों के माध्यम से प्रति माह 6.08 लाख लाभार्थियों को पेंशन संवितरित की जाती है।

पीएफआरडीए पुरस्कार

- **मेकर्स ऑफ एक्सीलेंस (एमई) 3.0** (21 अक्टूबर – 21 नवंबर 2019) विशेष रूप से बैंकों के कार्यपालक निदेशकों के लिए आयोजित किया गया : हमारे बैंक ने 20,000 एपीवाई खातों के लक्ष्य के मुकाबले 361 प्रतिशत की उपलब्धि के साथ 76,251 एपीवाई खातें खोले हैं और सभी बैंकों के मध्य नंबर 1 के रूप में उभरा है।

- **लीडरशिप कैपिटल 2.0** (6 जनवरी – 6 फरवरी 2020) विशेष रूप से बैंकों के एमडी और सीईओ के लिए आयोजित किया गया : हमारे बैंक ने 20,000

एपीवाई खातों के लक्ष्य के खिलाफ 182 प्रतिशत की उपलब्धि के साथ 36,498 एपीवाई खातों को प्राप्त किया है और सभी बैंकों में प्रथम स्थान पर है।

- तीसरी तिमाही के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बैंक के नोडल कार्यालय (महाप्रबन्धक – आरबीडी एवं एफ़आईडी) के लिए "आउटपरफॉर्मर" पुरस्कार।

11. **सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में नकदी प्रवाह :**

- विशेष ध्यान देने के लिए पृथक एमएसएमई विभाग है जोकि सम्पूर्ण एमएसएमई पोर्टफोलियो की देखरेख करता है। बैंक के पास 14 एमएसएमई सीपीयू हैं, जिसने 12 इंड एमएसएमई शाखाओं के साथ टीएटी और मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाने में मदद की है, 76 विशेष एमएसएमई शाखाएँ हैं जनके 60% से अधिक ऋण एमएसएमई होते हैं एवं बैंक के एमएसएमई कारोबार को समृद्ध करने के लिए 500 एमएसएमई केन्द्रित शाखाएं हैं।

- 2019–20 के दौरान, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों में बैंक का एक्सपोजर रु. 33046 करोड़ से 12.59% बढ़कर रु. 37208 करोड़ हो गया।

- वित्तीय वर्ष 20 के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए बैंक का एक्सपोजर क्रमशः 8.87% एवं 8.70% बढ़ा।

- बैंक सूक्ष्म उद्यमों को ऋण देने के उप लक्ष्य को पार कर लिया है।

- सूक्ष्म उद्यमों के लिए ऋणों की संख्या में 124210 की वृद्धि हुई यानी वित्तीय वर्ष के दौरान 16.70% की वृद्धि हुई।।

- तीन वर्षों की अवधि में स्टैंडअप इंडिया योजना के अंतर्गत हमारे बैंक से रु. 923 करोड़ से 4207 एमएसएमई लाभार्थियों को लाभ मिला। – स्टैंड अप इंडिया योजना अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला उद्यमियों के मध्य उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए है।

- बैंक ने सिडबी तथा सार्वजनिक क्षेत्र की चार बैंकों के साथ फ़िनटेक कंपनी तथा विकसित किए गए कांटैक्टलेस बैंकिंग प्लाटफॉर्म – PSBLOANSIN59MINUTES.com में निवेश किया है। यह किसी भी मैनुअल हस्तक्षेप के बिना एमएसएमई ऋण आवेदनों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने तथा 59 मिनट में अनुमोदन पाने में समर्थ बनाता है। बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान इस प्लाटफॉर्म के माध्यम से 277 खातों का ऑन–लाइन अनुमोदन तथा रु.102 करोड़ की राशि वाले 115 लाभार्थियों को नियमित संवितरण किया है।

- बैंक डॉक्टर्स, कांट्रैक्टर्स, व्यापारियों सहित एमएसएमई की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संरचित ऋण उत्पादों की रूपरेखा बनाने में अतिसक्रिय है। वर्ष 2019–20 के दौरान, ऐसे सात उत्पाद पेश किए गए जैसे
  - ❖ आईबी प्योर जल धारा – सूक्ष्म और लघु उद्यमियों / उद्यमों द्वारा आरओ जल कियोस्क की स्थापना हेतु
  - ❖ इंड एसएमई ई–वाहन – एमएसएमई द्वारा अपने व्यावसायिक उद्देश्य के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने हेतु।
  - ❖ इंड एसएमई ईज़ी – एमएसएमई के लिए कार्यशील पूंजी ऋण, जहां मूल्यांकन जीएसटी रिटर्न में रिपोर्ट किए गए टर्नओवर पर आधारित है
  - ❖ इंड सूर्य शक्ति – उत्पादन के उद्देश्य के लिए एमएसएमई द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु
  - ❖ आईबी स्टैंडबाय डबल्यूसी सुविधा – विलंबित प्राप्त राशियों के कारण एमईएमई द्वारा सामना की गई तरलता संकट को पूरा करने के लिए ऋण सुविधा
  - ❖ मध्यम उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट ऋण – एनडबल्यूसी में सुधार करने के लिए और / या कारोबार विकास के उद्देश्य से किसी भी बैंकयोग्य से ।
  - ❖ एमएसएमई को कोविड आपातकालीन ऋण – एमएसएमई को मदद देने के लिए कोविड –19 महामारी के मद्देनजर, बैंक ने वेतन, बिजली शुल्क आदि जैसे उपरिप्रभार के लिए नकदी प्रवाह की कमी को दूर करने के लिए कोविड आपातकालीन ऋणों की शुरुआत की है ।

- बैंक सक्रिय रूप से सभी तीन ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म (आरएक्सआईएल, इन्वाइस मार्ट एवं मिक्सचेंज) में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। 31.03.2020 तक, बैंक द्वारा बिलों में छूट के लिए विश्व के 86 कॉर्पोरेट खरीदारों को मंजूरी दे दी गई है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, ट्रेड्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से रु. 547 करोड़ के लिए 3910 बिलों में छूट दी गई थी।

- एनबीएफसी को ऋण प्रवाह
  - ❖ 2019–20 के दौरान, एनबीएफसी से प्रत्यक्ष असाइनमेंट (एमएसएमई समूहित आस्तियों) के तहत आस्ति प्राप्त करने के लिए रु.6880 करोड़ की राशि मंजूर की गई है।
  - ❖ एमएसएमई को उधार देने के लिए 5 एनबीएफ़सी/ एमएफ़आई को रु.960 करोड़ की राशि मंजूर की गई है।

- एमएसएमई क्लस्टर : बैंक के पास विभिन्न अंचलों में फैली 27 क्लस्टर विशिष्ट योजनाएँ हैं, जो रु.1672 करोड़ की स्वीकृत सीमा के साथ, हमारे एमएसएमई पोर्टफोलियो में योगदान करती हैं। क्लस्टर विशेष योजनाओं के कुछ नाम है:
  - ❖ टेक्सटाइल क्लस्टर, इचलकरंजी
  - ❖ सेरेमिक क्लस्टर मोरवी, अहमदाबाद
  - ❖ एमएसएमई क्लस्टर पाड़ी, चेन्नै
  - ❖ टेक्सटाइल मेन्यूफेक्चरिंग एंड होलसेल ट्रेडिंग क्लस्टर, सूरत
  - ❖ ऑटोमोबाइल क्लस्टर, होसूर
  - ❖ होज़री क्लस्टर, लुधियाना
  - ❖ साइकल पार्ट्स एंड ऑटो पार्ट्स क्लस्टर, लुधियाना
  - ❖ लाइट इंजीनियरिंग गुड्स/ रेडीमेड गार्मेंट्स क्लस्टर, करनाल इत्यादि।

मुद्रा योजना

- मुद्रा योजना के तहत आवंटित 3400 करोड़ रुपए (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) के लक्ष्य के अनुसार, बैंक ने 3459 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जिससे 101.73 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई।

- मुद्रा योजना के तहत बैंक ने विविध विनिर्माणोंय बुनाई,यातायात,खुदरा व्यापार,छोटे कारोबारों सहित सेवा गतिविधियों एवं कृषि अनुषंगी सेवाओं अर्थात मतस्यपालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गीपालन, मवेशियों, रीयरिंग, डेयरी, मछली पकड़ना, कृषि क्लीनिक, कृषि कारोबार केंद्र, खाद्य व कृषि प्रसंस्करण इत्यादि को 10 लाख तक की लिमिट के ऋण स्वीकृत किए

- भारत सरकार द्वारा एमएसएमई में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए घोषित की गई ब्याज़ अनुदान योजना का कार्यान्वयन किया गया है।

- आंतरिक एवं बाह्य कारणों से ब्याज़/किश्त देने में एमएसएमई उधारकर्ताओं को होने वाले परेशानियों को कम करने के लिए एमएसएमई हेतु उदार संरचना नीति का कार्यान्वयन किया गया है।भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 01.01.2019 और 17.02.2020 की अधिसूचना के अनुसार, रु. 2065 करोड़ की राशि की 54167 एमएसएमई खातों को पुनर्रचित किया गया है।

- 01.10.2019 के प्रभाव से, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए दिया गया ऋण रेपो दर से लिंक्ड हैं। 31.03.2020 तक, रु.1854 करोड़ राशि के लिए 12233 खातों को रेपो लिंक्ड ब्याज दर के साथ स्वीकृत किया गया था।

वर्ष 2019 के लिए एसोचेम द्वारा आयोजित 7 वें एमएसएमई राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार और शिखर सम्मेलन – 2019 में बैंक को "माइक्रो लेंडिंग में गोल्ड ट्रॉफी" से सम्मानित किया गया है। माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री नितिन गडकरी से ट्रॉफी प्राप्त करते हुए श्री एम कार्तिकेयन, एफ़जीएम, दिल्ली

सुश्री पद्मजा चुंडूरू, एमडी और सीईओ की उपस्थिति में श्री नितिन गडकरी,माननीय केंद्रीय मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं एमएसएमई द्वारा "आईबी – शुद्ध जलधारा" एमएसएमई उत्पाद का शुभारंभ

12. कॉर्पोरेट ऋण

बैंक का कॉर्पोरेट ऋण 779458 करोड़ रुपए रहा जिसमें 39 प्रतिशत भाग बैंक के समग्र ऋणों का था। वर्ष के दौरान, बैंक के साथ कई नए ग्राहक जैसे एफकोन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, छत्तीसगढ़ सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन, एम्बेस्सी इंडस्ट्रियल पार्क्स, केरेला फाइनेंशियल कार्पोरेशन, शोभा लिमिटेड, शपोरजी पल्लाञ्जी फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड एवं उफलेक्स लिमिटेड जुड़े।

मेसर्स लक्ष्मी मशीन वर्क्स लिमिटेड, कोयम्बत्तूर : बैंक, भारत के अग्रणी टेक्सटाइल मशीनरी विनिर्माता का अभिमानी साझेदार है तथा कोयम्बत्तूर दक्षिण भारत के मानचेस्टर में विश्व भर के तीन संपूर्ण स्पिन्निंग मशीनरी के विनिर्माताओं में एक प्रमुख विनिर्माता है।

13. खुदरा आस्तियां

खुदरा आस्तियों के तहत उत्पादों का समन्वय :

- खुदरा ऋण उत्पादों को अधिक प्रतिस्पर्धी, बाजार के अनुकूल बनाने के लिए, आस्ति की गुणवत्ता से समझौता किए बिना बदलते बाजार की गतिशीलता के अनुरूप करने के लिए, बैंक ने इंडियन बैंक और पूर्ववर्ती–इलाहाबाद दोनों के खुदरा ऋण उत्पादों के तहत शामिल मूल्य निर्धारण पैटर्न और विभिन्न शुल्कों का विश्लेषण किया है और 01.04.2020 के प्रभाव से समामेलित संस्था के लिए खुदरा उत्पादों के तहत सामान्य मूल्य और शुल्क की निर्धारण की हैं।

मौजूदा ग्राहक और नए ग्राहक के लिए कोविड वेतन ऋण और कोविड पेंशन ऋण की शुरूआत :

- कोविड–19 महामारी ने देश में आर्थिक अनिश्चितता को जन्म दिया है। इसका प्रकोप भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। इसलिए ग्राहकों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए, बैंक ने खुदरा आस्ति सेगमेंट के तहत दो नए उत्पादों का प्रस्ताव किया है :

  ❖ आईबी कोविड –19 आपातकालीन वेतन ऋण (आईबीसीईएसएल)

  ❖ आईबी कोविड –19 आपातकालीन पेंशन ऋण (आईबीसीईपीएल)

ऋण ओरजिनेटिंग सिस्टम – एलओएस

- एक समान मूल्यांकन करने के लिए, हमारे टीएटी को बेहतर बनाने के लिए और हमारे बैंक द्वारा जारी किए गए मौजूदा दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए मेसर्स साईसार्कइन्फोमेटिक्स लिमिटेड के सहयोग से एंड–टु– एंड ऑटोमेशन–लोन ओरिजिनेशन सिस्टम का विकास और परीक्षण किया जा रहा है।

कारोबार इनेबलर्स

- खुदरा पोर्टफोलियो 31.03.2020 तक रु. 38143.90 करोड़ रहा।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, 319210 खातों में रु.18388.70 करोड़ की राशि मंजूर किया गया।
- 01.10.2019 के प्रभाव से, तरल प्रतिभूतियों और शिक्षा ऋण के विरुद्ध आभूषण/ ऋण को छोड़कर सभी खुदरा उत्पादों की ब्याज दर को विदेशी बेंचमार्क दर (रेपो रेट) से लिंक्ड किया गया है।
- 31.03.2020 तक रेपो रेट के तहत, 44573 नए खातों को रु.4358.95 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान पीएमएवाई के तहत 5684 खातों को रु.1074. 02 करोड़ की मंजूरी दी गई और 4163 खातों के लिए और रु. 88.54 करोड़ की सब्सिडी राशि प्राप्त हुई।

अवधि के दौरान चलाये गए अभियान और उसका प्रभाव : बैंक ने फेस्टिवल सीज़न ऑफर्स (एमसीएलआर दरों तक) से जुड़े "गृह ऋण कैम्पेन" का अवलोकन किया, जिसमें अंचलों को विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देने की सलाह दी गई जैसे:

- बिल्डरों से उनकी साइट / कार्यालय में मिलना।
- अधिक प्रोजेक्ट अनुमोदन प्रक्रिया को गति देना।
- मौजूदा / नई प्रोजेक्ट से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने पर ध्यान देना।
- प्रोजेक्ट साइट और शाखाओं में प्रचार करना।

डीएसए/ एचएलसी निष्पादन

- बैंक ने प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों (डीएसए) और होम लोन काउंसलर्स (एचएलसी) को लीड प्रदान करने के लिए नामित किया है । इन डीएसए / एचएलसी द्वारा उत्पन्न लीड के माध्यम से 01.04.2019 से 31.03.2020 तक रु. 1332.40 करोड़ के 5217 गृह ऋण स्वीकृत किए गए।

खुदरा सेक्टर के तहत निष्पादन

रु. करोड़ में

विवरण	31.03.2018 तक	31.03.2019 तक	31.03.2020 तक	मार्च –19 की तुलना में वृद्धि का प्रतिशत
गृह ऋण	14253.43	18192.81	22493.47	23.64%
जिनमें से गृह ऋण खुदरा	13971.42	17379.81	20212.05	
गृह ऋण समूहित आस्तियां	282.01	813.00	2281.42	
बंधक ऋण	2644.68	3158.01	3702.15	17.23%
वाहन ऋण	1466.32	1752.43	1807.78	3.16%
वेतन ऋण	1504.68	2047.91	2095.45	2.32%
पेंशन ऋण	470.11	523.45	575.93	10.03%
शैक्षिक ऋण	3722.13	3480.93	3503.91	0.66%
आभूषण ऋण (गैर प्राथमिकता)		665.95	1134.48	70.36%
जमा पर ऋण	2738.51	1951.90	2436.98	24.85%
एनएससी/अन्य		937.92	393.75	-58.02%
कुल	**26799.86**	**32711.31**	**38143.90**	**16.61%**

कुल खुदरा आस्तियों का 58.97 प्रतिशत गृह ऋण है। जिनमें से समूहित आस्तियों का योगदान 10.14 प्रतिशत है।

सॉवरेन गोल्ड बांड्स

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 10 साप्ताहिक ट्रांचों में रुपए 38-97 करोड़ की वसूली की गई, वह निम्नप्रकार है :

शृंखला	जारी करने की अवधि			राशि
1	जून	03–07	2019	5.60
2	जुलाई	08–12	2019	3.43
3	अगस्त	05–09	2019	5.58
4	सितंबर	09–13	2019	3.27
5	अक्टूबर	07–11	2019	2.14
6	अक्टूबर	22–25	2019	3.78
7	दिसंबर	02–06	2019	5.39
8	जनवरी	13–17	2020	2.70
9	फरवरी	03–07	2020	1.80
10	मार्च	02–06	2020	5.28
	कुल			**38.97**

सुकन्या समृद्धि : वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 3669 नये खाते खोले गए, अब उसकी कुल संख्या 12639 है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान संचित राशि रुपए 30-01 करोड़ थी तथा कुल संचित राशि रुपए 95-27 करोड़ थी।

लोक भविष्य निधि : वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान पीपीएफ के अधीन संचित राशि में रुपए 202-21 करोड की वृद्धि हुई तथा 43393 खातों से पीपीएफ खाते में शेष रुपए 1716-79 करोड़ रही।

बैंकएश्युरेंस एवं म्यूचुअल फंड व्यापार

बैंक ने युनाइटेड इंडिया इन्श्युरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (यूआईआईसी) एवं चोला एमएस जनरल इन्श्युरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ गैर–जीवन बीमा/सामान्य बीमा तथा मैक्स बुपा हेल्थ इन्श्युरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा एवं भारतीय जीवन बीमा निगम, आदित्य बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एबीएसएलआई), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ जीवन बीमा व्यापार के लिए कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता (सीएए) किया है। म्यूचुअल फण्ड वितरण के लिए बैंक द्वारा यूटीआई आस्ति प्रबन्धन कंपनी लिमिटेड, रिलायंस निप्पॉन आस्ति प्रबंधन कंपनी लिमिटेड, एसबीआई म्यूचुअल फण्ड प्राइवेट लिमिटेड, टाटा आस्ति प्रबन्धन लिमिटेड और डीएसपी म्युचुअल फण्ड प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाई–अप व्यवस्था की गई है।

निम्नलिखित कंपनियों के साथ समझौता होने पर बैंक अपने ग्राहकों के लिए वैकल्पिक आधार पर विभिन्न समूह बीमा उत्पाद प्रदान करता है:

- भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु को कवर करनेवाली **"आईबी जीवन कल्याण और जीवन वरिष्ठ"**
- यूआईआईसी के माध्यम से दुर्घटना से होनेवाली मृत्यु को कवर करनेवाली **"आईबी छत्र"**
- यूआईआईसी के माध्यम से हमारे खाता धारकों के लिए ग्रुप मेडीक्लेम इन्श्युरेंस देनेवाली **"आरोग्य रक्षा"**

- यूआईआईसी के माध्यम से हवाई जहाज के अलावा अन्य माध्यमों से अंतर्देशीय यात्रा के लिए ग्रूप यात्रा बीमा योजना को कवर करनेवाली **"आईबी यात्रा सुरक्षा"**

- भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से **"आईबी गृह जीवन"** तथा कोटक लाइफ के माध्यम से **"आईबी होम सुरक्षा"** द्वारा गृह ऋण उधारकर्ताओं को कवर करने हेतु

- भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से **"आईबी जीवन विद्या"** तथा पीएनबी मेटलाइफ के माध्यम से **"आईबी विद्यार्थी सुरक्षा"** द्वारा शैक्षिक ऋण छात्र उधारकर्ताओं को कवर किया जाता है।

14. **ऋण निगरानी कक्ष**

आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई पहल

आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखना लाभप्रदता की कुंजी है। बैंक ने आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निम्नलिखित निगरानी उपकरण लागू किए हैं। उन्हें मुख्य रूप मंजूरी की संवीक्षा, खातों की सावधिक समीक्षा, ईडब्ल्यूएस (अर्ली वार्निंग सिग्नल) सॉफ्टवेयर से दैनिक सिग्नल के माध्यम से निगरानी, मासिक सीआरएम (क्रेडिट रिलेशनशिप मैनेजर) रिपोर्ट, एसएमए का अनुवर्तन (विशेष उल्लेखित खाता) में वर्गीकृत किया जा सकता है।

मंजूरियों की जांच

- उच्च मूल्य वाले मंजूरियों की जांच की प्रणाली । किसी भी त्रुटि या चूक को ऋण के प्रारंभिक चरण में ठीक किया जा सकता है। इसी प्रकार अन्य ऋणों की मंजूरी की जाँच अंचल / क्षे.म.प्र. कार्यालयों में की जाती है और उन पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

- प्रारंभिक अवस्था में ही परिसंपत्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायता करता है।

नियमित अंतराल पर खातों की समीक्षा

- ऋण समीक्षा प्रणाली के जरिए समीक्षा की जाती है।

- वित्तीय अनुपात के अलावा, खाते के संचालन, उद्योग स्तर पर बराबरी की तुलना, प्रबंधन में बदलाव, रेटिंग का संचार, शेयर की कीमत में उतार–चढ़ाव, बाजार की जानकारी आदि जैसे मापदंडों की भी समीक्षा की जाती है।

- ऐसे ऋण जो ऋण के दोषों को विकसित करते हैं, उनकी पहचान करने के लिए और आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुझाए जाते हैं।

ईडब्ल्यूएस सॉफ्टवेयर से प्राप्त दैनिक संकेतों के माध्यम से निगरानी

- एक मजबूत दैनिक निगरानी तंत्र

- उत्पन्न सभी अलर्ट का विश्लेषण बिना किसी विलंब के किया जाता है।

- सुधार / पुनर्प्राप्ति / बाहर निकलने के विकल्पों के तत्काल उपाय सुझाए गए हैं ।

- जो गंभीर प्रकृति के अलर्ट हैं उनका विश्लेषण रेड फ्लैगिंग और धोखाधड़ी परीक्षा के लिए किया जाता है।

सीआरएम रेपोर्टें

- सीआरएम रिपोर्ट ईडब्ल्यूएस अलर्ट के लिए संकेतों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

- तनाव का जल्द पता लगाने में मदद करता है।

- मासिक सीआरएम रिपोर्ट का उपयोग मंजूरी की शर्तों के अनुपालन, वित्तीय मापदंडों का अध्ययन करने और परिसंपत्ति की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए एक प्रभावी निगरानी उपकरण के रूप में किया जाता है।

एसएमए खातों का फॉलो–अप

नए एनपीए की गिरावट को कम करने के लिए निम्नलिखित निगरानी उपायों को लागू किया गया है।

- शाखाओं द्वारा निगरानी का निर्धारण (पहले 10 दिन, अगले 10 दिन, महीने के अंतिम 10 दिन)

- शाखा स्तर पर एसएमए 0 खातों के फॉलो–अप के लिए नोडल अधिकारी ।

- कॉ.का./ क्षे.म.प्र. का. / अं.का में फॉलो–अप के लिए अभिभावक अधिकारी ।

- सीआईएफ आधारित खातों और समूह खातों का फॉलो–अप करें ।

- क्षेत्र स्तर के अधिकारियों को तुरंत जानकारी प्राप्त करने के लिए डेटा एनबलर प्रदान करना ।

- एसएमए की वसूली के लिए प्रभावी ढंग से बीसी/एसएचजी/एनजीओ/ स्थानीय नेताओं/सरकारी अधिकारियों आदि की सेवाओं का उपयोग करना ।

- क्लस्टर स्तर पर एसएमए खातों के लिए विशेष वसूली शिविर आयोजित करना।

- संभावित एनपीए गिरावट के प्रतिशत की समय–समय पर समीक्षा (2% से कम वार्षिक कटौती करने के लिए) ।

- उधारकर्ताओं के एबीसी विश्लेषण और विशिष्ट रणनीतियों को लागू करने से तिमाही / वर्ष के अंत से पहले ताजा एनपीए को अपग्रेड करने पर ध्यान दें ।

15. **आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन**

- बैंक ने जून 2011 से एनपीए (गैर निष्पादक आस्ति) की सिस्टम द्वारा पहचान प्रणाली के सफलतापूर्वक अनुवर्तन के साथ आस्ति गुणवत्ता पर निरंतर ध्यान केन्द्रित करते हुए प्रभावी तरीके से कई विवेकी ऋण निगरानी टूलों का इस्तेमाल किया है। फरवरी 2016 से गैर निष्पादक आस्तियों की मासिक फ्लेगिंग की शुरुआत की गई थी।

- नए एनपीए खातों की वसूली / उन्नयन के लिए समय पर कार्रवाई की जाती है और विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) का पता लगाकर उन्हें मॉनिटर करने के जरिए दबावग्रस्त खातों का नियमित अनुवर्तन किया जाता है ताकि गिरावट को न्यूनतम स्तर पर बनाए रखा जा सके।

- बैंक ने नए एनपीए की वसूली और नए एनपीए को कम करने में वर्ष 2019–20 के दौरान अच्छा निष्पादन दर्ज किया है। विभिन्न वसूली व्यवस्थाओं जैसे लोक अदालत, एकबारगी निपटान (ओटीएस) के जरिए बातचीत द्वारा समझौते तथा डीआरटी / सरफेसी अधिनियम आदि के जरिए वसूली के उपायों से नए एनपीए में घटौती संभव हुई है। अंचल / शाखाएँ स्वैछिक चूककर्ता / असहयोगी उधारकर्ता की पहचान कर उनपर व्यक्तिगत गारंटी लागू करना, समापन याचिका दायर करना, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से पहले दिवालिएपन और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत याचिका दाखिल करने, बंधक शेयरों के हस्तांतरण आदि समस्त वसूली मापदण्डों का सक्रियता से कार्यान्वयन कर रही हैं।

- सरफासी अधिनियम के तहत, वर्ष के दौरान, रु. 2307-45 करोड़ की आरक्षित मूल्य पर 1613 संपत्तियों को विक्रय के लिए लाया गया तथा 191 संपत्तियों को रु. 105-44 करोड़ के विक्रय मूल्य पर बेचा गया । निजी संधि प्रणाली के माध्यम से 15 संपत्तियों को रु. 23-20 करोड़ के विक्रय मूल्य पर बेचा गया ।

- बैंक ने नालसा द्वारा आयोजित सभी राष्ट्रीय लोक अदालतों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा मंडल स्तर पर विभिन्न लोक अदालतों का आयोजन किया गया। रु. 1130-04 करोड़ की राशि के कुल 37225 प्री लिटिगेशन खातों को लोक अदालत में पेश किया गया था । रु. 35.34 करोड़ के 2936 खातों का निपटान किया गया। रु. 6.30 करोड़ की स्पॉट वसूली की गई।

- 31.03.2020 को समाप्त वर्ष के दौरान घर–घर जाकर अभियान को शामिल करते हुए आवधिक रूप से शाखाओं द्वारा पूरे भारत में क्लस्टर आधार पर व्यापक वसूली शिविर आयोजित किए गएए रु. 395.67 करोड़ की नकद वसूली की गई।

- बट्टे खातों एवं अशोध्य ऋणों (तकनीकी रूप से लिखा हुआ) के संबंध में, वर्ष के दौरान रु. 227.33 करोड़ की वसूली की गई।

- बदलते आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप, बैंक की वसूली पॉलिसी को बेहतर बनाया गया है तथा वसूली निष्पादन में सुधार हेतु फ्रंटलाइन अधिकारियों को संवेदीकृत किया गया है। संपूर्ण ट्रैकिंग का पता लगाने तथा ओटीएस प्रक्रिया को सरलीकृत बनाने की दृष्टि से, रु.1 करोड़ तक के प्रस्तावों को निपटाने के लिए आनलाइन ओटीएस साफ्टवेयर ऐप्लीकेशन का प्रवर्तन किया गया। इसके अलावा, वसूली विभाग से अंचलों को दौरा करते समय अधिकारियों द्वारा वसूली में बढ़ोत्तरी लाने की दृष्टि से प्रावधान पर घटौती लाने के लिए जोर दिया जाता है तथा नये एनपीए / संदिग्ध खातों में उन्नयन लाने के लिए जोर दिया जाता है।

16. जोखिम प्रबंधन :

बैंक का जोखिम प्रबंधन तंत्र विभिन्न जोखिमों की स्पष्ट समझ, अनुशासित जोखिम मूल्यांकन एवं मापन प्रक्रियाओं तथा सतत जाँच पर आधारित है। संपूर्ण उद्यम में प्रभावोत्पादक जोखिम प्रबंधन के लिए एक स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन विभाग कार्यरत है एवं यह पूरे बैंक के, मूल्यांकन, मॉनिटरिंग तथा जोखिम निवेश की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है। निम्नलिखित तीन शीर्ष स्तरीय समितियों के जरिए बैंक की सभी जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है :

- **आस्ति एवं देयता प्रबंधन समिति (अल्को)**
- **जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)**
- **परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी)**

यह समितियां बोर्ड और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित नीतियों और समग्र दिशानिर्देशों के अंतर्गत काम करती हैं।

जोखिमों के प्रबन्धन के लिए बैंक ने विभिन्न नीतियाँ निर्धारित की हैं। उद्यम–स्तर जोखिम का विश्लेषण करने तथा सभी जोखिमों को एकीकृत करने की दृष्टि से, एक एकीकृत जोखिम प्रबन्धन नीति बनायी गयी है। एक एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति (प्रकटीकरण नीति, प्रतिष्ठा जोखिम प्रबंधन नीति और रणनीतिक जोखिम प्रबंधन नीति सहित) भी बनायी गयी है। महत्वपूर्ण जोखिम नीतियों में ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, चलनिधि प्रबंधन नीति, ऋण नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति (तनाव परीक्षण नीति सहित), संपार्श्विक प्रबन्धन नीति शामिल हैं।

जोखिम प्रबन्धन समिति (आरएमसी) / बोर्ड द्वारा सभी नीतियां वार्षिक आधार पर पुनरीक्षित की जाती हैं। जोखिम प्रबंधन संकल्पनाओं की जानकारी देने और क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ताओं को इनके प्रति जागरुक बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित नीतियां शाखाओं के बीच परिचालित की गई हैं तथा इसके अलावा बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालन जोखिम प्रोफाइलों को संकलित करके तथा प्रत्येक जोखिम के लिए निर्धारित पैरामीटर की दिशा और मात्रा में भिन्नता का आकलन करके त्रैमासिक आधार पर नियमित रूप से जोखिम का प्रबंधन किया जाता है।

ऋण जोखिम :

जोखिम प्रबंधन प्रणाली प्रारंभिक चरण में जोखिमों की पहचान करने और उनका विश्लेषण करने के लिए होती है और ऋण जोखिम प्रबंधन ढांचे के माध्यम से बदलते जोखिम वाले वातावरण का सामना करने के लिए अन्य सुधारात्मक उपाय करने के अलावा विवेकपूर्ण सीमाओं का निर्धारण एवं निगरानी करके उन्हें प्रबंधित करती है, जिससे ऋण जोखिम को एक ही समय पर ट्रैक, प्रबंधित और कुशल तरीके से देखरेख किया जा सकता है ।

आस्ति देयता प्रबंधन :

आस्ति देयता प्रबंधन बैंक को जोखिम एक्सपोजर, जोकि चलनिधि जोखिम और ब्याज दर जोखिम से बैंक के तुलन पत्र पर उभर सकते हैं, को मापने व जाँचने हेतु सहायता करता है। यह बैंक को आस्ति देयता प्रबंधन हेतु उपयुक्त रणनीतियां उपलब्ध कराने में मदद करता है।

बाजार जोखिम प्रबंधन :

बाजार में होने वाले विविध परिवर्तनों के परिणामस्वरूप संभावित नुकसान, बाजार जोखिम है। अंतर्राष्ट्रीय निपटान हेतु बैंक (बीआईएस) ने बाज़ार जोखिम की परिभाषा इस रूप में दी है कि बाजार जोखिम 'ऑन' अथवा 'ऑफ' तुलन पत्र की स्थिति का मूल्य इक्विटी एवं बाजार के ब्याज दर, मुद्रा विनिमय दर तथा कमोडिटी की कीमतों में उतार–चढ़ाव से प्रतिकूल रूप में प्रभावित होगी। इस प्रकार, बाजार जोखिम ब्याज दरों या प्रतिभूतियों, विदेशी मुद्रा और शेयर की कीमतों के बाजार के स्तर में परिवर्तन, साथ ही उन परिवर्तनों की अस्थिरता के कारण बैंक की आय और पूंजी के लिए खतरा है। बाजार जोखिम प्रबंधन का लक्ष्य है, बाजार जोखिम एक्सपोजर से संबंधित वैश्लेषिकी संचालित आदानों, पोर्टफोलियो निष्पादन की तुलना में जोखिम एक्सपोजर और तुलनात्मक मापदण्डों को उपलब्ध कराकर जोखिम समायोजित प्रतिलाभ दर को अधिकतम बढ़ाने में व्यापार इकाइयों की सहायता करना।

परिचालन जोखिम :

वर्तमान में परिचालन जोखिम उद्योग प्रतिभागियों, विनियामकों एवं अन्य स्टेकधारकों के बीच गहन रुचि का विषय बन गया है। प्रभावी संचालन, जोखिम पर पकड़ और परिचालन जोखिम के एक्सपोजर के मूल्यांकन व मात्रा निर्धारण को सुनिश्चित करने हेतु बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) व परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ओआरएमएस) विद्यमान है। दैनिक प्रबंधन प्रक्रियाओं में गुणात्मक व मात्रात्मक उपायों के प्रयोग व आंतरिक नियंत्रण प्रणाली स्थापन के द्वारा तथा विविध जोखिम न्यूनीकरण रणनीति को अंगीकार कर परिचालन जोखिम का सुप्रबंधन किया जाता है। विविध उत्पादों/प्रक्रियाओं में जोखिम बोध का आलोचनात्मक विश्लेषण एवं सुधारात्मक कदम, यदि आवश्यक हों तो, उठाए जाते हैं।

परिचालन जोखिम की भी क्रेडिट स्पर्ट के विश्लेषण और परिचालन हानि की आवृत्ति और गंभीरता के विश्लेषण के माध्यम से निगरानी की जाती है।

बैंक ने जोखिम नियंत्रण और स्व मूल्यांकन (आरसीएस) तथा मुख्य जोखिम सूचकांक (के आर आई) के लिए वांछित फ्रेमवर्क तैयार किया है। जोखिम एवं नियंत्रण स्वमूल्यांकन को मुख्य परिचालनात्मक जोखिमों का पता लगाने और आंतरिक नियंत्रण की प्रभावात्मकता की तीव्रता का मूल्यांकन करने हेतु प्रयोग किया जाता है। बैंक आरसीएसए तथा के आरआई को सुदृढ़ करने के लिए परिचालनात्मक जोखिम के प्रबन्धन हेतु कवरेज क्षेत्र की समीक्षा और सुधार के जरिए कदम उठा रहा है।

बेसल III पूंजी विनियमन :

बैंक का सामान्य ईक्विटी टियर 1 पूँजी स्तर काफी अच्छा है और बैंक आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की पूँजी बढाने की पर्याप्त क्षमता भी रखता है। बैंक ने 01 अप्रैल, 2013 से प्रस्तावित बेसल III पूँजी विनियमन को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों को अपनाया है। सम्पूर्ण बेसल III की ओर निर्बाध पारगमन सुनिश्चित करने हेतु सितंबर 30, 2020 तक पूर्ण कार्यान्वयन के लिए उचित पारगमन प्रबंध की तैयारी कर ली गई है।

बेसल III पूंजी नियमों को पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के घटकों पर प्रकटीकरणों के वर्धित सेट की आवश्यकता भी है जिन्हें त्रैमासिक आधार पर बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। बैंक लीवरेज अनुपात एवं चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) भी दर्शा रहा है।

मानव संसाधन प्रबंधन (मा.सं.प्र.)

श्रमशक्ति की स्थिति

31.03.2020 को बैंक की श्रमशक्ति स्थिति निम्नानुसार है :

संवर्ग	कुल	अन्य पिछड़ा वर्ग	अजा	अज जा	पुरुष	महिला
अधिकारी	10407	3090	2184	822	7290	3117
लिपिक	7196	2455	1436	287	4067	3129
सब स्टाफ	977	274	345	54	809	168
पूर्णकालिक सफ़ाई कर्मचारी	21	3	17	0	11	10
कुल*	**18601**	**5822**	**3982**	**1163**	**12177**	**6424**

(* अंशकालिक सफ़ाई कर्मचारी को छोड़कर घरेलू)

भर्ती अभियान

वर्ष के दौरान, बैंक में भर्ती इस प्रकार है :

वेतनमान	संख्या
अधिकारी विशेषज्ञ वेतनमान 4	2
अधिकारी विशेषज्ञ वेतनमान 3	14
अधिकारी विशेषज्ञ वेतनमान 2	24
अधिकारी विशेषज्ञ वेतनमान 1	4
लिपिक	256
अधीनस्थ कर्मचारी	10

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडे वर्गों / शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपाय :

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), अन्य पिछडे वर्गों (ओबीसी) और शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों को आरक्षण प्रदान किए जाते हैं। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति (अजा)/अनुसूचित जनजाति (अजजा)/शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्ल्यूडी) को पदोन्नतियों में आरक्षण दिए जाते हैं।

कॉका/मासंप्र में अ.जा/अ ज.जा कल्याण कक्ष/ आरक्षण कक्ष, अ.जा/अ.जजा कर्मचारियों से प्राप्त शिकायतों/अभ्यावेदनों (अगर कुछ हों तो) उसके तुरन्त निपटान को सुनिश्चित करता है। अ.जा/अ.ज.जा वर्ग के कर्मचारियों के हितों की देखभाल हेतु एक महाप्रबन्धक, मुख्य समन्वय अधिकारी (सीएलओ) के रूप में तथा दूसरे महाप्रबन्धक अ.पि.व कर्मचारियों के हितार्थ सीएलओ के रूप में कार्यरत हैं।

कौशल का उन्नयन

बैंक के प्रशिक्षण मूलभूत संरचना में, विकास एवं उत्कर्ष हेतु इंडियन बैंक प्रबन्धन अकादमी (इमेज) का नवोन्मेषी प्रशिक्षण महाविद्यालय शामिल है तथा देश भर में स्थित नौ स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्र स्टाफ और अधिकारियों को अपने कौशल का उन्नयन करने में सहायक सिद्ध हैं।

वर्ष के दौरान, आंतरिक प्रशिक्षण प्रणाली के जरिए 10987 अधिकारियों, 5678 लिपिकों एवं 294 सब–स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा, 382 अधिकारीगण और कार्यपालकों ने भी बाह्य संस्थानों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

औद्योगिक संबंध:

बैंक का उच्च प्रबन्धन, कर्मचारी संघ, अधिकारी संघ के नेताओं के साथ विचारविमर्श करता है तथा उनकी प्रतिक्रिया, व्यापार में वांछित वृद्धि और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखने में सकारात्मक रहा है।

कर्मचारियों के लाभार्थ निम्नांकित नीतियों (पॉलिसियों) / योजनाओं की समीक्षा / सूत्रबद्ध की गई।

- समामेलित इकाई के लिए मानव संसाधन नीतियों के भाग के रूप में 7 नीतियों को मंजूरी ।
- समामेलित इकाई के लिए 6 स्टाफ ऋण नीतियों को मंजूरी।
- समामेलित इकाई के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए नीति को मंजूरी।
- समामेलित इकाई के लिए 19 कर्मचारी लाभ योजनाओं को मंजूरी।
- सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप संशोधन पदोन्नति नीति
- समामेलित इकाई के लिए समूह जीवन बीमा योजना की शुरुआत ।

एसएपी (सैप)

एसएपी (सैप) एच आर सॉफ्टवेयर का प्रयोग एचआर संबंधी गतिविधियों हेतु किया जा रहा है। अब सभी एचआर संबंधी गतिविधियों को केन्द्रीकृत करने पर ध्यान केन्द्रित है। केंद्रीकृत बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू है। संपूर्ण श्रमशक्ति में तकनीकी प्रगति को बढ़ाने एवं मानव संसाधन से संबंधित मुद्दों को कागज–रहित प्रसंस्करण को प्राप्त करने के उद्देश्य से, इंट्रानेट के माध्यम से मानव संसाधन प्रबंधन के लिए एक समेकित वेब साइट होस्ट की गई है। कार्यरत तथा सेवानिवृत्त स्टाफ से संबंधित एचआर मामलों के शीघ्र निपटान हेतु कई उपाय किए गए हैं।

स्टाफ कल्याण उपाय

बैंक की केन्द्रीय कल्याण समिति कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कल्याण योजनाओं की समीक्षा निरंतर करती रहती है और उसकी सिफारिशों के आधार पर उनमें सुधार किए जाते हैं। वर्तमान में, बैंक स्टाफ कल्याण बजट के लिए 20 करोड रुपये अंशदान प्रदान कर रहा है।

18- ग्राहक सेवा

ग्राहक सेवा किसी भी सेवा उद्योग का आधार है, खासकर बैंकिंग क्षेत्र में । छोटे भुगतान बैंकों और विभिन्न स्थानीय क्षेत्र के बैंकों के प्रवेश के कारण बैंकिंग उद्योग में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक बढ़ गई है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर अपने बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने एवं बाजार हिस्सेदारी में सुधार के लिए काफी दबाव है। केवल ग्राहक सेवा के स्तर में सुधार करके और प्रौद्योगिकी उत्पादों का नवोन्मेष करके ही बैंक इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और व्यावसाय को बनाए रख सकते हैं।

शिकायत निवारण का माध्यम

- समस्त शाखाओं में शिकायत रजिस्टर रखा जाता है।
- सभी शाखाओं के बैंकिंग हॉल में शिकायत सह सुझाव बॉक्स रखा गया है।
- टोल फ्री नंबर 180042500000 के साथ 24X7 एकीकृत कॉल सेंटर उपलब्ध किया गया है।
- ग्राहक अपनी शिकायत नीचे दिये गए किसी भी ई–मेल के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं – nodalofficer@indianbank.co.in; customercomplaints@indianbank.co.in;
- समस्त माध्यमों से शाखाओं/अंचलों/कॉर्पोरेट कार्यालय को प्राप्त सभी शिकायतों का समाधान यदि 24 घंटे के भीतर नहीं किया जाता तो यह मानक सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) में पंजीकृत हो जाता है, यह कई अद्वितीय सुविधाओं के साथ विकसित एक इन–हाउस सॉफ्टवेयर है।

आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति

- भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार, 17.02.2016 से आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने एवं ग्राहक के विश्वास को सशक्त करने के क्रम में यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके शिकायतों का निपटान किया जा रहा है, एक आंतरिक लोकपाल को नियुक्त किया गया है ।
- सभी शिकायत जहाँ समाधान नगण्य है या आंशिक है, उसे योजना के अनुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु बैंक के आंतरिक लोकपाल तक आंतरिक रूप से पेश किया जाएगा ।

ग्राहक सेवा में सुधार हेतु की गई पहलें

- पासबुक कियोस्क / बीएनए के अलावा शाखाओं में लेन–देन के समय / फुट फॉल को कम करने के लिए विभिन्न केंद्रों पर ई लाउंज खोला गया जहां लेनदेन की मात्रा बहुत अधिक है।
- जहां पेंशनरों की संख्या अधिक है, उन शाखाओं को वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष काउंटर खोलने की सलाह दी गई है।
- शाखाओं में आए बिना लेनदेन करने के लिए कई नए प्रौद्योगिकी उत्पादों की शुरुआत की गयी और ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए चयनित केंद्रों पर प्रौद्योगिकी जागरूकता अभियान चलाये गए।
- ग्राहकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान हेतु सभी शाखाओं में व्यापक नोटिस बोर्ड प्रदर्शित किया जाता है।
- ग्राहकों से प्राप्त सभी प्रकार के शिकायतों को दूर करने के लिए हर महीने स्टाफ बैठकें एवं संयुक्त ग्राहक सेवा समिति की बैठकें आयोजित की जाती हैं।
- सभी शिकायतों को शाखाओं/अंचल /परियोजना कार्यालय, को उसके निवारण हेतु भेजा जाता है। लगभग एक तिहाई शिकायतों का निवारण 24

घंटों (ओपन एंड क्लोज श्रेणी) के भीतर कर लिया जाता है और अन्य शिकायतों को एसपीजीआरएस के अनुसार 21 दिनों की अधिकतम टीएटी के मुकाबले लगभग 5 दिनों के औसत टर्न–अराउंड टाइम (टीएटी) के भीतर ही हल कर दिया जाता है।

- ग्राहक सेवा में सुधार और ग्राहकों की शिकायतों के निपटान के लिए हमारे प्रशिक्षण केंद्रों में सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों / कार्यशालाओं में एक समर्पित विशेष सत्र संचालित ।

- शाखाओं का गुप्त दौरा, आरबीआई, बीसीएसबीआई आदि जैसे नियामक निकायों द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीक, का उपयोग ग्राहक सेवा के स्तर, विभिन्न अनिवार्य सूचनाओं का प्रदर्शन, कर्मचारियों का रवैया, ग्राहक मित्रता, समय मानदंड और समग्र ग्राहक संतुष्टि इत्यादि का पालन करने के लिए किया जाता है।

ग्राहक दिवस :

- ग्राहकों के साथ बातचीत करने एवं ग्राहकों की अपेक्षाओं/प्रतिक्रियाओं को अद्यतन करने के लिए दिनांक 21.08.2019 को विश्व भर में स्थित सभी शाखाओं में ग्राहक दिवस मनाया गया। ग्राहकों से प्राप्त प्रतिक्रियाएँ/सुझावों को इसकी व्यवहार्यता और मानदंडों आधार पर कार्यान्वित करने हेतु शाखाओं/अंचलों/उपयोगकर्ता विभागों को साझा किया गया ।

अहमदाबाद मेन शाखा में ग्राहक दिवस

विशाखापत्तनम अंचल में ग्राहक दिवस समारोह

विनियामक बैठकें/नोट्स

- ग्राहक सेवा से संबन्धित विनियामक/अनिवार्य बैठकों का समय–सारणी के अनुसार आयोजन किया गया।

- कैलेंडर समीक्षा के अनुसार बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति की समीक्षाओं को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विनियामक प्राधिकारियों की टिप्पणियाँ

- कुछ दिशानिर्देश जारी करने के अलावा बैंकिंग लोकपाल द्वारा कोई अधिनिर्णय पारित नहीं किया गया है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005

- सूचना अधिकार अधिनियम के तहत बैंक द्वारा प्राप्त आवेदनों/प्रथम अपीलों/द्वितीय अपीलों पर ग्राहक सेवा कक्ष में एक स्वतंत्र डेस्क कार्य करता है। सूचना अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन पर संसदीय समिति द्वारा दी गई सलाह के अनुसार बैंक ने शुरू से ही एकल खिडकी दृष्टिकोण अपनाया है। आरटीआई आवेदन दायर करने के लिए ऑन–लाइन सुविधा भी उपलब्ध है (सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों में इस सुविधा का प्रवर्तन करनेवाला प्रथम बैंक इंडियन बैंक रहा।)

- सभी आवेदन निर्धारित समयावधि के भीतर निपटाए जाते हैं ।

- वर्ष 2019–20 में बैंक के खिलाफ कोई अधिनिर्णय पारित नहीं किया गया ।

विदेशी मुद्रा कारोबार :

- वर्ष के दौरान बैंक ने रु. 30155.80 करोड़ के विदेशी मुद्रा व्यापार का संचालन किया है। इसमें निर्यात और अन्य आंतरिक विप्रेषण रु.11103.74 करोड़ के थे तथा आयात और अन्य बाहरी विप्रेषण रु.19052-06 करोड़ के थे।

- वर्ष के दौरान बैंक का कुल अंतर बैंक फोरेक्स बाजार टर्नओवर रु. 505604.15 करोड़ रहा।

- बैंक की 81 शाखाओं को विदेशी मुद्रा कारोबार का संचालन करने के लिए प्राधिकृत हैं। बैंक को दुनिया भर में संपर्की व्यवस्थाएँ उपलब्ध है।

- एफसीएनआर/एनआरई जमाएँ : अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जमाओं में पिछले वित्त वर्ष में रु. 9646.33 करोड़ की तुलना में वर्ष 2019–20 के लिए रु. 10229.54 करोड़ तक की वृद्धि के साथ 6.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

विप्रेषण

- सिंगापुर से बैंक की उद्यम विप्रेषण योजना के तहत सिंगापुर में निधि की प्राप्ति के बाद मिनटों में विदेशी प्रेषणों के बराबर रुपए भारत में ग्राहक के खातों में क्रेडिट किए जाते हैं और क्रेडिट की सूचना देते हुए सिंगापुर में प्रेषणकर्ता को एक एसएमएस संदेश अग्रेषित किया जाता है। यह सुविधा सप्ताह के सभी दिन उपलब्ध है।

- स्विफ्ट आधारित सामान्य धन अंतरण के अलावा बैंक द्वारा एनआरआई को दी जानेवाली अन्य प्रेषण सुविधाओं में ''एक्स्प्रेस मनी'', ''मनीग्राम'', ''वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रान्सफर'', ''रिया मनी ट्रान्सफर'' सुविधाएं हैं।

- एक्सचेंज गृह, यथा मेसर्स यूएई एक्सचेंज सेंटर एलएलसी – अबू धाबी, यूएई एक्सचेंज सेंटर डब्ल्युएलएल – कुवैत, अल जमन एक्सचेंज डब्ल्युएलएल – कतर, जीसीसी एक्सचेंज – दुबई, बेलहासा ग्लोबल एक्सचेंज – दुबई, अल दार फॉर एक्सचेंज – कतर के साथ इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण व्यवस्था प्रवर्तित की गई है। मेसर्स अल रजही बैंक, साउदी अरेबिया के साथ प्रेषण व्यवस्था पहले से ही प्रवर्तित की जा चुकी है।

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

- विदेश में बैंक की तीन शाखाएं सिंगापुर, कोलंबो एवं जाफना में स्थित है। दिसंबर, 2019 में, बैंक ने गुजरात के गांधी नगर में आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) में अपना परिचालन शुरू किया था। 31 मार्च 2020 तक विदेशी शाखाओं का कुल जमा और अग्रिम (आईबीयू सहित) क्रमशः रु. 7433.64 करोड़ एवं रु. 8448.95 करोड़ था ।

- वर्ष 1941 में स्थापित की गई सिंगापुर शाखा ने अद्यतन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए विविध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके पहचान बनाई है और अपनी साख बढाकर ग्राहक विश्वास प्राप्त किया है। शाखा अब अपना कारोबार दो लेखा इकाइयों – सिंगापुर डॉलर कारोबार के लिए डोमेस्टिक बैंकिंग यूनिट (डीबीयू) और सिंगापुर डॉलर के अलावा अन्य मुद्राओं में कारोबार हेतु ऐशियन करेन्सी यूनिट (एसीयू) में कर रही है ।

- कोलंबो शाखा, जो वर्ष 1932 में स्थापित की गई, व्यापार वित्त प्रदान करने में सक्रिय रूप से भागीदार है। विदेशी मुद्रा बैंकिंग इकाई (एफसीबीयू) कोलंबो, ऑफशोर बैंकिंग परिचालन में लगी है।

- जाफना शाखा, जिसे वर्ष 2011 में पुनर्स्थापित किया गया, जाफना क्षेत्र के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, गुजरात में स्थित आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) ने दिसंबर 2019 में अपना परिचालन शुरू किया।

प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल पहलें :

डिजिटल वितरण चैनलों को मजबूत करने और ग्राहकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए बैंक ने कई उत्पादों की शुरुआत की है। इसने बैंक को डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेनदेन में सुधार करने में सक्षम बनाया है, जिसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल लेनदेन 45 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त किया है।

ग्राहक केन्द्रित डिजिटल उत्पाद

1. अतिरिक्त सुरक्षा और कार्ड स्किमिंग को कम करने के लिए बैंक के 100 प्रतिशत एटीएम को ईएमवी कार्ड स्वीकार करने के लिए सक्रिय किया गया।
2. **एनसीएमसी कार्ड (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड)**: बैंक द्वारा भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संपर्क रहित स्मार्ट कार्ड तकनीकी और दोहरे इंटरफ़ेस कार्ड के तहत एक राष्ट्र एक कार्ड की पेशकश की गई है, इन्हें सभी एटीएम, पीओएस और ई–कॉम लेनदेन और मेट्रो स्टेशनों, पार्किंग, टोल, खुदरा आदि जैसे ऑफ़लाइन वॉलेट के लिए सभी टैप और गो भुगतान हेतु सामान्य डेबिट कार्ड के रूप में उपयोग किया जा सकता है।
3. **रुपे सेलेक्ट कार्ड**: कार्ड धारकों के लिए संबंधित सेवाओं पर ऑफ़र और छूट की इनबिल्ट सुविधा के साथ प्रीमियम डेबिट कार्ड।
4. **रुपे वीमेन डेबिट कार्ड** – आईबी सुरभि खातों के लिए रुपे प्लैटिनम डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं।
5. **एनसीएमसी रुपे कॉन्टैक्टलेस कार्ड** – कॉन्टेक्टलेस इंटरफेस सहित टैप एवं बिना पिन के 2000 रुपये तक की भुगतान सुविधा वाला रुपे प्लैटिनम डेबिट कार्ड ।
6. **आईबी डिजि डेबिट कार्ड** – आईबी – डिजि खातों के लिए जारी रुपे क्लासिक डेबिट कार्ड ऑनलाइन के माध्यम से खोले गए।
7. **मास्टर कार्ड शॉप, कैश बैक प्रोग्राम** – मास्टर कार्ड डेबिट कार्ड पर किए गए लेन–देन पर कैश बैक कमाने की सुविधा
8. **इंटरनेट बैंकिंग :**
   - **नेट ईजः** एकल नेट बैंकिंग पोर्टल के तहत ग्राहक परिचालन में आसानी।
   - **ऑनलाइन नामांकन सुविधा :** ग्राहक अब बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करके अपनी जमा राशि के लिए नामांकन कर सकते हैं।
   - **पीपीएफ खाता खोलना :** ग्राहक बिना शाखा में आए इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पीपीएफ खाता खोल सकता है।
   - **यूपीआई 2–0 :** ग्राहक ओवरड्राफ्ट अकाउंट को यूपीआई, अिधिदेश जारी और शेयरों के लिए आवेदन से लिंक कर सकते हैं।
   - **एनईएफटी 24x7** : एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर) के माध्यम से ऑनलाइन धन हस्तांतरण 24x7 होता है।
   - **इंड पे में लेन–देन की सीमा :** मोबाइल बैंकिंग (इंड पे) में फंड ट्रांसफर सीमा रु.50000 से बढ़ाकर रु. 200000 की गई है।
   - **एनपीएस योगदान :** ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एनपीएस में योगदान कर सकते हैं।
   - **ईमेल आईडी अपडेट :** ग्राहक के लिए इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन ईमेल आईडी को अपडेट / बदलने की सुविधा
9. **इंड पे मोबाइल एप्लिकेशन :**
   - **ईमेल के माध्यम से खाता विवरण :** ग्राहक इंडपे एप्लिकेशन में ईमेल के माध्यम से खाता विवरण प्राप्त करने के लिए सदस्यता ले सकते हैं।
   - मोबाइल एप में ग्राहकों के उपभोक्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए मराठी, गुजराती एवं मलयालम भाषाओं की पेशकश की गई है।
10. **इंड एडवांटेज**
    - प्रत्येक ग्राहक के लिए एक मूल्य वर्धित सेवा
    - डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से किए गए लेन–देन पर इंड एडवांटेज पॉइंट अर्जित करें।
    - आकर्षक ऑफर वाले उत्पादों और सेवाओं जैसे – एयरलाइन टिकट, मूवी टिकट, होटल बुकिंग, मोबाइल / डीटीएच रिचार्ज, मर्चेंडाइज़, पर आकर्षक ऑफ़र के लिए लाभ उठाया जा सकता है।

क्रेडिट कार्ड

- **पूर्व अनुमोदित क्रेडिट कार्ड:** प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड मानक होम लोन लेने वालों को 1 लाख रुपये की निर्धारित सीमा के साथ जारी किया जाता है। स्वीकृत होम लोन की सीमा के 10 प्रतिशत तक कार्ड की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है।

- **क्रेडिट कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन :** नए क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने के प्रावधान इंडियन बैंक के ग्राहकों के लिए बैंक की वेबसाइट में सक्रिय किया जाएगा। ग्राहक इंडियन बैंक खाता संख्या का उल्लेख करके क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे।

मर्चेन्ट अधिग्रहण :

- **भीम आधार पे :** डिजिटल मर्चेंट अधिग्रहण को बढ़ावा देने के लिए और ग्राहकों के बीच मर्चेंट पेमेंट मोड को लोकप्रिय बनाने के लिए भीम आधार पे के लिए बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट स्कैनर डिवाइस की आपूर्ति शून्य मूल्य पर की गई है।

- **आईबी कलेक्ट प्लस :** भुगतान गेटवे के माध्यम से अपनी राशि को प्राप्त करने के लिए सॉफ्टवेयर का उपयोग करने में ग्राहकों को सक्षम करने के लिए एक उत्पाद। यह बिना सॉफ़्टवेयर समर्थन के व्यापारियों को भुगतान प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है। इससे पहले आईबी कलेक्ट केवल व्यापारियों के लिए सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ प्रदान किया जाता है। इस सुविधा को विभिन्न सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों में दिया गया है जैसे:

  - ❖ चेन्नै महानगरीय विकास एजेंसी
  - ❖ आईआईटी मद्रास फीस संग्रह
  - ❖ अण्णा विश्वविद्यालय फीस संग्रह
  - ❖ राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, दिल्ली
  - ❖ नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी
  - ❖ वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनोलजी
  - ❖ एसआरएम विश्वविद्यालय
  - ❖ मद्रास विश्वविद्यालय

- **आईबी कलेक्ट प्लस :** भुगतान गेटवे के माध्यम से अपनी राशि को प्राप्त करने के लिए सॉफ्टवेयर का उपयोग करने में ग्राहकों को सक्षम करने के लिए एक उत्पाद। यह बिना सॉफ़्टवेयर समर्थन के व्यापारियों को भुगतान प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है। इससे पहले आईबी कलेक्ट केवल व्यापारियों के लिए सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ प्रदान किया जाता है। हमारे कुछ ग्राहक जहां वे वी कलेक्ट प्लस का उपयोग कर रहे हैं, वे प्रकार हैं :

  - ❖ तमिलनाडू सिमेंट्स (टीएएनसीईएम)
  - ❖ कर्णाटक परीक्षा प्राधिकार (केईए)
  - ❖ तमिलनाडु रियल स्टेट विनियमन प्राधिकरण (टीएनआरईआरए)
  - ❖ मेटल स्क्रैप ट्रैडिंग कॉर्पोरेशन (एमएसटीसी), कोलकाता
  - ❖ मद्रास उच्च न्यायालय के छोटे मामलों के भुगतान का रजिस्ट्रार न्यायालय
  - ❖ गीतम विश्वविद्यालय
  - ❖ बार काउंसिल ऑफ तमिलनाडू

- **केंद्रीकृत भुगतान प्रबंधन प्रणाली (सीपीएमएस):** गैर–पीएफएमएस प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एकमुश्त भुगतान, जैसे वेतन, आदि को सक्षम करने के लिए केंद्रीयकृत भुगतान मंच।

- **फास्ट टैग :** जैसा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, एनपीसीआई के राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) ने टोल प्लाजा पर वाहन के चलती हुई अवस्था में ही आरएफआईडी आधारित प्रौद्योगिकी मानक के जरिये इलेक्ट्रॉनिक रूप से टोल संग्रह को सक्षम किया है। बैंक ने हमारे ग्राहकों द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए बैंक की वेबसाइट (ऑनलाइन मोड) पर फास्ट टैग की सुविधा मुहैया की है।

डिजिटल जिला का कार्यान्वयन – कारैकल :

- सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, पुडुचेरी के केंद्र शासित प्रदेश में कारैकल जिले की पहचान 100 प्रतिशत डिजिटल सक्षमता प्राप्त करने वाले पायलट जिले के रूप में की गई है।

- इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमारे बैंक ने सभी ग्राहकों के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और भीम यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान और सभी व्यापारियों के लिए क्यूआर कोड / भीम आधार भुगतान जैसे भुगतान एवं प्राप्त चैनलों की सुविधा मुहया कराई है।

डिजिटल चैनलों में स्टाफ नामांकन के लिए डिजिटल अभियान :

- स्टाफ सदस्यों के बीच डिजिटल उत्पादों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, पीओएस / ई–कॉम में डेबिट कार्ड का उपयोग जैसे डिजिटल उत्पादों पर हमारे कर्मचारियों के लिए एक विशेष डिजिटल अभियान 1 जुलाई 2019 से 15 जुलाई 2019 तक चलाया गया था।

मैनडेट कलेक्ट

- यूटिलिटी भुगतान के लिए ईसीएस अधिदेश

- उपयोगकर्ता संस्थानों द्वारा हमारे बैंक में खाता रखने वाले ग्राहक हमारे बैंक या अन्य बैंकों में खाता रखने वाले ग्राहकों से बिल / शुल्क एकत्र करना।

यूपी आई कलेक्ट

- यूपीआई मोड के माध्यम से फीस और अन्य शुल्कों के भुगतान के लिए व्यापारियों के लिए एक समाधान संस्था / संगठन के मोबाइल / वेब–आधारित ऐप के साथ एकीकृत है।

- बैंक किसी भी व्यापारियों के लिए एक सामान्य एपीआई विकसित करेगा और बैंक के यूपीआई प्रणाली के साथ संस्थान के शुल्क / बिलिंग संग्रह प्रणाली (एफ़सीएस) के साथ एकीकरण के लिए एपीआई प्रदान करेगा।

वसंत एंड कंपनी, टी.नगर में कैश / पीओएस का शुभारंभ

डिजिटल चैनल्स पर ऑन–बोर्डिंग व्यापारियों के लिए ट्रेडर्स यूनियन के साथ बैठक

वी कलेक्ट प्लस का शुभारंभ

कारैकल जिला में डिजिटल अभियान

प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) :

पावर बीआई का उपयोग करते हुए कारोबार डैशबोर्ड

- इंडियन बैंक के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वयं की रिपोर्ट और डैशबोर्ड बनाने के लिए सरल इंटरफ़ेस के साथ व्यापार इंटेलिजेंश क्षमताओं को प्रदान करने के लिए, एमआईएस ने पावर बीआई का उपयोग करके कारोबार डैशबोर्ड विकसित किया है। विकसित किए गए डैशबोर्ड और रिपोर्ट वेब ब्राउज़र के माध्यम से या ऐप्पल ऐप स्टोर / गूगल प्ले स्टोर से पावर बीआई एप्लिकेशन डाउनलोड करके प्राप्त किए जा सकते हैं।

डाटा विश्लेषण

- हमारे बैंक की आवश्यकताओं के आधार पर व्यवहार संबंधी डेटा और पैटर्न की पहचान और विश्लेषण करने के लिए, उत्पादकता और व्यावसायिक लाभ बढ़ाने के लिए डाटा विश्लेषण तकनीकों का उपयोग किया जाता है।

वित्त वर्ष 19–20 के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्तियाँ (डिजिटल से संबंधित) :

- किसी भी बैंक के माध्यम से किसी भी शाखा काउंटर या नेफ्ट / आरटीजीएस के माध्यम से कैश / चेक के संग्रहण को सक्षम करने वाले उत्पाद "वी कलेक्ट पल्स" के लिए इंडियन एक्सप्रेस समूह से प्रौद्योगिकी सीनेट पुरस्कार।

- उच्चतम डिजिटल लेन–देन के लिए मिड साइज बैंक श्रेणी के तहत डिजिटल भुगतान के लिए मैटि अवार्ड ।

21. सूचना प्रणाली सुरक्षा

- बैंक की सूचना प्रणाली व सुरक्षा प्रक्रियाओं को आईएसओ 27001:2013 मानक से प्रमाणित किया गया है। यह प्रमाणीकरण बैंक की विश्वसनीयता, सूचना सुरक्षा प्रणाली की मजबूती हेतु प्रशंसा पत्र को सम्मिलित करता है तथा ग्राहकों को आश्वस्त करता है कि बैंक की सूचना सुरक्षा उच्च कोटी की है। मानक सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईआसएमएस) के निष्पादन को मापने व मूल्यांकन पर भी ज़ोर डालता है। प्रमाणित सुरक्षा मानक के पास कूट–लेखन, सुरक्षित विकास, सुरक्षा परीक्षण, आपूर्तिकर्ता संबंध इत्यादि में अतिरिक्त नियंत्रण है। प्रमाणित सुरक्षा मानक के पास कूट–लेखन, सुरक्षित विकास, सुरक्षा परीक्षण, आपूर्तिकर्ता संबंध इत्यादि में अतिरिक्त नियंत्रण है। सूचना सुरक्षा पॉलीसियां आईएसओ 27001–2013 के अनुसार तैयार की गईं तथा हमारे बैंक की सूचना प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए लागू किया गया।

- आईएसओ 27001 प्रमाणन के लिए पुनर्मूल्यांकन लेखा परीक्षा फरवरी 2018 के दौरान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया । इसमें प्रमाणित सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों की जांच की गई एवं इसे फरवरी 2021 तक के लिए पुनर्प्रमाणीकृत किया गया । इसके अलावा, आईएसओ 27001 मानकों के साथ बैंक के आईएसएमएस के निरंतर अनुपालन का पता लगाने के लिए वर्ष 2020 तक निगरानी ऑडिट भी पूरा कर लिया गया है।

बैंकों में साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश

- बैंक ने बैंकों में साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क पर भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र दिनांकित 2 जून 2016 के संबंध में बोर्ड द्वारा विधिवत रणनीति को अपनाया है, इसमें व्यापार के सूक्ष्म स्तर तथा जोखिम के स्वीकृत स्तर को साइबर खतरे का सामना करने के लिए उचित पद्धति बनाई गई है। इस नीति को बनाने के पहले आंतरिक रूप से गैप विश्लेषण को आयोजित किया गया जिसमें व्यापार उद्देश्यों को बढ़ावा देने हेतु बैंक की सूचना सुरक्षा रणनीति की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन तथा लक्ष्यांकित मेचुरिटी स्तर को प्राप्त करने के लिए आवश्यकताओं का विश्लेषण किया जा सके। इस नीति का मुख्य उद्देश्य यह है कि साइबर जोखिमों का सामना करने के लिए वर्तमान सुरक्षा उपायों में सुधार लाकर बैंक के लचीलापन को बढ़ाया जाए एवं नियमित आधार पर साइबर सुरक्षा में होनेवाले जोखिमों से मुकाबला करने हेतु इसकी तैयारी सुनिश्चित की जाए । इस दिशा में बैंक को साइबर खतरे का सामना करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है क्योंकि बैंक को व्यापार के सूक्ष्म स्तर और जोखिम के स्वीकार्य स्तर के संदर्भ में स्टाफ, विक्रेताओं, ठेकेदारों और अन्य पण्यधारकों को जागरूक करना और उन्हें सूचना आस्तियों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी निभाना है, जिसे उन्हें सौंपा गया है। एक **साइबर आपात प्रबन्धन योजना (सीसीएमपी)** का भी गठन किया गया है और इसे मुख्य रूप से साइबर घटनाओं को प्रोसेस करने के लिए बनाया गया है।

ग्राहक सूचना को सुरक्षित रखने के लिए नई सूचना सुरक्षा समाधान

- बैंक पहले ही एक साइबर सुरक्षा ऑपरेशन सेंटर (सी–एसओसी) स्थापित कर चुका है जिसमें विभिन्न प्रमुख सुरक्षा समाधान शामिल हैं। बैंक के पास सुरक्षा कार्यों की निगरानी के लिए मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीएसओसी) के तहत एक समर्पित टीम है।

- विभिन्न साइबर सुरक्षा समाधानों के कार्यान्वयन से संबंधित मामले की निगरानी के लिए सूचना प्रबंधन विभाग के तहत एक समर्पित आईटी इंफ्रा सिक्योरिटी टीम भी बनाई गई है। समाधान एक सक्रिय तरीके से डेटा, नेटवर्क और सर्वर की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

- बैंक की साइबर सुरक्षा लचीलापन और स्थान को मजबूत करने के लिए सुरक्षा की अतिरिक्त परतों को जोड़ने के लिए मौजूदा एसओसी को साइबर एसओसी में बदलने के लिए मौजूदा एसओसी को अत्याधुनिक तकनीकों को तैनात कर अतिरिक्त सुरक्षा समाधानों के साथ सुदृढ़ किया गया है ।

- बैंक ने कर्मचारियों और ग्राहकों को साइबर खतरों और प्रत्युपायों से अवगत कराने के लिए और कदम उठाए हैं। सोशल इंजीनियरिंग और फ़िशिंग हमलों का मुकाबला करने के लिए उन्हें शिक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

- बैंक ने कोविड–19 महामारी के दौरान एक व्यवसाय निरंतरता योजना विकसित की है । योजना के भाग के रूप में, बैंक ने अपने कर्मचारियों / विक्रेताओं को अपने घर से काम करने में सक्षम करने के लिए एक सुरक्षित दूरस्थ संयोजकता (कनेक्टिविटी) प्रदान की है।

22. परिसर

- हरित पहल के अंतर्गत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि सभी प्रकार के भुगतान इलेक्ट्रॉनिक चैनलों, जैसे डाइरैक्ट क्रेडिट / एनईएफटी / आरटीजीएस (केवल विशेष परिस्थितियों में ही चेक के जरिए भुगतान किया जाता है), के माध्यम से किए जाते हैं।

- बैंक के परिसर में सौर ऊर्जा और एलईडी लाइट का प्रयोग

- बैंक के भारत में 149 और सिंगापुर में 2 संपत्तियां हैं ।

- बैंक ने परिसर, व्यय, खरीद, अनुबंध, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, एयर कंडीशनिंग, ऑटोमोबाइल, टेलीफोन / सेलफोन के लिए समान नीतियां बनाई हैं एवं सभी शाखाओं / अंचलों में इसी नीति को अपनाया गया है।

हरित पहल :

सौर ऊर्जा और एलईडी लाइटिंग :

- ऊर्जा के वैकल्पित स्रोत को अपनाते हुए बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्रक बैंक के रूप में अन्य सत्ता के साथ हरित भारत के निर्माण में सहयोग हेतु आगे है। कॉर्पोरेट कार्यालय में सौर ऊर्जा का प्रयोग किया जा रहा है, जोकि पहले से ही ग्रीन बिल्डिंग (गोल्ड रेटिंग) स्टेटस में है।

- बैंक के अपने निजी मकानों में सौर्य ऊर्जा प्लांट संस्थापन नेटवर्क को बढ़ाते हुए जहां कहीं तकनीक रूप से व्यवहार्य हो, वहाँ सम्पूर्ण वार्षिक व्यय में ऊर्जा खपत में 4–5 प्रतिशत तक कम करने की अपेक्षा है।

- चेन्नै के आसपास, 14 इमारतों में, छत के ऊपर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया था।

- एलईडी लैम्प का प्रयोग करते हुए लाइटिंग प्रणाली में नई प्रद्योगिकी उत्पादों को अपनाया गया है।

- नई शाखाओं को एलईडी लाइटिंग से सजाया गया है।

- विद्यमान शाखाओं में लाइटिंग चरण–बद्ध तरीके से परिवर्तन किए जा रहे हैं। वर्तमान में 1317 शाखाओं एवं कार्यालयों में एलईडी लाइटिंग उपलब्ध की गई है।

अन्य हरित पहल :

- शाखाओं और कार्यालयों के लिए ऊर्जा लेखा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है ।

- शाखाओं और कार्यालयों में एयर–कंडीशनर्स के ऑटो–कट–ऑफ के लिए टैमर्स का प्रावधान किया गया है, हार्मोनिक फिल्टर्स के संस्थापन तथा स्टार रेट किए गए इलेक्ट्रिकल उपकरणों के प्रयोग से काफी हद तक बिजली की खपत में कमी आई है।

23. इंड एएस कार्यान्वयन की स्थिति:

- इंड एएस के सुचारु कार्यान्वयन के लिए बैंक ने सलाहकार के रूप में मैसर्स डेलाइट हास्किंस एंड सेल एलएलपी नियुक्त किया है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, दिनांक 11.02.2016 के पत्र डीबीआर.बीपी.76 / 21.07.001 / 2015–16 के जरिए, बैंक 1 अप्रैल 2018 से

शुरु होनेवाली लेखा अवधि के लिए स्टेंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण के लिए 31 मार्च 2018 को समाप्त होनेवाली पूर्ववर्ती अवधि के तुलनात्मक आंकड़े के साथ इंड एएस का अनुपालन करेगा।

- पूर्व में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 30.09.2016 को समाप्त अर्ध वर्ष के लिए इंड एएस के अनुसार वित्तीय विवरणियों का प्रोफार्मा, 01.04.2016 को परिवर्तन तारीख हेतु तैयार करने के लिए सूचित किया है तथा उसे तैयार कर भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार 30.06.2017 को समाप्त तिमाही के लिए इंड एस के वित्तीय विवरण का प्रोफार्मा भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया गया।

- जैसा कि आरबीआई द्वारा सलाह दी गई है, बैंक ने 30 जून 2018 को समाप्त तिमाही से शुरू होने वाले प्रत्येक तिमाही के लिए प्रोफार्मा इंड एएस वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया हैं। बैंक उपरोक्त का अनुपालन कर रहा है।

- दिनांक 22.03.2019 को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र संख्या डीबीआर.बीपी. बीसी सं.29 / 21.07.001 / 2018–19 के जरिये जारी किए गए नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार, इंड एएस कार्यान्वयन को आगामी सूचना तक टाल दिया गया है। हालांकि, इंड एस के वित्तीय विवरण का प्रोफार्मा प्रोफार्मा तिमाही प्रस्तुति जारी रखा जा रहा है।

24. आंतरिक नियंत्रण – निरीक्षण

- वर्ष के दौरान 2024 शाखाओं में जोखिम आधारित लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की गई है।

- संगामी / आंतरिक लेखापरीक्षा के अधीन 600 शाखाओं को कवर करते हुए 31-03-2020 तक कुल देशी जमाओं के 51.15 प्रतिशत और देशी अग्रिमों के 71.10 प्रतिशत को कवर किया गया। कुल मिलाकर, संगामी लेखा परीक्षा के अंतर्गत 62.13 प्रतिशत देशी व्यापार को कवर किया गया।

- जोखिम आधारित संगामी लेखा परीक्षा 01.04.2013 से जारी है।

- आरबीआईए व संगामी लेखापरीक्षा के अतिरिक्त, आय रिसन को पहचानने के लिए ₹ 10 करोड़ और उससे अधिक के व्यापार एक्सपोजरवाली 2803 शाखाओं को कवर करनेवाली राजस्व लेखापरीक्षा की गई।

- समीक्षा वर्ष के दौरान 50 अंचलों की प्रबंधन लेखापरीक्षा की गई और अनुपालन हेतु कार्रवाई आरम्भ की गई।

- समीक्षा की अवधि में सूचना एवं संसूचना प्रौद्योगिकी (आईसीटी) में आधारभूत संरचना की सूचना प्रणाली (आईएस) –सीबीएस अप्लिकेशन सूट, डेटासेंटर व सीबीएस परियोजना कार्यालय की लेखापरीक्षा भी बाहरी फर्म द्वारा की गई। ग्राहकों के सम्मुख अनुप्रयोगों के नियंत्रण प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए स्विफ्ट परिचालनों की सुरक्षा लेखापरीक्षा तथा एटीएम स्विच की विशेष लेखापरीक्षा भी बाह्रय लेखापरीक्षकों द्वारा की गई।

- दैनिक आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई हेतु शाखाओं को सुग्राही बनाने के लिए बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय एवं अंचल कार्यालयों में द्विस्तरीय रूप से ऑफसाइट निगरानी कार्यक्रम चलाए गए।

- निरीक्षकों को आधुनिकतम गतिविधियों से अवगत कराने और उनके रिपोर्टिंग कौशल को निखारने हेतु अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- सुव्यवस्थित संशोधनों के लिए धोखाधड़ी, समाविष्ट पहचान, वर्गीकरण, रिपोर्टिंग, जांच, मानीटरिंग तथा अनुवर्ती कार्रवाई, संवरण, धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए निगरानी, नकली डेटा का एकत्रीकरण तथा डेटा विश्लेषण से संबंधित सभी गतिविधियों को समन्वित करने की प्रमुख जिम्मेदारी के साथ निरीक्षण विभाग के अंतर्गत धोखाधड़ी विरोधी कक्ष कार्यरत है।,

25. अनुपालन

बैंक की अनुपालन नीति बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित की गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक में उप महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक स्वतंत्र अनुपालन विभाग स्थापित किया गया है। यह विभाग बैंक के कार्यों को अधिशासित करनेवाले विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी करता है, यथा:

(ए) विधानों जैसे बैंकिंग विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, धन–शोधन निवारण अधिनियम आदि।

(बी) भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास एजेंसी आदि द्वारा जारी विनियामक दिशानिर्देश।

(सी) भारतीय बैंक संघ, भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर संघ, फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट डीलर्स एसोसिएशन आदि जैसी उद्योग संघों द्वारा निर्धारित स्वैच्छिक मानक एवं कोड और,

(डी) परिपत्रों, मैनुअलों के जरिए जारी बैंक की आंतरिक नीतियां, आचरण कोड, दिशानिर्देश आदि।

26. सतर्कता

बैंक के सतर्कता प्रशासन हेतु सतर्कता विभाग उतरदायी है। सतर्कता प्रशासन पर, विभाग केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) / डीएफ़एस एवं आरबीआई द्वारा निदेशित किया जाता है। यह सीवीसी के साथ परामर्श करने के लिए संपर्क के एकल स्थान की भूमिका निभाता है। विभाग के प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं जिन्हें इस पद हेतु केंद्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिशों पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। धोखाधड़ी और सतर्कता से संबंधित मामलों के संबंध में आरबीआई / सीबीआई / सीवीसी / सरकार के साथ संबंध स्थापित करने के लिए सीवीओ नोडल अधिकारी है।

अनुशासनात्मक कार्रवाई के मामले में सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) और इससे ऊपर के सभी अधिकारी सीवीसी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। सभी अवार्ड – स्टाफ कर्मचारिया तथा सहायक महाप्रबंधकों के पद से नीचे के अधिकारियों को शामिल कर सतर्कता अनुशासनात्मक कार्रवाई के संबंध में सीवीओ सलाह प्रस्तुत करता है। सीवीसी स्केल ट एवं उसके ऊपर के अधिकारियों के तथा ऐसे समग्र मामलों में चरण बद्ध सलाह (सतर्कता मामलों) देता है। सीवीओ सतर्कता मामलों के संबंध में आयोग के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करता है।

विभाग केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप सभी सतर्कता अनुशासनात्मक मामलों को निपटाने, बैंक के भीतर निवारक सतर्कता पहलों पर ध्यान देने के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। सतर्कता शिकायतों और धोखाधड़ी की जांच बैंक के विभिन्न अंचल कार्यालयों में स्थित सतर्कता अधिकारियों के माध्यम से की जाती है।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

वर्ष के दौरान उपस्थित अधिकारियों / पूछताछ अधिकारियों, सतर्कता अधिकारियों और अनुशासनात्मक अधिकारियों / उप–अंचल अधिकारियों के लिए तीन विशेष इन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और सतर्कता के सभी पहलुओं तथा निवारक सतर्कता के महत्व को भी कवर किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 :

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 28/10/2019 से 02/11/2019 तक मनाया गया। कार्यक्रम का विषय था "ईमानदारी– एक जीवन शैली"। प्रत्येक ग्रामीण और अर्ध–शहरी शाखा ने भ्रष्टाचार को मिटाने और नए भारत के निर्माण की आवश्यकता पर आम जनता को जागरूक करने के लिए "जागरूकता ग्राम सभा" का आयोजन किया। ऐसी सभाओं में जनता के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण विकल्पों को समझाया गया। आयोग द्वारा नागरिकों / संगठनों को निर्धारित सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। सत्यनिष्ठा की शपथ ग्राम सभा की बैठक में भाग लेने वाले लोगों को भी दिलाई गई।

केंद्रीय सतर्कता आयोग की सलाह के अनुसार, देश भर के कई महानगरीय / शहरी और अर्ध–शहरी केंद्रों में आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया गया था। चेन्नै, कोयम्बटूर, गुंटूर, मदुरै, पुदुचेरी, सलेम, तिरुचिरापल्ली और तिरुनेलवेली (8 केंद्र) में स्थित चुनिंदा कॉलेजों और स्कूलों (कक्षा नौवीं और उससे ऊपर के छात्रों के लिए) में अतिथि व्याख्यान, चर्चा, पैनल चर्चा, योग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जो सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय को बड़े पैमाने पर फैलाने के लिए आयोग द्वारा बैंक को आबंटित किया गया था।

भ्रष्टाचार और इसके दुष्प्रभाव, नैतिकता और मूल्यों का महत्व, ईमानदारी और अखंडता, नैतिकता, शासन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार का उन्मूलन और एक नए भारत के निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों को इन आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से प्रसारित किया गया था।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडबल्यू) के दौरान गांवों सहित कई अन्य ग्रामीण / अर्ध शहरी केंद्र पैन–इंडिया में विभिन्न लोक कला कार्यक्रमों के अलावा बैंक, चेन्नै, कुंभकोणम, कोयम्बत्तूर और तिरुचिरापल्ली में मानव श्रृंखला, वॉकथॉन, साइकिल रैलियां आयोजित की गई।

अध्यक्ष, बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए सलाहकार बोर्ड (एबीबी एवं एफ़एफ़) ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 के भाग के रूप में कॉर्पोरेट कार्यालय में "वित्तीय क्षेत्र में सतर्कता प्रशासन" पर एक विशेष व्याख्यान दिया था। सीवीओ, महाप्रबंधकों और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों के अतिथियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। हमारे बैंक की चेन्नै शहर की शाखाओं के अधिकारियों और शाखा प्रबंधकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया था।

27. सुरक्षा

सुरक्षा प्रबंधन का उद्देश्य कर्मचारियों और ग्राहकों को एक समान रूप से सुरक्षा एवं कार्य करने हेतु सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है तथा संगठन की संपत्ति को अन्य बाह्य आक्रामण से सुरक्षित रखना है। उन्नत सुरक्षा नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए इस उद्देश्य को मानव विश्लेषिकी के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण द्वारा संवर्धित किया गया है । भौतिक सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति का समावेश सुरक्षा के पारंपरिक साधनों की तुलना में अधिक विश्वसनीय, कुशल और कम लागत का साबित हुआ है।

- नकदी समृद्ध उद्योग होने के नाते बैंकिंग हमेशा उन हमलावरों के लिए एक आकर्षक लक्ष्य रहा है जो अपने घातक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नई और जटिल तकनीकों को अपनाते हैं। उनकी हरकतें मध्यरात्रि में किए गए प्रयासों से भिन्न और भी अधिक प्रबल होती है जैसे ट्रेन डकैती, दिन के उजाले में की गई सशस्त्र डकैती आदि। यह निष्क्रिय सुरक्षा उपायों के बदले एक गतिशील सक्रिय सुरक्षा समाधान की मांग करता है ।

- हमारी आस्तियों को सुरक्षित रखने जैसा महत्वपूर्ण कार्य सभी हितधारकों की एक सामूहिक जिम्मेदारी है । इसी दिशा में, शाखाओं में अब स्टेट ऑफ द आर्ट बर्गलर एंड फायर अलार्म सिस्टम, एचडी डीवीआर / एनवीआर आधारित सीसीटीवी संसाधनों के साथ त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नामित अधिकारियों से आपातकालीन संचार लिंकेज की व्यवस्था उपलब्ध है ।

- आग शाखा / कार्यालयों के लिए एक प्रमुख खतरे के रूप में जाना जाता है, आग के खतरों को रोकने / कम करने के लिए सर्वर जैसे महत्वपूर्ण इंस्टॉलेशन को स्वचालित (मॉड्यूलर) क्लीन एजेंट आधारित अग्नि रोधक के साथ उपलब्ध कराया जाता है । बैंक के स्वामित्व वाली सभी ऊंची इमारतों में तथा आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी मुद्रा तिजीरियों में दो साल में एक बार फायर और मॉक निकासी ड्रिल ¼Fire and Mock evacuation drill½ का आयोजन किया जा रहा है।

- यात्रा के दौरान नकदी को सबसे कमजोर पहलू के रूप में जाना जाता है । इसलिए, भौतिक सुरक्षा के अलावा, हमारे सभी कैश वैन में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग उपकरण लगाए गए हैं। कैश वैन की आवाजाही को संबन्धित मुद्रा तिजोरी, शाखा तथा अंचल कार्यालय से कई स्तरों पर वास्तविक समय में ट्रैक किया जाता है।

- एटीएम केंद्रों की भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, देश भर में हमारे बैंक के स्वामित्व वाले एटीएम में 24x7 इलेक्ट्रॉनिक निगरानी (ई–निगरानी) की व्यवस्था की गयी है।

- यद्यपि इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा विश्वसनीय और प्रभावी है, फिर भी यह आवश्यक है कि इसकी समय–समय पर समीक्षा की जाए ताकि इसकी सेवाक्षमता और कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। अनावश्यक घटनाओं को बढ़ावा देने वाले सुरक्षा उपकरणों के अतिरेक एवं अप्रचलन को दूर करने के लिए समय–समय पर कॉर्पोरेट ऑफिस में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभाग द्वारा मौजूदा सुरक्षा प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाती है। बाजार में उपलब्ध नवीनतम सुरक्षा प्रणालियों, उपकरणों और तंत्रों का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया जाता है, निष्पादन के लिए मूल्यांकन किया जाता है तथा शीर्ष प्रबंधन की मंजूरी से व्यवहार्यता के अनुसार उन्नत / प्रतिस्थापित / स्थापित किया जाता है । इसके अतिरिक्त, बैंकों / एटीएम / मुद्रा तिजोरियों में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जब कभी भी आईबीए और आरबीआई द्वारा सिफारिशें एवं दिशानिर्देश निर्धारित किए जाते हैं, इन्हें लागू किया जा रहा है।

- सुरक्षा प्रबंधन, परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन का एक हिस्सा है। 'वित्तीय जोखिमों' के विपरीत, बैंक की आस्तियोंके भौतिक जोखिम को प्रभावी सुरक्षा प्रणालियों द्वारा संरक्षित किया जा सकता है। सुरक्षा प्रबंधन को लागू करने के लिए गतिशील होना आवश्यक है और उभरती हुई चुनौतियों के साथ

विकसित होना चाहिए । जोखिम मूल्यांकन की आवश्यकता है और इसका संशोधन असंभावी है। इसलिए, खतरे की अवधारणा और प्रचलित सुरक्षा परिदृश्य के आधार पर, तीन वर्षों में एक बार व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन के आधार पर अपनाए गए सुरक्षा जोखिम और अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के आधार शाखाओं को वर्गीकृत किया गया है।

- संबंधित अंचलों में क्षेत्र स्तर पर कार्यरत सुरक्षा अधिकारियों (पूर्व सैनिकों) द्वारा विभाग को विधिवत समर्थन दिया जाता है, जो यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं कि बैंक के दिशानिर्देशों / निर्देशों / नीतियों को शाखाओं, एटीएम एवं मुद्रा तिजोरियों में कार्यान्वित किए जाते हैं । अप्रत्याशित घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों / खामियों की जांच शाखा / एटीएम के सुरक्षा पहलुओं को मजबूत करने एवं सुधार करने के लिए की जाती है ।

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि सुरक्षा व्यवस्था ठीक है तथा कर्मचारी, सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानते हैं, अंचल कार्यालय में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी वर्ष में एक बार सभी शाखाओं / एटीएम का सुरक्षा निरीक्षण करते हैं और रिपोर्ट को ऑनलाइन – इन हाउस मॉड्यूल में विभिन्न स्तरों – शाखा, अंचल कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय पर अपलोड कराते हैं। मुद्रा तिजोरी एक उच्च जोखिम वाली इकाई है, इसका निरीक्षण तिमाही आधार पर किया जाता है और समय–समय पर किए गए निरीक्षण में पाई गयी कमियों में सुधार को सुनिश्चित किया जाता है।

- सभी शाखाओं / प्रशासनिक कार्यालयों की विद्युत लेखापरीक्षा वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है और रिपोर्ट में टिप्पणियों को संबंधित अंचल कार्यालयों की सहमति के साथ शाखा स्तर पर सुधारा जाता है। इन हाउस मॉड्यूल डिज़ाइन किया गया है जिसेसे अनुपालन के स्तर को समझने के लिए सभी स्तरों से संपर्क किया जा सकता है ।

- सुरक्षा अधिकारियों को नवीनतम तकनीकी की प्रगति से अवगत कराने के उद्देश्य से, सुरक्षा संबंधी जनकारियों एवं पूर्ववर्ती अवधि के दौरान निष्पादन की समीक्षा करने के लिए, सुरक्षा अधिकारियों को वर्ष में एक बार वार्षिक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान कराये गए सर्वोत्तम अभ्यासों से संबंधित अंचलों में कार्यान्वयन में सहायता मिलती है । प्रति वर्ष सशस्त्र गार्ड के लिए लाइव फायरिंग अभ्यास आयोजित किया जाता है।

- राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय सुरक्षा समिति एवं स्थायी सुरक्षा समिति के बैठकों के दौरान मुख्य रूप से चर्चा किए गए सुरक्षा पहलुओं को संबन्धित अंचल कार्यालयों को उपलब्ध कराए जाते हैं।

- एहतियात एवं रोकथाम – वह पहलू है जिसके चारों ओर हमारा सुरक्षा विभाग स्थापित है। बैंक ने परिसंपत्ति संरक्षण के उपायों का पालन किया है और बैंक की संपत्ति की सुरक्षा के लिए नकद प्रेषण के दौरान प्रक्रियात्मक सुरक्षा सावधानियों का पालन किया गया है। हमारे प्रिय बैंक के सुरक्षा अधिकारी जो पहले भारतीय सशस्त्र सेवा में कार्यरत थे, बैंक के हितों की रक्षा कर रहे हैं।

28. इंडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक का समामेलन

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफ़एस), वित्त मंत्रालय (एमओएफ़), भारत सरकार (जीओआई) ने उनके पत्र एफ. सं. 7/93/2019–बीओए.I दिनांक 30 अगस्त 2019, द्वारा सूचित किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श के बाद वैकल्पिक तंत्र(एएम) ने निर्णय लिया कि इंडियन बैंक और इलाहाबाद बैंक, इंडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक के समामेलन पर विचार करेंगे।

भारत सरकार की अधिसूचना:

भारत के राजपत्र, असाधारण की अधिसूचना जी.एस.आर. 156 (ई) दिनांक 04.03.2020 द्वारा इलाहाबाद बैंक (अंतरणकर्ता बैंक) को इंडियन बैंक (अंतरिती बैंक) में समामेलित करने की मंजूरी दे दी गई। इसके अनुसार, 1 अप्रैल 2020 से समामेलित बैंक अस्तित्व में आया।

समामेलन का औचित्य

भारतीय अर्थव्यवस्था में विगत छह वर्षों में आकार में दोगुनी वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2019 में $ 2.8 ट्रिलियन की वृद्धि के कारण बैंकिंग जगत में कारोबार के साथ–साथ बैंकों की संख्या में व्यापक विस्तार हुआ है। बदलते परिवेश में अधिक कुशल होने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऋण जरूरतों को पूरा करने एवं जोखिम सहने के लिए बड़ा होना चाहिए और सरकार पर बिना आश्रित रहे, बाजार से संसाधन जुटाने की क्षमता होनी चाहिए।

इसके अलावा, सरकार की परिकल्पित $ 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक मजबूत और लचीली बैंकिंग प्रणाली अनिवार्य है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक जो 70% से अधिक की बाजार हिस्सेदारी रखते हैं, उन्हें बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऋण मांगों को पूरा करने के लिए मजबूत किया जाना चाहिए।

इंडियन बैंक का अच्छा पूंजी आधार और लगातार लाभ दर्ज कर रहा है। इलाहाबाद बैंक को जनवरी 2018 में अपनी ऋण देने की क्षमताओं को सीमित कर शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई के तहत रखा गया था। फरवरी 2019 में बैंक पीसीए से बाहर आया।

समामेलन का औचित्य, 5 व्यापक विषयों पर आधारित है:

ए) बैलेंस शीट का बड़ा आकार और अनुकूलित पूंजी उपयोग ।

बी) गहरी पैंठ के लिए विस्तृत भौगोलिक उपस्थिती ।

सी) बड़े टैलेंट पूल तक पहुंच।

डी) उत्पाद क्षमताओं का साझाकरण व अनुमाप और सभी सेगमेंट के उत्पाद बेचने की क्षमता वाला प्लेटफ़ॉर्म ।

ई) लाभ में वृद्धि और दोहराव के उन्मूलन के माध्यम से परिचालन और प्रक्रिया क्षमता में वृद्धि।

यह समामेलन, प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने के लिए क्षमता और महत्वपूर्ण वृद्धि वाले बैंक का निर्माण करेगा। इंडियन बैंक की अखिल भारतीय उपस्थिति कुल शाखा नेटवर्क के 60.8% के साथ भारत के दक्षिणी भाग में अधिक है, जबकि इलाहाबाद बैंक का 70.3% शाखा नेटवर्क मध्य और पूर्वी क्षेत्र में है। इस समामेलन के बाद, गुजरात और महाराष्ट्र के पश्चिमी क्षेत्र में सुधार की गुंजाइश के साथ इस संयुक्त संस्था की 6101 शाखाएं हैं।

इसके अलावा, संयुक्त संस्था को माइक्रो लेवल टच पॉइंट्स अर्थात 9128 बैंक मित्रों का सहयोग प्राप्त होता है। इससे बैंक को ग्रामीण एवं अर्ध शहरी {त्रों में वित्तीय समावेशन में अबाध योगदान करने में मदद मिलेगी।

इलाहाबाद बैंक और इंडियन बैंक का संक्षिप्त इतिहासः

इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक में समामेलन 2 बैंकों की सम्पन्न एवं ऐतिहासिक वंशावलियों एवं संस्कृति का एकीकरण है। जहां इलाहाबाद बैंक सर्वाधिक पुराना (155 वर्ष) सार्वजनिक क्षेत्र बैंक है जिसकी शुरुआत वर्ष 1865 में एक यूरोपीयन समूह द्वारा एक संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में हुई थी, वहीं इंडियन बैंक का जन्म वर्ष 1907 में (113 वर्ष) स्वदेशी आंदोलन के चलते हुआ था।

इंडियन बैंक

- चेन्नै में स्थित बैंक मुख्यालय ने वर्ष 2007 में अपना प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया
- सन् 2002 से एक लाभदायक बैंक
- सिंगापुर, कोलंबो एवं जाफना इन 3 विदेशी केन्द्रों में शाखाएँ हैं
- 31.03.2020 को 14.12 प्रतिशत की उच्च सीआरएआर के साथ मजबूत पूंजी आधार

इलाहाबाद बैंक

- वर्ष 1923, में कारोबार निमित्त के चलते बैंक का प्रधान कार्यालय कोलकाता में स्थानांतरित किया गया
- अक्तूबर 2002 में सरकार की शेयरधारिता को 71.16 प्रतिशत तक कम करते हुए प्रति शेयर 10/– रुपए के अंकित मूल्य के साथ 10 करोड़ रुपए के शेयर का प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) प्रस्तुत किया।
- अप्रैल 2005 में प्रति शेयर 10/– रुपए के अंकित मूल्य व 72 रुपए के प्रीमियम के साथ 10 करोड़ रुपए के इक्विटि शेयर का अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
- बैंक द्वारा अपनी परियोजना "प्रोजेक्ट नवोदय" से रूपान्तरण की प्रक्रिया आरंभ की गई।

समामेलन प्रक्रिया

विभिन्न चरित्र वाली पवित्र नदियों के संगम से दर्शित निर्बाध एकीकरण से सूत्र बांधते हुए इस समामेलन को दिया गया नाम "प्रोजेक्ट संगम" बिलकुल सटीक है।

"प्रोजेक्ट संगम हम सभी के उज्ज्वल भविष्य, बैंक के भीतर नए सहकर्मियों के साथ तालमेल बैठाने एवं नए ग्राहकों से संबन्धित है।" सुश्री पद्मजा चुंडूरू, प्रबंध निदेशक एवं मुख्यकार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक

"प्रोजेक्ट संगम दो बैंकों की सम्पन्न परंपरा, अद्वितीय शक्तियों एवं हमारे राष्ट्र विकास में गहन योगदान का एकीकरण है।" श्री के रामचंद्रन, कार्यपालक निदेशक, इलाहाबाद बैंक

परियोजना की पहलें

"प्रथम दिवस" यथा 01.04.2020 को 20 से अधिक एकीकरण समितियों का गठन किया गया था एवं निर्बाध एकीकरण हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

इस परियोजना के लिए एकीकरण प्रबंधन कंसल्टेंट, आईटी कंपनियों एवं तकनीकी परामर्शदाताओं को कार्यबद्ध किया गया है।

ग्राहकों / कर्मचारियों के साथ संपर्क

- प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक ने इलाहाबाद बैंक प्रधान कार्यालय का दौरा किया।
- दोनों बैंकों के कार्यपालकों और अधिकारियों ने एक–दूसरे के कॉर्पोरेट / प्रधान कार्यालयों का दौरा किया ताकि सामंजस्य बनाने / सर्वोत्तम कार्यप्रणाली को अपनाने के बारे में बेहतर समझ हो।
- प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और अन्य शीर्ष सरकारी अधिकारियों से भी मुलाकात की।

कार्यपालक निदेशक, इलाहाबाद बैंक के साथ प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात की और यूपी में दोनों बैंकों द्वारा किए गए योगदान से अवगत कराया और समामेलन प्रक्रिया में हुए विकास से भी अवगत कराया ।

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ इलाहाबाद बैंक के कार्यपालक निदेशक ने इलाहाबाद बैंक की ऐतिहासिक शाखा – इलाहाबाद शाखा का दौरा किया

टाउन हॉल मीटिंग

चेन्नै, विजयवाड़ा, कोलकाता, हैदराबाद, इलाहाबाद और लखनऊ में टाउन हॉल बैठकें आयोजित की गईं।

सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने समामेलित संस्था के सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए कर्मचारियों के भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।यह भी आश्वासन दिया गया कि दोनों संस्थाओं के लिए ग्राहक केंद्र बिंदु होंगे और निरंतर उनका सहयोग लिया जाएगा।

टाउन हॉल मीटिंग की झलकियां

टीम बिल्डिंग

- दोनों बैंकों के कार्यपालकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच टीम भावना विकसित करने के लिए सामान्य कार्यशाला डिज़ाइन की गई है।

- दोनों बैंकों के अंचल प्रबन्धकों के लिए कोलकाता, लखनऊ और चेन्नै में तीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

- दोनों बैंकों के संकाय सदस्यों और उप–अंचल प्रमुखों को सामंजस्यपूर्ण उत्पादों, प्रक्रियाओं, नीतियों, आईटी, आदि पर प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें एपेक्स / अंचल स्तर पर चेंज एजेंट के रूप में नामित किया गया है।

- उन्होंने शाखाओं में नामित अधिकारियों (एकीकरण चैंपियंस) को प्रशिक्षित किया।

चेंज एजेंट / एकीकरण चैंपियंस

- चेंज एजेंट्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 'ट्रेन द ट्रेनर' 16 और 17 मार्च, 2020 को वीसी के माध्यम से आयोजित किया गया था।

- ये चेंज एजेंट्स और ऑपरेशनल एक्सपर्ट्स, समामेलित संस्था के सभी अंचल और कॉर्पोरेट कार्यालय में भी अंचल कंट्रोल रूम का भाग हैं। वे ग्राहकों की सुचारू और निर्बाध सेवा के लिए शाखाओं और फ्रंटलाइन कर्मचारियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

- एजेंट्स को बदलने के अलावा, आईटी अधिकारियों की एक टीम आईटी एकीकरण के लिए एकीकरण चैंपियंस के रूप में अनुपूरक की तरह है और वे संबन्धित क्षेत्र में काम कर रहे अधिकारियों का समर्थन कर रहे हैं।

अधिकारियों हेतु "आई–एबी परिवार" पोर्टल

- आई–एबी परिवार – दोनों बैंकों के कर्मचारियों के चिंताओं / शंकाओं के समाधान करने के लिए एक स्टाफ पोर्टल बनाया गया था।

- प्रश्नों का उत्तर यथासंभव समय पर दिया गया।

- सर्वश्रेष्ठ सुझावों को योग्यता प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया – आईबी–एबी संगम पुरास्कर

आई–एबी के ग्राहकों के लिए पोर्टल

- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के साथ ऑनलाइन 'ग्राहक पोर्टल' को दोनों बैंकों की वेबसाइटों पर लॉन्च किया गया था।

- विभागों द्वारा समय पर प्रतिक्रिया दी जा रही है।

संस्कृति सर्वेक्षण

- दोनों बैंकों के कर्मचारियों के लिए संस्कृति सर्वेक्षण किया गया था।

- 15000 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

- सर्वेक्षण दोनों बैंकों के सांस्कृतिक लक्षणों का विश्लेषण करने और समामेलित इकाई की भविष्य की सांस्कृतिक ताकत को परिभाषित करने के लिए किया गया था।

- निष्कर्षों के सकारात्मक पहलुओं को एक एकीकृत टीम–आधारित संस्कृति बनाकर बड़े उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए ठीक से निर्देशित किया गया है।

प्रबंधन परिवर्तन सर्वेक्षण

- फील्ड स्तर के अधिकारियों, नए उत्पादों और सेवाओं के बारे में जानकारी, नीतियों और परिपत्रों में परिवर्तन के बारे में जागरूकता, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों, ग्राहकों को संभालने और दोनों बैंकों के लेन–देन आदि के बारे में जानकारी साझा करने के लिए फीडबैक सर्वेक्षण आयोजित किया गया था। सर्वेक्षण मैसर्स डेलॉइट द्वारा आईएमओ के परामर्श से तैयार किया गया था और यह दोनों बैंकों के शाखा प्रबंधकों और क्षेत्रीय प्रबंधकों के लिए आयोजित किया गया था।

- सर्वेक्षण की प्रतिक्रिया दर्ज कर लिया गया है और मैसर्स डेलॉइट }ारा यदि कोई कमियां, हो तो उसकी पहचान करने के लिए प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण कर रहा है ।

इंड गुरु

कोविड –19 लॉकडाउन को ध्यान में रखते हुए तथा ज्ञान / कौशल स्तर में सुधार के लिए बैंक के सभी कर्मचारियों के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस), 'इंड गुरु', ई–लर्निंग प्लेटफॉर्म दिनांक 24.04.2020 को लॉन्च किया गया और 22.05.2020 को सफलतापूर्वक सक्रिय हो गया । बैंक में मानव संसाधन की क्षमता निर्माण के उद्देश्य से बनाया गया तकनीकी मंच, मांग पर, कभी भी, कहीं भी सीखने (वी पोर्टल के साथ–साथ मोबाइल ऐप के माध्यम से), स्वतः शिक्षण, क्रॉस–फ़ंक्शनल लर्निंग और कौशल विकास सुनिश्चित करने के लिए अलग–अलग खंडों में सामग्री प्रदान करता है।

नई संगठनात्मक संरचना

- वर्टिकल और मैनपावर की दक्षता और बेहतर प्रबंधन को बढ़ाने के लिए संगठनात्मक पुनर्गठन किया गया है:
- नए विभागों को जोड़ने के साथ जोखिम और नियंत्रण कार्य मजबूत हुए।
- अखिल भारतीय स्तर पर फैले शाखाओं के कारोबार को चलाने के लिए 14 क्षेत्र महाप्रबंधक और 78 अंचलों का गठन किया गया।
- कॉर्पोरेट एवं मिड कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएँ (एलएसबी) एवं मिड कॉर्पोरेट शाखाएँ (एमसीबी)।
- पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक में मौजूदा प्रसंस्करण केंद्रों की अवधारणा जैसे ग्राहक अधिग्रहण प्रसंस्करण केंद्र (सीएपीसी), आरएमपीएस एवं किसान प्रगति केंद्र (केपीके) को समामेलित इकाई में अपनाया जाएगा।
- क्षेत्र महाप्रबंधकों के कार्यालयों, अंचल कार्यालयों, निरीक्षण केन्द्रों, सेवा शाखाओं, एसएएम शाखाओं और कॉर्पोरेट शाखाओं जैसे प्रशासनिक कार्यालयों के सुव्यवस्थीकरण के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया।

29. प्रत्यक्ष विपणन:

सोशल मीडिया पर ब्रांड प्रबंधन

- इंडियन बैंक के आधिकारिक फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और लिंक्डइन हैंडल पर उत्पाद का प्रचार/सूचना प्रसार किया गया ।
- फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन से संबन्धित शिकायतों/प्रश्नों को समय पर निपटाया गया।
- क्षेत्र स्तर की गतिविधियों, बैंक के स्मारक दिवसों, अवसरों और उपलब्धियों से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों को हमारे सामाजिक मीडिया चैनलों पर प्रसारित किया गया ।
- इंस्टाग्राम/फेसबुक स्टोरी पोस्ट और त्योहारों के अवसर पर बधाइयाँ देने के लिए संवादात्मक जीआईएफ़ (Gif) और वीडियो पोस्ट तैयार किए गए ।
- वित्त वर्ष 20 के दौरान बैंक के आधिकारिक **फेसबुक** पेज, जिसका नाम '@MyIndianBank' है, पर 1545 से अधिक पोस्ट किए गए तथा 549122 से अधिक लाइक्स प्राप्त हुए ।
- बैंक के आधिकारिक **ट्विटर** चैनल '@MyIndianBank' पर वित्त वर्ष 20 के दौरान 632 से अधिक ट्वीट किए गए ।
- बैंक का आधिकारिक **यूट्यूब** चैनल 'इंडियन बैंक' पर इस वर्ष 17 वीडियो अपलोड किए गए । इसके कुल 7932 ग्राहक हैं और 20.14 लाख बार देखे गए हैं।
- बैंक के आधिकारिक **इंस्टाग्राम** चैनल '@MyIndianBank' पर 1625 पोस्ट अपलोड किए गए तथा लगभग 33665 उपयोगकर्ता हमारे बैंक का अनुसरण करते हैं ।
- बैंक के आधिकारिक **लिंक्डइन** चैनल "इंडियन बैंक" पर 338 पोस्ट अपलोड किए गए एवं 7501 उपयोगकर्ता इसका अनुसरण करते हैं ।

फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पेजों पर एंगेजमेंट प्रतियोगिताएं

- इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य इंडियन बैंक के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना एवं इसका प्रसार करना तथा हमारे सोशल मीडिया पेजों पर अधिक लोगों को शामिल करना है। बड़े पैमाने पर फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पेज इस्तेमाल किए गए थे । विश्व पुस्तक दिवस, मातृ दिवस, दीवाली और क्रिसमस तथा इंड एडवांटेज को लॉच करने के दौरान 9 अभियान / प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इन प्रचारों के दौरान 18 लाख से अधिक इंप्रेशन देखे गए।

इंडियन बैंक के आधिकारिक न्यूज़लेटर की शुरुआत– "इंड नव्या"

- 'इंड नव्या' एक मासिक ई–समाचार पत्र है जो हमारे मौजूदा और भावी ग्राहकों को बैंक के ग्राहक–केंद्रित पहलों और नए उत्पादों और सेवाओं, सुविधाओं, प्रचार प्रस्तावों, अभियानों की शुरुआत, उपलब्धियों, नेटवर्क विस्तार, घटनाओं, सरकार के निर्देश, आदि जैसे घटनाक्रमों की जानकारी प्रदान करता है । यह ग्राहकों को ई–मेल के माध्यम से भेजा जाता है और बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इस वर्ष के दौरान 12 संस्करण जारी किए गए तथा 1.8 करोड़ ईमेल भेजे गए।

वेबसाइट प्रबंधन

- वेबसाइट के टेम्पलेट में आवश्यक बदलाव करते हुए इसे और अधिक सुलभ और व्यापक बनाने के लिए हमारी वेबसाइट पर 60 से अधिक छवियां अपलोड की गईं ।

कॉल सेंटर पर आईवीआर सुविधा की शुरुआत :

- हमारे टोल–फ्री नंबर 1800 425 00000 पर आईवीआर सुविधा के साथ शेष राशि की जांच, पिछला 5 लेन–देन तथा चेक रोकने की सुविधा पेश की गई थी ।

बैंक का लोयल्टी कार्यक्रम :

- इंड एडवांटेज – बैंक का पहला लोयल्टी कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर 13.09.19 को लॉन्च किया गया था । इस नए कार्यक्रम के तहत, हमारे ग्राहक अब 3 चैनलों जैसे कि डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग पर लेन–देन के लिए रिवार्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। इस प्रकार अर्जित

पॉइंट को वाउचर या एक रिवार्ड वेबसाइट (www.indadvantage.com) या मोबाइल ऐप द्वारा या चुनिंदा व्यापारी प्रतिष्ठानों में बिलों के बदले वास्तविक समय में भुनाया जा सकता है। वर्ष के दौरान, 12 करोड़ से अधिक लेन–देन के लिए 100 करोड़ से अधिक रिवार्ड पॉइंट प्रदान किए गए। पिछली तिमाही के दौरान खर्चों में 31% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

प्रतिष्ठा, प्रचार और दृश्यता में सुधार

- शाखाओं, अंचल कार्यालयों और अन्य कार्यालयों में कार्यरत क्षेत्र स्तर के पदाधिकारियों के लिए डैंग्लर, बैनर, पोस्टर आदि की सॉफ्ट कॉपी तैयार की गयी और अपलोड की गयी ।
- रेडियो और टीवी पर विज्ञापन
- बाह्य विज्ञापन – ट्राई–विसन वाले होर्डिंग्स, डिजिटल साइनेज पैनल और बस छावनियों में विज्ञापनों का उपयोग करके हमारे उत्पादों को प्रदर्शित किया गया ।
- मुद्रित विज्ञापन – 'ओपन' पत्रिका में, जन जागरण वार्षिक पुस्तक 2020 में, इंडिया टुडे, मलयालम में आदि।

विपणन अभियानों का विवरण :

- क्रिकबज़ पर आईबी डीजी के लिए लीड जेनरेशन अभियान
- आईबी डेबिट कार्ड पर नकद इनाम अभियान
- बुक माय शो पर आईबी डेबिट कार्ड पर कैशबैक अभियान
- डेलीहंट ऐप पर गृह ऋण और वाहन ऋण के लिए लीड जेनरेशन

30. कॉर्पोरेट सम्प्रेषण पहलें

बाह्य सम्प्रेषण

- वर्ष 2019–20 के दौरान, बैंक ने ग्राहक केंद्रित उत्पादों के जरिए ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया, आम जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और कल्याण के प्रति जागरूक किया।
- बैंक ने अपना 113 वां स्थापना दिवस इमेज, चेन्नै में मनाया जिसमें स्टाफ सदस्यों और ग्राहकों ने भाग लिया।
- बैंक ने विभिन्न कार्यक्रम जैसे– प्रेस कॉन्फ्रेंस / बैठकें, विभिन्न अवसरों पर विशेष साक्षात्कार, जिसमें नई प्रौद्योगिकी उत्पादों का प्रक्षेपण, मेला, वित्तीय परिणाम और महत्वपूर्ण कार्यक्रम जैसे सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वच्छ भारत अभियान आदि का आयोजन किया गया। बैंक के 80 से अधिक विभिन्न कार्यक्रमों को मीडिया / प्रेस द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर कवर किया गया।
- बैंक ईटी नाउ, बीटीवीआई, सीएनबीसी टीवी 18 ग्रुप, तंदी टीवी, सन टीवी, पुतियतलमुरै टीवी, न्यूज 7, न्यूज 18, द हिंदू, द टाइम्स ऑफ इंडिया, बिजनेस लाइन, द इकोनॉमिक टाइम्स, बिजनेस स्टैंडर्ड, द्वारा व्यापक रूप से कवर किया गया था। फाइनेंशियल एक्सप्रेस, हिंदुस्तान टाइम्स, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस, दैनिक तंदी, दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दिनमणी, आदि विभिन्न अवसरों के दौरान जैसे कि वित्तीय परिणाम घोषित करने के लिए प्रेस बैठक, तकनीकी उत्पाद की शुरुआत करना, लोन मेला, स्वच्छ भारत पखवाड़ा, अखिल भारतीय स्तर पर रक्त दान / अंग दान शिविर, 113वां स्थापना दिवस समारोह आदि।
- चेन्नै / मदुरै / पुणे / तिरुपति रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापनों के माध्यम से बाह्य अभियानों पर जोर दिया गया तथा चेन्नै / उपनगरों में 26 रेलवे स्टेशनों पर, बस टर्मिनस और चेन्नै में बस छावनियों पर मोबाइल चार्जिंग इकाइयों द्वारा विज्ञापन दिया गया है।
- दिल्ली के प्रमुख 10 मेट्रो स्टेशनों पर बाह्य विज्ञापन अभियान चलाया गया । चेन्नै एयरपोर्ट / रेलवे स्टेशनों और मदुरै रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रॉली ब्रांडिंग / होर्डिंग्स लगाए गए।
- स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, दिवाली और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के दौरान विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापनों को प्रकाशित कराया गया ।
- राष्ट्र के प्रति सेवारत बैंक के 113 वर्ष पूरा होने पर एक नया स्मारक चिन्ह डिजाइन किया गया।

आंतरिक सम्प्रेषण

- बैंक के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे जन्मदिन समारोह, सीएसआर कार्यक्रम, संसदीय समिति के दौरे, महिला दिवस, आदि की जानकारी कर्मचारियों को हेल्पडेस्क के माध्यम से दी गई । विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवसों जैसे विश्व पर्यावरण दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, रक्तदाता दिवस, मई दिवस, मातृ दिवस आदि के बारे में जागरूक करने के लिए बैनरों को भी प्रदर्शित किया गया।

31. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व :

- बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) की पहलें, बैंकिंग से भी आगे बढकर रहीं और इससे वह नैतिक मूल्यों का आदर करता है तथा लोगों, समुदायों और प्राकृतिक पर्यावरण का पोषण करता है।
- एक सशक्त कॉर्पोरेट के रूप में, बैंक भारत के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता के साथ समाज के लाभ के लिए विभिन्न पहल कर रहा है। अपनी मानवीय सेवाओं पर गर्व करते हुए, बैंक ने हाल के दिनों में कई लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देने एवं सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कई प्रशस्तियां प्राप्त की हैं।
- एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में बैंक ने विभिन्न योगदान करते हुए जरूरतमंद एवं सुविधाओं से वंचित लोगों वर्गों को सहारा प्रदान किया है :

▪ **महिला सशक्तिकरण** : कायद–ए–मिलात विमेंस कॉलेज, एग्मोर, चेन्नै को सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं इन्सिनेरेटर प्रदान किया गया।

▪ **समवेशी विकास** : सेलम में स्थित ताय मडी ट्रस्ट जो कि एक वृद्धाश्रम है, के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए (रु. 14.5 लाख) प्रायोजन ।

▪ **हरित पहल** : भारत सरकार द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों के अंतर्गत विल्लुपुरम जिले में डीआरडीए द्वारा आयोजित जल शक्ति अभियान कार्यक्रम के लिए (रु.7 लाख) प्रायोजन ।

▪ **वित्तीय साक्षरता और व्यावसायिक कौशल विकास** : वेल्लूर में इंडसेटी भवन के निर्माण में (रु. 10 लाख) योगदान।

सीएसआर की मुख्य बातें :

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सिंगलयूस प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए बैंक ने हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ की है। इस अभियान का उद्घाटन सुश्री पद्मजा चुंडुरू, एमडी एवं सीईओ द्वारा की गई।

बैंक ने 'सिंगल यूज प्लास्टिक' उपयोग न किए जाने से संबंधित जागरूकता लाने के लिए एक वाकथॉन का आयोजन किया ।

बैंक ने सिंगिलयूज प्लास्टिक के बहिष्कार के प्रति विभिन्न कॉलेजों में अभियान चलाया।

21 जून 2019 को गवर्मेन्ट आर्टस कॉलेज (पुरूष) नंदनम में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया।

योग दिवस का आयोजन (संपूर्ण भारत में)

कन्नगी नगर सरकारी स्कूल

बालिकाओं के लिए केल्लीस में स्थित जुवनील होम (किशोर गृह)

मुंबई Mumbai

तिरुवारूर Tiruvarur

लुधियाना Ludhiana

कोयम्बत्तूर Coimbatore

स्टेनली मेडिकल कॉलेज एवं रायपेट्टा सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त देने के लिए उपयोग किए जाने वाले पलंग (कोट) दान किए गए।

वर्ल्ड ब्लड डोनर दिवस के अवसर पर 14 जून 2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 115 कर्मचारियों ने स्टेनली सरकारी मेडिकल कॉलेज तथा रायपेट्टा सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक को स्वैच्छिक तौर पर रक्त प्रदान किया।

Sree Sastha Engineering College, Chennai

वीआईटी यूनिवर्सिटी, चेन्नै

आनंद इंस्टीट्यूट आफ हायर टेक्नॉलजी,

स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के लिए वाईएमसीए फिजिकल एजुकेशन कॉलेज, नंदनम में वृक्षारोपण ड्राइव का आयोजन किया गया।

इंडियन बैंक ने महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती समारोह के दौरान थक्कर बापा नर्सरी एवं प्राइमरी स्कूल चेन्नै को आउटडोर में खेलने की सामग्रियाँ प्रदान की गई।

कोविड–19 जागरुकता से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम के रूप में कन्नगी नगर एवं अरफन्धती नगर में क्या करें/क्या न करें बोर्ड प्रदर्शित किए गए। वहाँ रहने वाले प्रवासियों को मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित किए गए।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर निम्मदी वार विडोज ओल्ड एज होम चेन्नै को कुर्सियाँ वितरित की गई।

निरालंब बच्चों के लिए नंदनम, चेन्नै में कार्यरत एक पब्लिक चैरिटिबिल ट्रस्ट ''उदवुम उल्लंगल'' को आनन्द दीपावली मनाने के लिए चन्दा दिया गया।

कॉलेजों, स्कूलों एवं नॉन प्राफिट संस्थाओं के मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए वेल्लूर जिला कलेक्टर के सीएसआर निधि को चंदा दिया गया।

सरकारी लॉ कालेज सेलम को अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए नए फर्नीचर खरीदने के लिए सहायता प्रदान की गई।

तिरुवन्नामलै में मुलसीपल प्रशासन को 125 वैयक्तिक घरेलू शौचालय योजना के तहत शौचालय बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

कडलूर में स्थित जिला खनिज एवं खान फाऊंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफ) को अवैध खनन से होने वाले बुरे प्रभावों को दर्शाने वाले 12 बोर्ड लगाने के लिए सहायता प्रदान की गई।

अवशिष्ट प्रबंधन के लिए मैनुअल हाइड्रॉलिक लिफ्टिंग सुविधा के साथ 10 ई–रिक्शा खरीदने के लिए तिरुनेलवेली जिला कलेक्ट्रेट की सहायता की गयी ।

अमरावती अंचल ने, सरकारी उच्चतर विद्यालय, चौतरा के गरीब विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की।

श्री शशि भूषण दाश, उप महाप्रबन्धक, शाखा प्रबन्धक एवं झारपाडा शाखा के कर्मचारियों द्वारा लक्ष्मी नगर हाई स्कूल में वृक्षारोपण की शुरुआत की गई।

श्री तनमय दे सरकार, अंचल प्रबन्धक गुवाहाटी द्वारा टीम इंडियन बैंक गुवाहाटी द्वारा बाद राहत के लिए इकठ्ठा की गई राशि असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री सरबानन्दा सोनोवाल को प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री कोविड–19 राहत कोष में योगदान

सुश्री पद्‌मजा चुन्डूरू, एमडी एवं सीईओ, इंडियन बैंक द्वारा तमिलनाडु सरकार के मुख्य सचिव को चेक सौंपा गया।

एफ़जीएम, (पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक) बैंक तथा अंचल प्रबंधक, लखनऊ, इंडियन बैंक द्वारा उत्तर प्रदेश, के माननीय मुख्यमंत्री को चेक सौंपा गया।

क्षेत्र महाप्रबंधक(पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक) तथा अंचल प्रबंधक, रांची, इंडियन बैंक एवं पूर्ववर्ती–इलाहाबाद बैंक, द्वारा झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री को चेक,सौंपा गया।

इंडियन बैंक एवं पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के भुवनेश्वर अंचल के, अंचल प्रबंधकों द्वारा ओडिशा के मुख्य सचिव को एक सौंपा गया।

इंडियन बैंक एवं पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के बेंगलुरु अंचल के अंचल प्रबंधकों द्वारा कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव को डिमांड ड्राफ्ट सौंपा गया ।

इंडियन बैंक और पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के पटना अंचल के अंचल प्रबंधकों, द्वारा माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार को चेक सौंपा गया।

इंडियन बैंक, अंचल प्रबंधक, चंडीगढ़ द्वारा हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री को चेक सौंपते हुए।

अंचल प्रबंधक, भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को चेक सौंपा गया।

अंचल प्रबंधक, अमरावती द्वारा आंध्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को डिमांड ड्राफ्ट सौंपा गया।

32. खेल –कूद

इंडियन बैंक खेल समिति ने 10 से 24 मई 2019 तक छोटे बच्चों के लिए क्रिकेट और वॉलीबॉल हेतु ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर का सफल आयोजन किया । जिससे लगभग 250 लड़के एवं लड़कियां लाभान्वित हुए ।

चेन्नै में स्थित दो स्कूलों के 40 छात्रों (लड़कों एवं लड़कियों) को हमारे बैंक ने चुना है तथा उन्हें हमारे इंडियन बैंक के खिलाड़ियों द्वारा उनके स्कूल के मैदान में कोचिंग दी जा रही है।

हमारे बैंक ने 21 और 22 दिसंबर 2019 को इमेज में नेत्रहीन खिलाड़ियों के लिए एक राज्य स्तरीय शतरंज टूर्नामेंट 'इंडियन बैंक ट्रॉफी' का आयोजन किया ।

इंडियन बैंक क्रिकेट टीम ने (30 साल बाद) फाइनल में डीएसएस क्लब को हराकर एसआईसीजीआईएल ट्रॉफी जीती। (फाइनल में पहुँचने के लिए इंडियन बैंक ने क्वार्टर फाइनल में एजी ऑफिस को और सेमी फ़ाइनल में आईसीएफ़ को हराया)।

इंडियन बैंक क्रिकेट टीम को टीएनसीए द्वारा आयोजित सेकंड डिवीजन तमिलनाडु क्रिकेट लीग चैंपियनशिप के लिए पदोन्नत किया गया।

इंडियन बैंक बास्केटबॉल टीम चेन्नै की सबसे आकर्षक टीमों में से एक है। इसने कई ट्रॉफियाँ जीती हैं। इंडियन बैंक बास्केटबॉल टीम, पुरुषों के लिए आयोजित तमिलनाडु सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में विजयी हुई और फेडरेशन कप बास्केटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया।

हमारे दो बास्केटबॉल खिलाड़ियों को वरिष्ठ भारतीय टीम में जगह मिली है जिन्होंने नेपाल के काठमांडू में आयोजित 13वें दक्षिण एशियाई महासंघ खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

हमारे बैंक के बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री मुईन बेक, श्री आर.हरिराम, श्री बालाधनेश्वर, श्री जेनीब बेनी और श्री ए.सूर्या ने तमिलनाडु के सीनियर स्टेट बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया और लुधियाना, पंजाब में 21 से 28 दिसंबर 2019 तक आयोजित 70वें सीनियर नैशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

इंडियन बैंक वॉलीबॉल टीम, हमारे देश की सबसे लोकप्रिय टीम है जिसने कई राज्य स्तर और अखिल भारतीय स्तर के टूर्नामेंट जीते हैं।

हमारे दो वॉलीबॉल खिलाड़ियों को नेपाल के काठमांडू में आयोजित 13वें दक्षिण एशियाई महासंघ खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली वरिष्ठ भारतीय टीम में जगह मिली ।

इंडियन बैंक वॉलीबॉल खिलाड़ी श्री एल.एम. मनोज, के. सूर्य प्रकाश, मोहन कुमार और मिथुन कुमार ने तमिलनाडु सीनियर स्टेट टीम का प्रतिनिधित्व किया और 27 सितंबर से 3 अक्टूबर 2019 तक पंजाब के अमृतसर में आयोजित वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 32वें फेडरेशन कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

33. बैंक में राजभाषा का कार्यान्वयन

- बैंक, राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा राजभाषा नियम, 1976 के आधार पर भारत सरकार की राजभाषा नीति का सक्रियतापूर्वक कार्यान्वयन कर रहा है। बैंक द्वारा प्रतिवर्ष भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के आधार पर राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित कार्यक्रम तैयार किया जाता है तथा अंचल कार्यालयों को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जाता है। इस संबंध में हर वर्ष एक मास्टर परिपत्र भी जारी किया जाता है।

- बैंक ने स्वच्छ भारत अभियान की आवश्यकता और उपयोगिता को समझते हुए, स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नव वर्ष 2020 के अवसर पर, स्वच्छता पर महात्मा गांधी के विचारों को समाहित करते हुए एक सचित्र डेस्क कलेंडर हिन्दी में तैयार किया है।

- बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा त्रै–मासिक हिन्दी पत्रिका 'इंड–छवि' का प्रकाशन किया जा रहा है। अंचल कार्यालयों से भी त्रै–मासिक/छमाही हिन्दी पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जा रहा है, जिनमें अन्य आवश्यक विषयों के साथ बैंकिंग विषयों पर विशेष जोर दिया जाता है।

- हिन्दी माह समारोह' 2019 के अवसर पर हमारे कॉर्पोरेट कार्यालय में दिनांक 19 08 2019 से 13 09 2019 तक स्टाफ सदस्यों के लिए 10 हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन और स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए दिनांक 01 09 2019 को 3 हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंचल कार्यालयों द्वारा भी हिन्दी दिवस, हिन्दी सप्ताह इत्यादि का आयोजन किया गया।

- हिन्दी माह 2019 के समापन समारोह के अवसर पर हमारी एमडी एवं सीईओ महोदया द्वारा दिनांक 23 09 2019 को हमारे बैंक की वेबसाइट पर एक विशेष हिन्दी वेब पेज का अनावरण किया गया। इस अवसर पर हमारे बैंक के उच्च कार्यपालकगण भी उपस्थित रहे।

एमडी एवं सीईओ, सुश्री पद्मजा चुन्डूरू हिन्दी वेबपेज का अनावरण करते हुए

- हिन्दी माह 2019 के समापन समारोह के दौरान दिनांक 23.09.2019 को 'बैंकर ग्राहक संवाद ' नामक पुस्तिका का विमोचन किया गया ।

- बैंक की वेबसाइट पूर्णतः द्विभाषी है । बैंक की मोबाइल एप्प इंड–पे 6 भाषाओं (हिन्दी, अँग्रेजी, तमिल, मराठी, मलयालम और गुजरती) में है। सभी आवश्यक प्रपत्र व प्रारूप द्विभाषी/त्रिभाषी रूप में उपलब्ध हैं। बैनर, पोस्टर एवं पैम्फलेट इत्यादि द्विभाषी/त्रिभाषी बनाए जाते हैं।

- नवंबर–दिसंबर 2019 के दौरान बैंक द्वारा ''**भारतीय अर्थव्यत्वस्था में बैंकों के समामेलन का महत्व**'' विषय पर एक अखिल भारतीय अंतर–बैंक हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- बैंक ने 27 दिसंबर 2019 को **''भारतीय अर्थव्य वस्थाम में बैंकों के समामेलन का महत्व''** विषय पर कोलकाता में **अखिल भारतीय हिन्दी सेमिनार** का आयोजन किया। प्राप्त निबंधों में से श्रेष्ठे 24 निबंधों का चयन कर एक पुस्तक के रूप में उनके संकलन का इस सेमिनार के दौरान विमोचन किया गया।

सुश्री अनुराधा मित्रा, सचिव राजभाषा विभाग, भारत सरकार सभा को संबोधित करते हुए

- हिंदी सीखने के लिए हेल्पडेस्क पर हिंदी शब्द प्रदर्शित किए जा रहे हैं ।

- हिन्दी शिक्षण योजना, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षाओं में वर्ष 2019 के दौरान 33 स्टाफ सदस्य उत्तीसर्ण हुए हैं।

- स्टाफ सदस्यों को हिन्दी कार्यशालाओं के जरिए प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया जाता है। इमेज, स्टाफ प्रशिक्षण केंद्रों तथा विभिन्न अंचल कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जिनमें व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वर्ष के दौरान कुल 48 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिनमें 315 अधिकारियों तथा 220 लिपिकों सहित कुल 535 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।

- **"हिन्दी में छोटे–छोटे टिप्पण"** एवं **"बोलचाल की हिन्दी"** विषयों पर दिनांक 07.11.2019 को इमेज में कार्यपालकों हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कॉर्पोरेट कार्यालय, अंचल कार्यालयों एवं शाखाओं से कुल 19 कार्यपालकों द्वारा प्रतिभागिता की गई।

- शाखाओं के राजभाषा विषयक निरीक्षण नियमित रूप से किए जा रहे हैं और राजभाषा कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्टाफ सदस्यों को डेस्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

- बैंक में कॉर्पोरेट कार्यालय एवं अंचल कार्यालयों में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का आयोजन किया जा रहा है।

- बैंक के कुछ चुनिंदा कार्यालयों को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के संचालन का दायित्व भारत सरकार द्वारा सौंपा गया है, जिसको पूर्ण निष्ठा के साथ निभाया जा रहा है:

- **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), चेन्नै (बैंक व वि.सं.)** को क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण–पश्चिम) द्वारा राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार के अंतर्गत **तृतीय पुरस्कार** प्रदान किया गया।

- इसके अतिरिक्त राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वययन के लिए मदुरै, पुदुच्चेरी, हुबली, मुंबई, कोलकाता, एवं चेन्नै उत्तर अंचल कार्यालयों को विभिन्न नराकासों द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

- चेन्नै नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक/वि.सं) एवं इंडियन बैंक के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 10.01.2020 विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर 'राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम' एवं 'हिन्दी संगीत संध्या' का आयोजन किया।

- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), चेन्नै (बैंक/वि.सं) के तत्वावधान में भारतीय रिजर्व बैंक, चेन्नै द्वारा "बैंकिंग के विविध आयाम" विषय पर दिनांक 29.05.2019 को एक सेमिनार आयोजित किया, जिसकी अध्यक्षता हमारी प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सुश्री पद्‌मजा चुन्डूरू द्वारा की गई।

- चेन्नै नराकास (बैंक/वि.सं) द्वारा **'चेन्नै भारती'** पत्रिका का विमोचन किया गया ।

- चेन्नै नराकास (बैंक/वि.सं) की बैठकें नियोजित समय पर आयोजित की जा रही हैं।

व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट – 2019–20

खण्ड ए: कंपनी का सामान्य परिचय

1. कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
2. कंपनी का नाम	इंडियन बैंक
3. पंजीकृत पता	66, राजाजी सालै, चेन्नै - 600 001
4. वेबसाइट	www.indianbank.in
5. ई–मेल	indmail@indianbank.co.in
6. रिपोर्ट का वित्तीय वर्ष	2019-20
7. कंपनी के व्यावसायिक क्षेत्र (औद्योगिक गतिविधि कोड–वार)	बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं
8. 3 मुख्य उत्पाद/सेवाएँ जो निर्माता देता है (तुलन पत्र के अनुसार)	जमा उत्पाद, ऋण उत्पाद एवं प्रेषण आदि
9. स्थानों की कुल संख्या जहां कंपनी द्वारा व्यापार गतिविधियां की जाती है। **स्थानों की कुल संख्या** I. राष्ट्रीय II. अंतर्राष्ट्रीय	 31.03.2020 तक 2887 शाखाएँ 3 (सिंगापुर, कोलंबों एवं जाफना)
10. कंपनी द्वारा जिन बाज़ारों में सेवा प्रदान की जाती है – स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय	**29 राज्यों एवं 6 संघ राज्य क्षेत्रों में बैंक की शाखाएं है और सिंगापुर एवं श्रीलंका में बैंक की अंतराष्ट्रीय उपस्थिति है।**

खंड बी: कंपनी के वित्तीय ब्यौरे

1) प्रदत्त पूंजी (भारतीय रुपये)	**₹ 608.80 करोड़**
2) कुल कारोबार (भारतीय रुपये)/राजस्व	**₹ 4,66,116.00 करोड़ (कुल कारोबार)**
3) कर चुकौती के बाद कुल लाभ (भारतीय रुपये)	**₹ 753.00 करोड़**
4) कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर कर चुकाने के बाद लाभ के प्रतिशत के रूप में कुल व्यय	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए सीएसआर पर व्यय अनिवार्य नहीं है। तथापि बैंक ने रुपए 1,62,89,000/– खर्च किया है।

5) गतिविधियों की सूची जिसमें उक्त (4) पर व्यय हुआ है।

क्रम सं	सीएसआर गतिविधियाँ	राशि (₹)
1.	समावेशी प्रगति	1,05,08,000/-
2.	हरित पहल और पर्यावरण धारणीयता	47,25,000/-
3.	लिंग समानता और महिलाओं का सशक्तिकरण	43,000/-
4.	व्यावसायिक कौशल और वित्तीय कौशल बढाना	10,13,000/-
	कुल	**1,62,89,000/-**

खंड सी : अन्य विवरण

1. क्या कंपनी की कोई अनुषंगी कंपनी/कंपनियां है ?	हाँ ए. इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड। बी. इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड।
2. क्या अनुषंगियां: मूल कंपनी की बीआर पहल को कार्यान्वित करती है, यदि हाँ, तो ऐसी अनुषंगियों की संख्या प्रस्तुत करें।	मेसर्स इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड बैंक के बीआर पेहल में भाग नहीं लेता है और स्वतंत्ररूप से बीआर पहल कर रहा है।
3. क्या कोई अन्य संस्था/संस्थाएं जिनके साथ कंपनी व्यापार करती है, (जैसे प्रदायक, वितरक आदि) कंपनी की बीआर पहलों में भागीदारी निभाती हैं ? यदि हाँ, तो यह दर्शाएँ कि ऐसी संस्थाओं का प्रतिशत कितना है (30 प्रतिशत से कम, 30 से 60 प्रतिशत, 60 प्रतिशत से अधिक)	नहीं

खंड डी: बीआर जानकारी

1. बीआर के प्रति उत्तरदायी निदेशक / निदेशकों के विवरण

I. बीआर नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों के विवरण

डीआईएन संख्या	07561455
नाम	**श्री वी वी शेणॉय**
पदनाम	कार्यपालक निदेशक

II. बीआर प्रमुख का विवरण निम्न प्रकार है

क्रम सं	विवरण	ब्यौरा
1	डीआईएन सं (अगर लागू हो तो)	लागू नहीं
2	नाम	**श्री सुधाकर राव के एस**
3	पदनाम	महाप्रबंधक
4	टेलीफोन संख्या	044 – 28134566
5	ईमेल आईडी	sudhakar.rao@indianbank.co.in

2. सिद्धांत–वार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति /नीतियाँ (हाँ/नहीं में जवाब दें)

क्रम सं	प्रश्न	कारोबारी आचार	उत्पाद जिम्मेदारी	कर्मचारियों का कल्याण	स्टेक धारक की वचनबद्धता	मानव अधिकार	पर्यावरण	जन नीति	समावेशी विकास	ग्राहक संबंध
1	क्या आपके पास इनके लिए नीति / नीतियाँ हैं	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
2	क्या यह नीति संबन्धित स्टेकधारकों से परामर्श के बाद बनाई गई हैं?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
3	क्या यह नीति किसी भी राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप है ? यदि हाँ ,तो (50 शब्दों में) बताएं	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
4	क्या नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है ? यदि हाँ, तो क्या वह सक्षम प्रनि / स्वामी / मुकाअ /उपयुक्त बोर्ड के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है ।	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
5	क्या कंपनी की नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बोर्ड / निदेशक/ अधिकारी की एक निर्दिष्ट समिति है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
6	नीति को ऑनलाइन देखे जाने के लिए लिंक दें ?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
7	क्या नीति के बारे में औपचारिक रूप से सभी प्रासंगिक आंतरिक और बाहरी स्टेक धारकों को सूचित किया गया है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
8	क्या कंपनी की नीति / नीतियों को लागू करने के लिए आंतरिक संरचना है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
9	क्या कंपनी की नीति/ नीतियों से संबंधित, "शिकायत निवारण प्रणाली" हितधारकों की शिकायतों को सुलझाने के लिए उपलब्ध है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
10	क्या आंतरिक या बाहरी एजेंसियों द्वारा कंपनी की इस नीति की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र लेखा परीक्षा/मूल्यांकन किया गया है?	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं

2ए. यदि क्र.सं. 1 से किसी भी सिद्धांत के आगे जवाब 'नहीं' है, तो ऐसा क्यों है कृपया समझाएं (2 विकल्पों पर टिक लगाएँ)

क्रम सं	प्रश्न	पृ1	पृ2	पृ3	पृ4	पृ5	पृ6	पृ7	पृ8	पृ9
1	कंपनी ने सिद्धांतों को नहीं समझा है।									
2	कंपनी ऐसी स्थितियों में निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियां तैयार करने और लागू करने की स्थिति में नहीं है ।									
3	कंपनी के पास कार्य के लिए वित्तीय या मानव शक्ति संसाधन उपलब्ध नहीं हैं ।						लागू नहीं			
4	इसे अगले 6 महीनों के भीतर किए जाने की योजना बनाई गई है।									
5	इसे अगले 1 साल के भीतर किए जाने की योजना बनाई गई है ।									
6	कोई अन्य कारण (कृपया बताएं)									

3. बीआर से संबन्धित अभिशासन

▪ उस बारंबारता को दर्शाएं, जिसके साथ निदेशक मण्डल, मण्डल की समिति या सीईओ, कंपनी के बीआर निष्पादन का मूल्यांकन करते है।	▪ चूँकि कारोबार का दायित्व सम्पूर्ण बैंकिंग को शामिल करता है, अतः विभाग की संबन्धित नीतियां पृथक रूप से तैयार/नवीकृत की जाती है और बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त किया जाता है।
▪ क्या कंपनी एक बीआर या एक धारणीयता रिपोर्ट प्रकाशित करती है ? इस रिपोर्ट को देखने के लिए कौनसी हायपरलिंक है ? कितनी बारंबारता से इसे प्रकाशित किया गया है।	▪ यथासमय वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी ।

खंड ई : सिद्धांत–वार निष्पादन

सिद्धांत 1: कारोबार को आचार नीति, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ अपना व्यवहार एवं संचालन करना चाहिए।

1. क्या आचार नीति, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से संबन्धित नीति केवल कंपनी को कवर करती है? क्या यह समूह/ संयुक्त उद्यम/ संपूर्तिकर्ता/ ठेकेदारों/ एनजीओ/ अन्य को भी कवर करती है?	● ग्राहकों को बैंक के साथ किए जाने वाले अपने लेनदेनों में संतोषजनक सेवा की प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2006 में भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) को एक स्वतंत्र स्वायिक पर्यवेक्षक के रूप में स्थापना की। ● बीसीएसबीआई ने ''ग्राहकों के प्रति बैंक प्रतिबद्धता संहिता – जनवरी 2018'' में तथा ''सूक्ष्म और लघु उद्यमों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता–अगस्त 2015'' में प्रकाशित किया है, जो बैंकों के लिए ग्राहक सेवा में अनुकरण हेतु बैंकिंग कार्य–प्रणाली और बेंचमार्क के न्यूनतम मानकों को निर्दिष्ट करते हैं। ● बैंक बीसीएसबीआई का सदस्य है और इसलिए इसने उपर्युक्त संहिताओं को अपने ग्राहकों के साथ लेनदेन करने में न्यायोचित व्यवहार कोड के रूप में स्वेच्छा से अपनाया है। ● बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति के समक्ष ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता को अभिग्रहीत करने हेतु रखा गया है। ● संहिता की पूर्ण प्रति www.indianbank.in पर उपलब्ध है।

	• "इंडियन बैंक का सिटिजन्स चार्टर" बैंक की शाखाओं में ग्राहकों हेतु उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं / सेवाओं पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता हैं। • सिटिजन्स चार्टर के साथ संहिता, बैंक में ग्राहकों के साथ किए जाने वाले लेन–देनों में उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के उच्च मानकों को सुनिश्चित करेगा।
2. पिछले वित्तीय वर्ष में स्टेक होल्डरों से कितनी शिकायतें प्राप्त की गईं और कितने प्रतिशत शिकायतों का प्रबंधन द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया? यदि ऐसा हुआ है तो लगभग 50 शब्दों में उनका विवरण उपलब्ध कराएं।	• कॉका : ग्राहक सेवा केंद्र, ग्राहक शिकायत निवारण से संबद्ध मामले की देख–रेख करता है। • बैंक ने मानकीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) की शुरुआत की है। सभी माध्यमों से प्राप्त शिकायतें एवं 24 घंटे से अधिक समय तक लंबित अनसुलझे मामलें एसपीजीआरएस के पास आ जाते हैं। ग्राहक भी एसपीजीआरएस द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। • ग्राहक शिकायत निवारण एवं सेवाओं में कमी के लिए ग्राहकों को दिए जानेवाले मुआवजों पर बने नीति के अनुसार, बैंक ने ग्राहकों की शिकायतों को दूर करने के लिए 21 दिनों की अधिकतम समय सीमा रखी है। • हालांकि, अधिकांश शिकायतों को 5–7 दिनों के औसत समय के भीतर ही निपटा लिया जाता है।
वर्ष के प्रारम्भ में लंबित शिकायतों की संख्या	5493
वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	429068
वर्ष के दौरान निपटायी गई शिकायतों की संख्या	418385
वर्ष के दौरान लंबित शिकायतों की संख्या	16176
निपटायी गई शिकायतों का प्रतिशत	96.27%

सिद्धांत–2 : कारोबार को ऐसी वस्तुएँ और सेवाएँ प्रदान करनी चाहिए जो सुरक्षित हों और अपने पूर्ण जीवन–काल तक धारणीयता बनाए रखने में योगदान दें।

1. अपने तीन उत्पाद या सेवाओं को मात्र सूचीबद्ध करें जिसकी रूपरेखा ने सामाजिक या पर्यावरण संबंधी व्यवसाय, जोखिम और/या सुअवसर को शामिल किया है ।	बैंक निम्नलिखित वित्तीय सेवाएँ प्रस्तुत करता है जो सामाजिक कारोबारों और सुअवसरों को सम्मलित करती है। • स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) • वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) • इंडियन बैंक स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (इंडसेटी) वर्ष 2019–20 के दौरान, हमारे ऋण विभाग ने पवन / सौर / बायोमास सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ₹39.8 करोड़ की मंजूरी दी है। i. उर्जा कुशल एलईडी फिक्चर्स का प्रावधान ii. बैंक के अपने निजी भवन के छत पर सौर पैनलों का प्रावधान iii. कॉर्पोरेट कार्यालय में गंदा पानी प्रक्रिया संयंत्र

2. प्रत्येक ऐसे उत्पाद के संबंध में प्रति इकाई (वैकल्पिक) संसाधन (ऊर्जा, जल, कच्चा माल आदि) के प्रयोग के संबंध में ब्यौरे दें। i) क्या पिछले वर्ष के प्रारम्भ से अंत तक मूल्य श्रृंखला के दरमियान स्रोत / उत्पाद / वितरण में कटौती प्राप्त की गई है? ii) क्या पिछले वर्ष से उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग में (ऊर्जा, जल) कटौती हुई है?	i. एलईडी फिक्स्चर की शुरूआत के साथ, जहां भी स्थापित हो, लाइटिंग पर होनेवाली बिजली की खपत लगभग 40 प्रतिशत तक कम हो गई। ii. कॉर्पोरेट कार्यालय और प्रधान कार्यालय के अलावा चेन्नै के 7 शाखाओं में छत के ऊपर सौर पैनलों के स्थापन के साथ, दिनांक 31.03.2020 को समाप्त वर्ष में में कुल 5.25 लाख यूनिट बिजली के उत्पादन से बिजली बिल में लगभग रुपये 41.00 लाख की बचत हुई। iii. एसटीपी के माध्यम से, गंदे पानी को सर्कुलेट किया गया तथा प्रतिदिन लगभग 17,000 लीटर पानी का पुनर्चक्रण किया जाता है, इस प्रकार पानी पर होने वाले खर्च से रु. 5.60 लाख की बचत हुई।
3. क्या कंपनी धारणीय सोर्सिंग (परिवहन को मिलाकर) के लिए कोई प्रक्रिया विधि अपना रही है? i) यदि हाँ, तो आपके इनपुट स्रोत का क्या प्रतिशत धारणीय रूप से प्राप्त किया गया था? लगभग 50 शब्दों में इसका ब्यौरा प्रस्तुत करें।	**लागू नहीं** **लागू नहीं** सभी वित्तीय उत्पाद हैं और पूरे परिचालन क्षेत्र को इन्हें सिखाने का लक्ष्य रहा हैं।
4. क्या कंपनी ने अपने कार्य स्थल के आसपास के समाज सहित सूक्ष्म एवं लघु उत्पादकों से वस्तुएँ और सेवाएँ प्राप्त करने के लिए कोई कदम उठाया है? यदि हाँ, तो स्थानीय और लघु विक्रेताओं की क्षमता और योग्यता को उन्नत करने के लिए कौन से कदम उठाए गए हैं?	हाँ ▪ परिवहन कीमत और समय अंतराल को कम करने के उद्देश्य से वस्तुएं नजदीकी विक्रेताओं से अधिमान्य रूप से प्राप्त की जाती हैं।
5. क्या कंपनी के पास उत्पादों और बेकार वस्तुओं का पुनर्चक्रण करने की व्यवस्था है?यदि हाँ, तो उत्पादों और बेकार वस्तुओं के पुनर्चक्रण का प्रतिशत क्या है?(पृथक रूप से, जैसे 5% से कम, 5% से 10% आदि)। लगभग 50 शब्दों में इसका ब्यौरा प्रस्तुत करें।	हाँ, कार्पोरेट कार्यालय रायपेट्टा में 5% से कम ● गन्दे पानी के शुद्धिकरण हेतु संयंत्र 17,000 लिटर प्रतिदिन के आउटपुट के साथ कार्पोरेट कार्यालय रायपेट्टा में उपलब्ध कराई गई है।

सिद्धांत–3 : कारोबार सभी कर्मचारियों की सुख समृद्धि का बढावा करें।

1. कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या दें	18796 (18691*)
2. कृपया अस्थायी संविदात्मक / अनौपचारिक आधार पर काम पर लगाये गए कर्मचारियों की पूर्ण संख्या दें :	20 (संविदा के आधार पर)
3. कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या दर्शाएँ	6509 (6442*)
4. कृपया स्थायी विकलांगता वाले स्थायी कर्मचारियों की संख्या दर्शाएँ:	372
5. क्या आपका कोई कर्मचारी संगठन है जो प्रबंधन द्वारा मान्यता प्राप्त है ?	हाँ
6. आपके कर्मचारियों में से इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन के सदस्यों का क्या प्रतिशत है?	अधिकारी : – 87.38% अवार्ड स्टाफ: – 74.08%

7.	कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में और वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित बाल मज़दूरी, बंधुआ मज़दूरी, अनिच्छा मज़दूरी, यौन उत्पीडन से संबंधित शिकायतों की संख्या दर्शाएँ।	(see table below)

शिकायतें	बाल मज़दूर	बंधुआ मज़दूर	अनिच्छा मज़दूर	यौन उत्पीडन
प्राप्त शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य	शून्य	1
लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य	शून्य	0

8.	अधोलिखित आपके कर्मचारियों को पिछले वर्ष में दी गई सुरक्षा और कुशलता उन्नयन प्रशिक्षण का प्रतिशत क्या है ?	अधिकारी 85% लिपिक 77% अधीनस्थ कर्मचारी 30%

*– अल्पकालिक घरेलू सफाई कर्मियों से भिन्न

सिद्धांत 4 : कारोबारों को सभी स्टेकधारकों, खासकर वंचित, पिछड़े हुए, मामूली स्टेकधारकों के हितों का सम्मान और रक्षा करनी चाहिए।

1.	क्या कंपनी ने अपने आंतरिक एवं बाहृय स्टेकधारकों का वर्गीकरण किया है ? हाँ / नहीं	**हाँ** ● शेयरधारकों को विविध वर्गों में वर्गीकृत किया गया है अर्थातः सरकारी, विदेशी संस्थागत निवेशक, वित्तीय संस्थाएं, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड्स, बैंक और वैयक्तिक।
2.	उपरोक्त में से, क्या कंपनी ने वंचित, पिछड़े हुए और मामूली स्टेकधारकों की पहचान की है?	हाँ ● इंडियन बैंक ने वंचित, पिछड़े और मामूली स्टेकधारकों की पहचान की है, जिनमें छोटे और मामूली किसान, किरायेदार व पट्टेदार किसान, भूमिरहित मजदूर एवं ग्रामीण महिलाओं को शामिल किया गया है। उनको किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि जेवर ऋण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, मुद्रा ऋण आदि विशेष ऋण सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।
3.	क्या कंपनी द्वारा वंचित, पिछड़े हुए और मामूली स्टेकधारकों के हित में विशेष पहल की गई है? यदि ऐसा है तो उसका विवरण 50 शब्दों में दें।	● बैंक ने पीएमजेडीवाई के तहत वित्तीय सहायता से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं। ● बैंक ने मार्च 2020 तक और शुरुआत से 5.12 लाख व्यक्तियों को 19 वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) के माध्यम से वित्तीय परामर्श प्रदान किया है। ● बैंक ने इंडियन बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (इंडसेटी) के नाम पर 12 केन्द्रो में आरसेटी की स्थापना की है और शुरुआत से मार्च 2020 तक 2442 बैचों के माध्यम से 67626 व्यक्तियों को स्व–रोजगार प्रशिक्षण प्रदान किया है।

सिद्धांत 5 : कारोबारों को मानव अधिकार का सम्मान और बढावा देना चाहिए।

1.	क्या मानव अधिकार पर कंपनी की नीति सिर्फ कंपनी को कवर करती है या समूह/ संयुक्त उपक्रम/ आपूर्तिकर्ता/ संविदाकार/ एनजीओ / अन्य तक भी विस्तारित है ?	हाँ ● बैंक के पास कोई अलग मानव अधिकार नीति नहीं हैं। तथापि ये पहलू बैंक की मानव संसाधन नीति और व्यवहार के तहत कवर किए गए हैं।
2.	पिछले वित्तीय वर्ष में कितने स्टेकधारक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक हल किया गया था?	वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतों की संख्या –शून्य वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या – 27 वर्ष के दौरान निवारण की गई शिकायतों की संख्या – 27 वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या – शून्य निपटायी गयी शिकायतों का प्रतिशत – 100%

सिद्धांत 6 : कारोबार को पर्यावरण का सम्मान, सुरक्षा और पुनः स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए

1. क्या सिद्धांत 6 सिर्फ कंपनी को कवर करती है या समूह / संयुक्त उपक्रम / आपूर्तिकर्ता/ संविदाकार / एनजीओ / अन्य तक भी विस्तारित है।	हाँ
2. क्या कंपनी के पास वैश्विक पर्यावरण मुद्दों जैसे मौसम परिवर्तन, वैश्विक ताप इत्यादि के विषय में नीतियाँ/पहल हैं? हाँ/नहीं। यदि हाँ तो वेबपेज के लिए हायपरलिंक दें।	● बगीचे/ग्रीन स्पोट्स प्रमुख क्षेत्रों पर अनुरक्षित की जाती हैं। ● बैंक ने हरियाली और ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखकर पूरे भारत में पौधा रोपण किया है।
3. क्या कंपनी संभाव्य पर्यावरणीय जोखिम की पहचान और आकलन करती है ? हाँ / नहीं	हाँ
4. क्या कंपनी के पास कोई स्वच्छ विकास प्रणाली से संबंधित परियोजना है? यदि हाँ तो इसका ब्यौरा लगभग 50 शब्दों में दें। यदि हाँ तो क्या कोई पर्यावरणीय अनुपालन दर्ज किया गया है?	अपने व्यवसाय के स्वरूप के कारण बैंक के पास कोई स्वच्छ विकास प्रणाली नहीं है।
5. क्या कंपनी ने स्वच्छ तकनीकी, उर्जा दक्षता, नवीकरणीय उर्जा इत्यादि पर कोई अन्य कदम उठाया है, हाँ / नहीं, यदि हाँ, तो कृपया वेबपेज के लिए हायपरलिंक दें।	हाँ **परिसर** ● हरित पहल के रूप में, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि के सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के माध्यम से किए जाते हैं जैसे कि प्रत्यक्ष क्रेडिट/एनईएफटी/आरटीजीएस (केवल असाधारण परिस्थितियों में चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता है) ● बैंक के अपने निजी परिसर में सौर ऊर्जा और एलईडी लाइटों का उपयोग ● बैंक, भारत में 149 संपत्तियों और सिंगापुर में 2 संपत्तियों का मालिक है। ● बैंक ने परिसर के व्यय, खरीद अनुबंध, मुद्रण एवं स्टेशनरी, वाहण, दूरभाष/सेल फोन के लिए समान नीतियों को अपनाया है और सभी शाखाओं/अंचलों में भी इसे अपनाया गया है। **हरित पहल :** **ए. सौर ऊर्जा और एलईडी लाइटिंग** ● कार्पोरेट कार्यालय में सौर ऊर्जा का उपयोग, यह पहले से ही ग्रीन बिल्डिंग (स्वर्ण रेटिंग स्तर) के तहत उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक होने के नाते ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाकर, बैंक ने ग्रीन इंडिया बनाने के लिए अन्य उपक्रमों के साथ मिलकर सहयोग दिया है। ● ऊर्जा की खपत में, वार्षिक समग्र व्यय को लगभग 4 से 5 प्रतिशत कम करने हेतु बैंक के अपने निजी भवनों में, जहॉं भी तकनीकी रूप से संभव हो, वहॉं सौर ऊर्जा का विस्तार किया जा रहा है। ● आंतरिक लाइटिंग प्रणालियों में एलईडी लैंप का उपयोग करके लाइटिंग प्रणालियों में नए तकनीकी उत्पादों को अपनाना ● नई शाखाओं में केवल एलईडी लाइट का प्रयोग किया जाता है। ● मौजूदा शाखाओं में रोशनी व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित किया जा रहा है। वर्तमान में 1050 शाखाएँ/कार्यालयों में एलईडी लाइटिंग व्यवस्था प्रदान किए गए हैं। **अन्य हरित पहल** ● शाखाओं और कार्यालयों में समय–समय पर ऊर्जा लेखापरीक्षा करना ● शाखाओं एवं कार्यालयों में स्थापित एयर कंडीशनर के ऑटो कट–ऑफ के लिए टाइमर का प्रावधान, हार्मोनिक फिल्टरों को लगाने और स्टार रेटेड को विद्युत उपकरणों के उपयोग से बिजली की खपत में काफी कम आयी है।
6. वित्तीय वर्ष हेतु सीपीसीबी / एसपीसीबी द्वारा अनुमत की गई सीमा के अंतर्गत कंपनी ने जितना भी उत्सर्जन / कचरा उत्पादित किया हैं, क्या उनकी रिपोर्ट की जा रही है?	लागू नहीं
7. वित्तीय वर्ष के अंत में सीपीसीबी / एसपीसीबी से प्राप्त (जैसे संतुष्टि होने तक हल नहीं की गई) कारण बताओ/विधिक नोटिसें जो लंबित हैं, की संख्या कितनी है?	शून्य

सिद्धांत 7 : ऐसे कारोबार, जो जनता और नियामक नीति को प्रभावित करने में लगे हुए हैं, उसे जिम्मेदार तरीके से करें।

1.	क्या आपकी कंपनी किसी ट्रेड और चैंबर या संघ का सदस्य है?यदि हाँ, तो उनमें से प्रमुख के नाम बताए जिनके साथ आपका व्यापार होता है।	हाँ आईबीए, एनआईबीएम, आईआईबीएफ, आईबीपीएस
2.	क्या आपने जनहित की प्रगति या सुधार हेतु उपरोक्त संघों द्वारा तीव्र रूप से कार्य कराया है?हाँ/नहीं : यदि हाँ तो व्यापक क्षेत्र का विवरण दें। (ड्रॉप बाक्सः शासन और प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीति, ऊर्जा सुरक्षा, पानी, खाद्य सुरक्षा संधारणीय व्यवसाय सिद्धांत अन्य)	बैंक ने समय–समय पर बैंकिंग उद्योग के सतत विकास हेतु नीति निर्माताओं और नीति निर्धारण संघों की नीतियों का समर्थन किया है।

सिद्धांत 8 : कारोबारों को समावेशी विकास और न्यायोचित विकास का समर्थन करना चाहिए

1.	क्या कंपनी ने सिद्धांत 8 से संबंधित नीति के अनुसरण में कार्यक्रम / पहल / परियोजनाएं निर्दिष्ट की है? यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा दीजिए	इंडियन बैंक ने चित्तूर, मछलिपट्नम (आंध्र प्रदेश), कडलूर, धर्मपुरी, कांचीपुरम, कृष्णगिरि, नामक्कल, सेलम, तिरुवण्णामलै, तिरुवल्लूर, वेलूर और विल्लुपुरम (तमिलनाडु), कोल्लम चडयमंगलम तथा पारस्साला (केरल में) और पुदुच्चेरी (पुदुच्चेरी संघ शासित क्षेत्र में) में वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के माध्यम से क्षमता वर्धक पहल की है। चेन्नै, दिल्ली और मुंबई में बैंक की वित्तीय समावेशन पहलों की दिशा में प्रवासी श्रमिकों तथा झोंपडपट्टियों के निवासियों के हित के लिए शहरी वित्तीय साक्षरता केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब तक इन 19 एफएलसी के माध्यम से कुल मिलाकर 5.12 लाख व्यक्तियों को वित्तीय परामर्श दिए गए हैं। इंडियन बैंक ने ''इंडियन बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान'' (आईएनडीएसईटीआइ) के नाम पर 12 केन्द्रों में आरएसईटीआई की स्थापना की है जैसे चित्तूर, कडलूर, धर्मपुरी, कांचीपुरम, कृष्णगिरि, नामक्कल, पुदुच्चेरी, सेलम, तिरुवण्णामलै, तिरुवल्लूर, वेलूर और विल्लुपुरम। अब तक, इन इंडसेटियों द्वारा 2442 सत्रों में 67626 अभ्यर्थियों को स्वनियोजन प्रशिक्षण दिया गया। 2019–20 के दौरान, 324 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 8714 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैंक देशभर में समाज की बैंकिंग सुविधाओं से वंचित वर्गों के लिए बुनियादी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ वित्तीय समावेशन योजना को कार्यान्वित कर रहा है। अब तक बैंक ने विभिन्न सुपुर्दगी चैनलों के माध्यम से पूरे भारत में 2975 एसएसए में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार किया है। वित्तीय समावेशन के तहत गांवों में 40.13 लाख ग्राहकों को कवर किया गया तथा खाता धारकों को रुपये 17.95 करोड़ तक की ओवरड्राफ्ट सुविधाएं भी विस्तारित की गई।
2.	क्या इन–हाउस टीम/स्वयं के संस्थान / बाहय एनजीओ सरकारी सरंचनाओं/अन्य संगठनों द्वारा कार्यक्रम/परियोजनाएं ली गई हैं ?	बैंक ने गरीब एवं दलित लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए 'ग्रामीण विकास हेतु इंडियन बैंक ट्रस्ट' (आईबीटीआरडी) के नाम से एक ट्रस्ट स्थापित किया एवं इनके द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
3.	क्या आपने अपनी पहल के प्रभाव का कोई निर्धारण किया है ?	इंडसेटियों का असर तथा प्रभावशीलता को मानिटर करने हेतु आरसेटियों के लिए मानिटरिंग सेल द्वारा वार्षिक ग्रेडिंग के आधार पर मानिटर किया जाता है ताकि उचित प्रतिक्रिया मिलें और आगे इंडसेटियों को सुदृढ़ बनाने के किए कदम उठाये जा सके। वर्ष 2018–19 के दौरान, बारह संस्थानों में से ग्यारह ने एए ग्रेड तथा 1 ने बीबी ग्रेड प्राप्त किया है। 2019–20 के लिए अभी ग्रेडिंग की जानी बाकी है।
4.	आपके कंपनी का समुदाय विकास परियोजना में प्रत्यक्ष रूप से क्या योगदान है। आईएनआर में राशि और चलाई जा रही परियोजना के विवरण दें।	वर्ष 2019–20 के दौरान ट्रस्ट (आईबीटीआरडी) ने इंडसेटियों और एफएलसी के माध्यम से क्षमता निर्माण गतिविधियों के जरिए समुदाय विकास के लिए कुल 4.51 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है।
5.	क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं हैं कि समुदायों द्वारा आपके प्रयासों को सफलतापूर्वक अपनाया गया है? अगर ऐसा है तो कृपया 50 शब्दों में बताएं।	प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्व–रोजगार गतिविधियाँ अपनाने की सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक की इंडसेटियों द्वारा व्यवस्थित फॉलो–अप एवं काउन्सेलिंग सेवाएं चलाई जा रही हैं। अभ्यर्थियों को अपने पैरों पर खड़े होने में सक्षम बनाने के लिए पास की बैंक शाखाओं के साथ प्रशिक्षुओं की ऋण सहबद्धता हेतु विशिष्ट प्रयास किए जाते हैं।

अनुषंगियाँ

- बैंक की दो अनुषंगियाँ हैं। इनके नाम इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लि. और इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड है।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

- बैंक ने तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, यथा सप्तगिरि ग्रामीण बैंक जिसका मुख्यालय चित्तूर (आंध्र प्रदेश) में है, तमिलनाडु ग्रामा बैंक जिसका मुख्यालय सेलम (तमिलनाडु) में है और पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक जिसका मुख्यालय पुदुच्चेरी (पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र) में है, को प्रायोजित किया है।

- वर्ष के दौरान 344 शाखाओं के खोले जाने से मार्च 2019 की 542 शाखाओं से बढकर मार्च 2020 को तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का शाखा तंत्र 898 रहा। भारत सरकार द्वारा 07.06.2018 को घोषित समामेलन के रोड मैप के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में समामेलित संस्था के लिए इंडियन बैंक को प्रायोजक बैंक के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी। तदनुसार, पांडियन ग्रामा बैंक (इण्डियन ओवरसीज बैंक द्वारा प्रायोजित) और पल्लवन ग्राम बैंक (इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित) को (भारत सरकार गजट अधिसूचना दिनांक 28.01.2019) एकल संस्था (पूर्ववर्ती पांडियन ग्रामा बैंक 339 शाखाओं और पूर्ववर्ती पल्लवन ग्रामा बैंक की 291 शाखाओं को) में समामेलित किया गया था। 01.04.2019 से इंडियन बैंक, तमिलनाडु ग्रामा बैंक की प्रयोजक बैंक है।

- मार्च 2019 को ₹23161.35 करोड़ की तुलना में मार्च 2020 को तीनों क्षेग्राबैंकों का कुल कारोबार ₹38943.27 करोड़ रहा।

- 223 शाखाओं के साथ सप्तगिरि ग्रामीण बैंक का कुल कारोबार ₹12682.22 करोड़ रहा। (जमाएँ ₹.6523.46 करोड़ और अग्रिम ₹.6158.76 करोड)।

- 632 शाखाओं के साथ तमिलनाडु ग्रामा बैंक का कुल कारोबार ₹24774.08 करोड़ रहा। (जमाएँ ₹.12463.38 करोड़ और अग्रिम ₹.12310.70 करोड)।

- 43 शाखाओं के साथ पुदुवै भारतियार ग्रामा बैंक का कुल कारोबार ₹1486.97 करोड़ रहा। (जमाएँ ₹.804.13 करोड़ और अग्रिम ₹.682.84 करोड)।

- तमिलनाडु ग्रामा बैंक के पास 14.36 सीआरएआर, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक के पास 14.07 सीआरएआर और पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक के पास 12.10 सीआरएआर है ।

- तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लाभ कमा रहे हैं।

- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सक्रिय रूप से भारत सरकार के पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई कार्यक्रमों में भाग ले रहें हैं। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पीएमजेडीवाई के अंतर्गत 1210 एसएसए गाँवों को कवर कर रहे हैं और उन्होंने इस योजना के अंतर्गत 14.33 लाख खाते खोले हैं। तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 1.50 लाख हिताधिकारियों को, पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत 0.77 लाख हिताधिकारियों को और एपीवाई के अंतर्गत 40594 हिताधिकारियों को कवर किया है।

सिद्धांत 9 : व्यापारिक संगठनों द्वारा अपने ग्राहकों एवं उपभोक्ताओं को उत्तरदायी तरीके से मूल्यवर्धन के साथ सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए।

1.	वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित शिकायतें/ ग्राहक मामले का प्रतिशत कितना है?	3.73%
2.	क्या कंपनी के द्वारा स्थानीय कानून के तहत उत्पाद के लेबल पर उत्पाद की जानकारी लिखी होती हैं? हाँ / नहीं / लागू नहीं / टिप्पणी (अतिरिक्त जानकारी)	**लागू नहीं**
3.	गत पांच वर्षों में एवं वित्तीय वर्ष के अंत में, अनुचित व्यापार पद्धतियों के प्रयोग, गैर जिम्मेदार विज्ञापनों और/या गैर प्रतिस्पर्धी व्यवहार के लिए, क्या किसी स्टेक धारक ने कंपनी के विरुद्ध कोई वाद दायर किया है? यदि हाँ, तो उसके विवरण दें।	कोई भी शेयरधारक वर्ष के दौरान बैंक के खिलाफ कोई भी मुकदमा दायर नहीं किया है।
4.	क्या आपकी कंपनी द्वारा ग्राहक सर्वेक्षण/ग्राहक संतुष्टि रुझान कार्यक्रम चलाए जाते हैं ?	हाँ

कार्पोरेट अभिशासन 2019–20 पर रिपोर्ट

कॉर्पोरेट अभिशासन पर बैंक का दृष्टिकोण

कार्पोरेट अभिशासन अपने आप में एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके जरिए उपक्रमों को नियंत्रित एवं मार्गदर्शित किया जाता है ताकि नैतिक ढंग से उनकी धन–सृजन की क्षमता को बढाया जा सके। यह प्रबंधन, उसके बोर्ड, शेयरधारक और अन्य स्टेकधारकों के बीच उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है ताकि संगठन के निर्धारित उद्देश्य हासिल किए जा सकें और साथ ही निष्पादन पर निगरानी रखने के अलावा शेयरधारकों के धन को धारणीय तरीके से अधिकाधिक बनाने के अंतिम लक्ष्य के साथ उस क्षेत्र के कानूनों का अनुपालन करते हुए अपने दैनंदिन के कारोबार को अत्यंत सक्षम, पारदर्शी एवं नैतिक रूप से संचालित किया जा सके। यह एक ऐसी प्रक्रिया का प्रवर्तन है जिससे मूल्य, सिद्धान्त, नीतियां और प्रक्रियाएँ अत्यधिक प्रभावकारी ढंग से सिस्टम में अंतर्निहित एवं प्रकट कराए जाते हैं।

श्रेष्ठता हासिल करने के लिए बैंक, कार्पोरेट अभिशासन के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने के लिए प्रयासरत है और अपने उत्तरदायित्व, जो सभी स्टेकधारकों के लिए मूल्य को आपसी संवाद, आदर, स्पष्ट लक्ष्य और निर्णयात्मक नेतृत्व के जरिए बढाने के लिए प्रयत्न करते समय नैतिक व्यवहार के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है, हासिल करने के लिए प्रयासरत है। बैंक स्वयं को सभी स्टेकधारकों का न्यासी मानता है और सुदृढ कॉर्पोरेट रणनीतियों, सक्रिय कारोबार योजनाओं एवं नीतिपरक एवं विधिक जिम्मेदारियों की पूर्ति के लिए नीतियों एवं कार्यप्रणालियों के माध्यम से प्राप्त की गई उनके धन के सृजन एवं रक्षण के प्रति अपने उत्तरदायित्व को अभिस्वीकृत करता है। अभिशासन मानकों के अनुपालन के लिए उच्चस्तरीय प्रकटीकरण नीति के साथ बैंक के कॉर्पोरेट अभिशासन सिद्धांत लाभकर संवृद्धि हेतु सुदृढ रूप से कटिबद्ध हैं।

2. निदेशक मंडल की संरचना

निदेशक मंडल में तीन पूर्णकालिक निदेशक और छः गैर कार्यपालक / स्वतंत्र निदेशक हैं।

मार्च 31, 2020 को निदेशक मंडल के विवरण निम्नवत् हैं:

क्रमांक	निदेशक का नाम	पदनाम	निदेशक पद का स्वरूप	इंडियन बैंक के अलावा सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पदों का विवरण	नियुक्ति की तारीख
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू	प्रनि एवं मु का अ	कार्यपालक		19.09.2018
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक		16.02.2017
3.	श्री वी वी शेणॉय	कार्यपालक निदेशक	कार्यपालक	1. इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि. एवं 2. इंडबैंक हाउसिंग लि. के नामित निदेशक	20.09.2018
4.	श्री संजीव कौशिक	सरकारी नामिती निदेशक	गैर–कार्यपालक		24.01.2020
5.	श्री एस के पाणिग्रही	भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक	गैर–कार्यपालक		26.04.2019
6.	श्री सलिल कुमार झा	अंश कालिक गैर–सरकारी निदेशक	गैर–कार्यपालक		27.12.2017
7.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	अंश कालिक गैर–सरकारी निदेशक	गैर–कार्यपालक		21.10.2019
8.	श्री विनोद कुमार नागर	शेयरधारक निदेशक	गैर–कार्यपालक	रीको ऑटो इंडस्ट्रीज लि में गैर–कार्यपालक स्वतंत्र निदेशक एवं लेखापरीक्षा समिति में सदस्य	01.07.2017
9.	डॉ. भरत कृष्ण शंकर	शेयरधारक निदेशक	गैर–कार्यपालक		21.12.2017

शेयरधारक निदेशकों को छोडकर सभी निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त / नामित किये गए हैं।

श्री जे के दाश दिनांक 25.04.2019 तक भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती थे। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग नई दिल्ली की अधिसूचना एफ सं. 6/3/2011 – बीओ.आई दिनांकित 26.04.2019 से श्री जे के दाश के स्थान पर श्री एस के पाणिग्रही को भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक के रूप में नामित किया गया था।

श्री विजय कुमार गोयल, सनदी लेखाकर वर्ग के अंतर्गत दिनांक 25.07.2019 तक बैंक के अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक रहे।

श्री अमित अग्रवाल दिनांक 24.01.2020 तक बैंक के सरकारी नामिती निदेशक रहे। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग नई दिल्ली की अधिसूचना एफ सं. 6/3/2012 – बीओ.आई (वॉल्यूम II) दिनांकित 24.01.2020 से श्री अमित अग्रवाल के स्थान पर श्री संजीव कौशिक को सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नामित किया गया था।

श्री पद्मनाभन विट्ठल दास, बैंक के अंश कालिक गैर–सरकारी निदेशक, के 3 वर्ष का कार्यकाल 24.04.2019 को समाप्त हो गया। इन्हें भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं. 6/1/2018 – बीओ.आई (वॉल्यूम III) दिनांकित 21.10.2019 से अगले एक वर्ष की अवधि के लिए या बैंक के समामेलन होने तक यानि दिनांक 31.03.2020 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, अंश कालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में पुनः नामित किया गया था। उनका कार्यकाल 31.03.2020 को समाप्त हो गया।

श्री एम के भट्टाचार्य, कार्यपालक निदेशक, का कार्यकाल भारत सरकार की अधिसूचना एफ सं. 4/5/2016 – बीओ.आई दिनांकित 18.02.2020 से दिनांक 17.02.2020 के बाद की अवधि के लिए उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख अर्थात दिनांक 30.11.2020 या अगले आदेशों तक बढ़ा दिया गया था।

बोर्ड द्वारा पहचानी गई मूल कौशल / अनुभव / दक्षताओं की सूची

बैंक के निदेशकों के पास बैंक के लिए प्रभावी रूप से कार्य करने हेतु निम्नलिखित मूल कौशल / अनुभव / दक्षताएं हैं

लेखाशास्त्र एवं लेखापरीक्षा	बैंकिंग	वित्त
जोखिम प्रबंधन	मानव संसाधन	ट्रेशरी एवं विदेशी परिचालन
ऋण प्रबंधन	सूचना प्रौद्योगिकी	अर्थ शास्त्र

स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में पुष्टिः

भारत सरकार द्वारा नामित निदेशकों एवं शेयरधारक निदेशकों ने इसकी पुष्टि की है कि वे सूचीकरण नियमों के तहत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं और वे प्रबंधन से स्वतंत्र हैं।

बोर्ड इस बात की भी पुष्टि करता है कि बैंक के स्वतंत्र निदेशक सूचीकरण नियमों में निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र होते हैं।

कंपनी सचिव का व्यवसाय करनेवाले वी सुरेश (एफसीएस सं. : 2969 व सीपी सं. 6032) से एक प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है कि कंपनी के निदेशक मंडल में से कोई भी निदेशक को भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या ऐसे कोई सांविधिक प्राधिकारी, द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रहने से विवर्जित या अनर्ह नहीं किए गए हैं।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा त्यागपत्र :

वर्ष 2019–20 के दौरान, किसी भी स्वतंत्र निदेशक ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले त्यागपत्र नहीं दिया है।

निदेशकों का प्रोफाइल :

सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, उम्र 58 वर्ष ने सितम्बर 21, 2018 को इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे भारतीय स्टेट बैंक, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई में उप प्रबंध निदेशक (वैश्विक बाज़ार) के पद पर कार्यरत थी। उन्होंने आंध्रा विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर और सीएआईआईबी की उपाधि प्राप्त की हैं। उन्होंने 1984 में भारतीय स्टेट बैंक में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में सेवा आरंभ की। अपने 3 दशकों से अधिक के कार्यकाल के दौरान भारत एवं यूएसए की तैनाती में, उन्होंने कॉर्पोरेट उधार और ऋण प्रबंधन, खुदरा संचालन और डिजिटल बैंकिंग, ट्रेजरी और अंतर्राष्ट्रीय परिचालन में व्यापक अनुभव प्राप्त किया। उप प्रबंध निदेशक के रूप में, सुश्री पद्मजा ने भारतीय स्टेट बैंक में ग्लोबल मार्केट्स और डिजिटल बैंकिंग वर्टिकल का नेतृत्व किया। वे सितंबर 2014 और अगस्त 2017 के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका में बैंक की देश प्रमुख थी। इस कार्यकाल के दौरान, उन्होंने न्यूयॉर्क, चिकागो और लॉस एंजेलिस में भारतीय स्टेट बैंक के अमेरिकी कार्यालयों में रणनीतिक योजना की देख–रेख एवं डिजाइनिंग, व्यापार गतिविधि, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन की जिम्मेदारियों को संभाला। वे अमेरिकी निगमों को सिंडिकेटेड और द्विपक्षीय ऋण दोनों के माध्यम से स्थानीय अमेरिकी व्यापार परिचलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थीं। उन्होंने एफआरबी, एफडीआईसी और राज्य नियामकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखा। सुश्री पद्मजा चुन्डूरू भारतीय स्टेट बैंक के एक यूएस आधारित सहायक बैंक में निदेशक मंडल के उपाध्यक्षा और भारतीय स्टेट बैंक (कैलिफोर्निया) के ईसी की अध्यक्षा भी थी। उन्होंने डोड फ्रैंक अधिनियम के तहत गठित संयुक्त यूएस ओपीएस जोखिम समिति की अध्यक्षता की। वे यूएसआईबीसी की बैंकिंग समिति और इंटरनेशनल बैंकर एसोसिएशन न्यूयॉर्क, एशिया सोसाइटी न्यूयॉर्क और पेसिफिक रिम बैंकर समूह, सैन फ्रांसिस्को के ट्रस्टी बोर्ड की सदस्या थी। इससे पूर्व, सुश्री पद्मजा चुन्डूरू भारतीय स्टेट बैंक में अक्टूबर 2012 और अगस्त 2014 के बीच कॉर्पोरेट लेखा समूह की महाप्रबंधक थी, जब उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के सीएजी–बीकेसी कार्यालय की स्थापना की। उन्होंने भारत के बृहत कंपनियों के साथ संबंध स्थापित करने और प्रबंधन में मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने नए ऋण की हामीदारी, आस्ति गुणवत्ता के रख–रखाव और नियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन करने में अपनी भूमिका निभायी। इससे पहले, वे अक्टूबर 2008 से सितंबर 2012 तक मध्य–कॉर्पोरेट समूह की उप महाप्रबंधक थीं और मुंबई में डायमंड शाखा और बाद में वाणिज्यिक शाखा की प्रमुख थीं । अपने पहले विदेशी कार्यकाल में, सुश्री पद्मजा संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय स्टेट बैंक लॉस–एंजेलिस एजेंसी में सितंबर 2001 में उपाध्यक्षा (क्रेडिट एवं परिचालन) के रुप में कार्यभार संभाला और इसके बाद सीईओ के पद पर फरवरी 2006 में अपना कार्यकाल पूरा किया। इस कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कैलिफोर्निया में संघीय विनियमित एजेंसी के व्यापार विकास, प्रबंधन और संचालन का नेतृत्व किया। वे बैंक के शेयरधारक नहीं है।

श्री एम के भट्टाचार्य, आयु 59 वर्ष, फरवरी 16, 2017 को 3 वर्ष की अवधि के लिए इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। कार्यपालक निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल को भारत सरकार द्वारा दिनांक 30.11.2020 तक बढ़ाया गया। उनको वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि तथा सीएआईआईबी उपाधि प्राप्त है। वे इन्स्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्क्स एकाउंटण्ट्स (एआईसीडबल्यूए) के एसोसियेट सदस्य हैं।

इन्होंने 1985 में स्टेट बैंक ग्रूप में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में चयन के बाद स्टेट बैंक आफ मैसूर में तैनात हुए तथा सहायक महा प्रबंधक के स्तर तक विभिन्न पदों पर काम किया। 2010 में उप महा प्रबंधक के रूप में पदोन्नति पर ये स्टेट बैंक आफ हैदराबाद में गए। 2013 में महा प्रबंधक के रूप में पदोन्नत होने पर स्टेट बैंक आफ त्रावणकोर (एसबीटी) में तैनात हुए तथा यहां कई कार्यभार संभालने के बाद 2016 में इनको मुख्य महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नत किया गया। स्टेट बैंक ग्रूप में कार्यरत रहते समय, इन्होंने विभिन्न स्तरों में शाखा प्रधान रहे तथा इनको भारत भर में शाखा प्रबंधक के रूप में (22 वर्ष), क्षेत्र प्रमुख के रूप में (1 वर्ष) और माड्यूल प्रधान के रूप में (3 वर्ष) का प्रचुर अनुभव प्राप्त है। एसबीटी मे कार्यरत रहते समय इन्होंने बैंक के मुख्य जोखिम अधिकारी की भूमिका भी निभायी और महाप्रबंधक–व्यापार

रणनीति, खुदरा बैंकिंग, एनआरआई बैंकिंग, बैंक के विदेश स्थित कार्यालयों का नियंत्रण आदि अन्य कार्यभार भी संभाला।

श्री शेणॉय वी वी आयु 58 वर्ष, 01.12.2018 को इंडियन बैंक के कार्यपालक अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। वे मुंबई विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक हैं। वे 17 जनवरी, 1985 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में भर्ती हुए। वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के एक एसोसिएट सदस्य भी हैं और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आंतरिक रूप से आयोजित एक वर्ष के प्रबंधन शिक्षा कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भाग लिया है। उनके पास 35 वर्षों का बैंकिंग अनुभव है। उन्होंने ग्रामीण, अर्ध–शहरी, शहरी और मेट्रो केंद्रों के साथ–साथ प्रशासनिक कार्यालयों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शाखाओं, सरल, क्षेत्रीय और वर्टिकल प्रमुख के रूप में कार्य किया। उन्होंने ऋण, सतर्कता, बैंकिंग लेन–देन, ऋण नीति और एमएसएमई, बृहत कॉर्पोरेट के साथ–साथ अध्यक्ष के सचिवालय जैसे विभिन्न वर्टिकल में काम किया। वे वर्टिकलाजेशन और ऋण कार्यों के केंद्रीकरण में एक कोर सदस्य थे । वे भारतीय प्रतिभूतिकरण परिसंपत्ति पुनर्निर्माण और प्रतिभूति स्वत्व केंद्रीय रजिस्ट्री के बोर्ड में एक नामिती निदेशक भी हैं।

श्री संजीव कुमार कौशिक आयु 51 वर्ष, को दिनांक 24.01.2020 से इंडियन बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। इन्होंने लंदन बिजनेस स्कूल से एमबीए एवं बिट्स पिलानी से मेकेनिकल इंजीनियरिंग की है। वर्तमान में यह वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली में अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्त हैं। इससे पहले, वह केरल राज्य वित्त में मुख्य सचिव थे जहां साथ ही वह वहाँ के पूर्णकालिक चेयरमैन एवं केरल फाइनेंस कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं वर्ष 2018 में केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट फंड के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी भी रहे थे। वित्तीय क्षेत्र, भारतीय सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों और साथ ही वैश्विक पूंजी बाजारों, में कुल 27 वर्ष से अधिक अनुभव के कारण उन्हें सेबी का पूर्णकालिक सदस्य भी नियुक्त किया गया था। हाल ही में इनके नेतृत्व ने केरल को एलएसई एवं एसजीएक्स में सूचितबद्ध मसाला बॉन्ड को जारी करने वाला भारत का पहला राज्य बना दिया है। वर्ष 2015 से 2018 तक वह इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी, नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं इंडस्ट्रियल फाइनेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे थे, उन्होंने वर्ष 2011 से 2015 के दौरान अर्थिक मामलों के विभाग में पूंजी बाजार के निदेशक के रूप में कार्य करते हुए वित्त मंत्रालय में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद इन संस्थानों में नियुक्त हुए। एचएसबीसी में ईक्विटीज के प्रबंध निदेशक एवं मुंबई में लेहमन ब्रदर्स के प्रबंध निदेशक के तौर पर उनको वैश्विक निवेश बैंकिंग में 12 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। इससे पहले, उन्होंने वर्ष 1999 में एमबीए करने के बाद लंदन में बैंक ऑफ अमेरिका सिक्युरिटीज में पूंजी बाजार में कार्य किया है। वह स्टॉकहोल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी ऑफ इंडिया यूके लिमिटेड, लंदन के अध्यक्ष रहे एवं गुड़गांव में एमडीआई बोर्ड के गवर्नर रहे तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर एसेट मैनेजमेंट को. लिमिटेड के अध्यक्ष रहे। केरल राज्य उनके द्वारा संभाले गए विभिन्न बोर्ड पदों से पूर्व उन्होंने विविध ओहदों पर अपनी सेवाएँ प्रदान की जैसे कि पतनों के सचिव एवं विझिंजम इंडस्ट्रियल पोर्ट के मुख्य कार्यपालक निदेशक के रूप में जहां उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बन्दरगाह का निर्माण किए जाने की जिम्मेदारी संभाली। वह पालकाड़ में जिला कलेक्टर भी रहे तथा अंतरराष्ट्रीय बिजनस स्कूल, आईआईएम कोषिकोड़ के संस्थापक निदेशक भी थे।

श्री एस के पाणिग्रही, आयु 56 वर्ष, को बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक के रूप में 26.04.2019 से नामित किया गया। उन्होंने जनवरी 1989 में भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यभार संभाला तथा कोलकाता, कानपुर और मुंबई (केंद्रीय कार्यालय) में 30 वर्ष से अधिक समय तक कार्य किया है । उन्होंने विदेशी प्रतिनियुक्ति पर सेंट्रल बैंक ऑफ़ ओमान (मस्कट में, ओमान की सल्तनत में) में 2006 से 2010 तक वरिष्ठ पद में काम किया है, जहां वे बैंकिंग नीति और पर्यवेक्षण विभाग संभालते थे । उन्होंने भौतिकी में मास्टर डिग्री और प्रबंधन (वित्त) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है। वह भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित सहयोगी भी हैं। अपने आरबीआई कैरियर में, श्री एस के पाणिग्रही को बैंकिंग और एनबीएफसी पर्यवेक्षण क्षेत्रों में दीर्घकालिक अनुभव है खास तौर पर इनकी रुचि डाटा अनलिटिकल और जोखिम प्रबन्धन पर रही और इनकी तैनाती प्रमुखतः केन्द्रीय कार्यालय में बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग पर रही। वर्तमान में, श्री एस के पाणिग्रही आरबीआई, अहमदाबाद में गुजरात राज्य के क्षेत्रीय निदेशक और दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

श्री सलिल कुमार झा, आयु 66 वर्ष को 27 दिसंबर 2017 के प्रभाव से गैर सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। वे एनआईटी जमशेदपुर से मैकेनिकल इंजीनियर (टॉपर और स्वर्ण पदक विजेता) हैं और एफ़एमएस दिल्ली से एमबीए की शिक्षा प्राप्त की है। वे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न पीएसयू और भारत की सबसे बड़ी रक्षा कंपनी के भूतपूर्व प्रबंध निदेशक हैं। वे एचएएल के फाइव जाइन्ट वेन्चर्स के अंशकालिक अध्यक्ष / निदेशक थे। एचएएल में पद ग्रहण करने के पहले उन्होंने इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी में भी काम किया है। केरल के कासरगोड राज्य में सामरिक इलेक्ट्रॉनिक फैक्टरी स्थापित करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत में नवीनतम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को लाने के लिए वैश्विक रक्षात्मक प्लेयरों के साथ रणनीतिक संबंध बनाए। उनके द्वारा आर एवं डी केन्द्रों में कई नई प्रणाली विकसित की गई और रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट दर्ज की गई। इनके कार्यकाल के दौरान नए बाजारों का भी पता लगाया गया। उनकी नीतियों में इन– हाउस विनिर्माण से आउटसोर्सिंग की ओर पलायन करना और प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण से जोखिम शेयरिंग पार्टनरशिप संगठन की ओर अग्रसर होना शामिल हैं। इससे संगठन की सामान्य उत्पादकता तथा लाभप्रदता में बढ़ोत्तरी हुई। रक्षा मंत्रालय के अधीन सभी सार्वजनिक उपक्रमों और आयुध कारखानों में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन के लिए उनके नेतृत्व में प्रभागों को दो बार रक्षा मंत्री का पुरस्कार मिला । ये बैंक के ईक्विटी शेयरधारक नहीं है।

श्री पद्मनाभन विट्ठल दास, आयु 70 वर्ष, को भारत सरकार की दिनांक 21.10. 2019 की अधिसूचना के द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए या बैंक के समामेलन होने तक यानि दिनांक 31.03.2020 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया। वे दिनांक 25.04.2016 से 24.04.2019 तक बैंक के अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक भी रहे थे। तमिलनाडु के कुंभकोणम में 2 मई, 1950 को जन्मे, उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कुंभकोणम और तिरुविडैमरुदूर में प्राप्त की और सेंट जोसेफ कॉलेज, तिरुच्ची (मद्रास विश्वविद्यालय) में अर्थशास्त्र स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। तत्पश्चात भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में कार्यरत रहते समय, उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से एलएलबी किया । वे 1974 में आईआरएस (सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क) में सहायक कलेक्टर के रूप में शामिल हुए। वे 22 जुलाई, 1974 और 31 मई 2010 के बीच भारत सरकार की सेवा में थे। 2010 में सेवानिवृत्ति के समय, वे केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग और कस्टम्स बोर्ड (कार्मिक और सतर्कता) में एक सदस्य और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के विशेष सचिव थे। सेवाकाल में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ–साथ मुख्यालय के कार्यालयों में भी कस्टम्स, सेंट्रल एक्साइज, सर्विस टैक्स, विभिन्न क्षेत्रों जैसे एंटिस्मग्लिंग इंटेलिजेंस, इन्वेस्टिगेशन एडमिनिस्ट्रेशन और सतर्कता में काम किया । उन्हें 1991 के गणतंत्र दिवस समारोह पर विशेष रूप से प्रतिष्ठित रिकॉर्ड के लिए "भारत का राष्ट्रपति पुरस्कार" प्राप्त हुआ। उन्होंने तस्करी विरोध जोखिम प्रबंधन आदि पर अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए विदेशों में विभिन्न सीमा शुल्क संरचनाओं का दौरा किया है। वर्ष 2011 से 2016 के दौरान वह यूपीएससी में प्रशासनिक सेवाओं तथा कर्मचारी चयन आयोग के लिए जाने वाले साक्षात्कारों के साक्षात्कार पैनल के सदस्य रहे। वे तमिलनाडु एवं पुदुच्चेरी की बार काउंसिल के एडवोकेट भी हैं। वर्तमान में वह चेन्नई पेट्रोलियम एवं भारतीय विशिष्ट पहचान

प्राधिकरण (UIDAI) के लिए स्वायत्त बाह्य अनुवीक्षक के तौर पर कार्य कर रहे हैं।

श्री विनोद कुमार नागर, 68 वर्ष, को बैंक के शेयरधारक–निदेशक के रूप में जुलाई 01, 2017 से 3 वर्षों की अवधि के लिए फिर से निर्वाचित किया गया । वे सिंडिकेट बैंक के सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक हैं। वे बी.टेक्स्ट, विपणन एवं बिक्री प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारक और एमबीए हैं । उनके पास 25 वर्ष से अधिक अवधि के बैंकिंग करियर का अनुभव है। सिंडिकेट बैंक में कार्यभार ग्रहण करने के पहले इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक, नई दिल्ली में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में काम किया । कई वर्षों के लिए इन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष और अंचल प्रबंधक के रूप में अग्रणी पदों पर काम किया। वे पंजाब नैशनल बैंक में ऋण समिति, निवेश समिति, मानव संसाधन प्रबंधन समिति, सीबीएस कार्यान्वयन के लिए स्टीयरिंग समिति और उच्चतम स्तरीय समझौता समिति जैसी सभी मुख्य समितियों के सदस्य रहे और इनके पर्यवेक्षण में विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का समेकन हुआ। वे आईबीए में वित्तीय समावेशन उप–समिति, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कार्य पर थोरट समिति, पंजाब राज्य के लिए एसएमई पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सशक्त समिति, गैर–नागरिक मंत्रालयों / विभागों में संशोधित प्रक्रिया की क्षमता की पुनरीक्षा के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति, सिविल मंत्रालयों / विभागों आदि से मान्यता प्राप्त बैंकों द्वारा किये जानेवाले सरकारी लेनदेन की समीक्षा हेतु वित्त मंत्रालय द्वारा सृजित स्थायी समिति आदि प्रमुख समितियों के सदस्य थे। इनका कार्यकाल दिनांक 30.06.2020 को समाप्त हुआ।

डॉ. भरत कृष्ण शंकर, आयु 55 वर्ष, को 21 दिसम्बर, 2017 से 3 वर्षों के लिए बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया । वे वाणिज्य में स्नातकोत्तर, चार्टर्ड अकाउंटेंसी में एक राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता (इंटर और फाइनल दोनों में टॉपर) और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट और मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के एक सहयोगी हैं। उनका डॉक्टरेट की थीसिस "उद्यमशीलता के निर्धारक और मदुरै जिले में एमएसएमई क्षेत्र में स्थिरता पर इसका प्रभाव" था । उन्हें व्यवसाय प्रबंधन वित्त और मानव संसाधन और प्रशिक्षण में समृद्ध अनुभव है।

श्री के रामचंद्रन, आयु 58 वर्ष, ने इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में समामेलन के बाद, इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने 26 दिसंबर 2018 से इलाहाबाद बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है। वे विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं और उन्हें कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्राप्त हैं। वे मई 1985 में कॉर्पोरेशन बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में भर्ती हुए तथा शाखाओं, कॉर्पोरेट कार्यालय और अन्य नियंत्रण कार्यालयों में कार्य किया।

वे कॉर्पोरेशन बैंक के सम्पूर्ण शाखा ऑटोमेशन, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन से संबद्ध कोर टीम में शामिल थे। प्राथमिकता क्षेत्र के सहायक महाप्रबंधक के रूप में, उन्होंने कारोबार प्रतिनिधियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वॉयस इनेबल्ड पॉइंट ऑफ ट्रांजक्शन, हैंड हेल्ड टर्मिनल्स को लागू किया था। श्री रामचंद्रन ने वैकल्पिक चौनल, क्रेडिट मॉनिटरिंग वर्टिकल का स्वतंत्र प्रभार संभाला था। उन्होंने कॉर्पोरेशन बैंक के ठाणे अंचल का नेतृत्व किया था। महाप्रबन्धक के रूप में पदोन्नत होने पर, वे अप्रैल 2016 से कॉर्पोरेशन बैंक के चेन्नै अंचल का नेतृत्व कर रहे थे।

बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू – **अध्यक्ष**	01.04.2019 – 31.03.2020	17	16
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	17	16
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	17	17
4.	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019 – 24.01.2020	10	3
5.	श्री संजीव कौशिक	24.01.2020 – 31.03.2020	7	4
6.	श्री जे के दाश	01.04.2019 – 25.04.2019	शून्य	शून्य
7.	श्री एस के पाणिग्रही	26.04.2019 – 31.03.2020	17	14
8.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 – 25.07.2019	2	2
9.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.04.2019 – 24.04.2019 21.10.2019 – 31.03.2020	शून्य 11	शून्य 11
10.	श्री सलिल कुमार झा	01.04.2019 – 31.03.2020	17	15
11.	श्री विनोद कुमार नागर	01.04.2019 – 31.03.2020	17	17
12.	डॉ भरत कृष्ण शंकर	01.04.2019 – 31.03.2020	17	16

बैंक के निदेशकों के बीच कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।

स्वतंत्र निदेशकों को दिये गये परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा बैंक की वेबसाइट https://www.indian-bank.com/wp-content/uploads/2018/04/Merged-Familiarisation-programs.pdf. में दिया गया है।

बोर्ड की बैठकें : राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के अंतर्गत वर्ष में की जानेवाली न्यूनतम छः (6) बैठकों की सांविधिक प्रावधान की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बैंक की सत्रह (17) बोर्ड बैठकें आयोजित की गई थीं जिनके विवरण निम्नानुसार हैं :

14/05/2019	28/06/2019	05/08/2019	30/08/2019	30/08/2019*	18/09/2019
23/10/2019	27/11/2019	23/12/2019	24/01/2020	14/02/2020*	14/02/2020
28/02/2020	05/03/2020	12/03/2020	17/03/2020	27/03/2020	

*ग्राहक सेवा पर अनन्य बोर्ड बैठक

3. बोर्ड की समितियाँ

बोर्ड ने निम्नलिखित समितियाँ गठित की हैं, जो महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में निर्दिष्ट एवं केन्द्रित नियंत्रण प्रदान करती हैं और बैंक के क्रियाकलापों का पर्यवेक्षण करती हैं।

क्र सं.	समिति का नाम
1.	प्रबंधन समिति
2.	बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
3.	जोखिम प्रबंधन समिति
4.	आईटी रणनीति समिति
5.	ग्राहक सेवा समिति
6.	निदेशकों की समिति (सतर्कता)
7.	विशेष समिति (बडे मूल्य की धोखाधडियों को मॉनीटर करने हेतु)
8.	शेयर अंतरण समिति
9.	स्टेकधारक संपर्क समिति
10.	एच आर समिति
11.	वसूली को मॉनिटर करने के लिए समिति
12.	अनुशासनिक मामलों के लिए बोर्ड स्तरीय अपीलीय समिति
13.	इरादतन चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति
14.	गैर–सहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति
15.	ऋण अनुमोदन समिति
16.	व्यय अनुमोदन समिति
17.	नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
18.	निष्पादन मूल्यांकन हेतु बोर्ड समिति

1) प्रबंधन समिति :

प्रबंधन समिति का गठन सितंबर 08, 1990 को किया गया और यह भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के साथ बोर्ड द्वारा इसे प्रदान किए गए अधिकारों का प्रयोग करती है। प्रबंधन समिति निम्नलिखित विषयों पर बोर्ड में निहित सभी अधिकारों का प्रयोग कर सकती है :

- ऋण प्रस्तावों की मंजूरी (निधिप्रदत्त और गैर निधिप्रदत्त)
- ऋण समझौता / बट्टे खाते में डालने के प्रस्ताव ;
- पूंजी और राजस्व व्यय के प्रस्तावों हेतु अनुमोदन ;
- परिसरों के अधिग्रहण और किराये पर लेने हेतु मानदंडों से विचलन सहित परिसरों के अधिग्रहण और किराये पर लेने से संबंधित प्रस्ताव ;
- मुकदमा / अपील आदि दायर करना और उनके बचाव की प्रक्रिया आदि ;
- सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों, शेयरों और हामीदारी सहित कंपनियों के डिबेंचरों में निवेश
- दान ; और
- बोर्ड द्वारा प्रबंधन समिति को संदर्भित किए गए कोई अन्य मामले।

प्रबंध समिति निदेशकों की उपस्थिति के विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू– अध्यक्ष	01-04-2019 – 31-03-2020	17	16
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01-04-2019 – 31-03-2020	17	15
3.	श्री वी वी शेणॉय	01-04-2019 – 31-03-2020	17	17
4.	श्री जे के दाश	01-04-2019 – 25-04-2019	0	0
5.	श्री एस के पाणिग्रही	26-04-2019 – 31-03-2020	17	15
6.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01-04-2019 – 24-04-2019 01-11-2019 – 31-03-2020	0 9	0 9
7.	श्री विनोद कुमार नागर	01-04-2019 – 07-07-2019	2	2
8.	श्री सलिल कुमार झा	08-07-2019 – 31-03-2020	15	13

2) लेखापरीक्षा समिति

लेखा परीक्षा समिति 13 अक्तूबर 1995 को गठित की गयी और इसके कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं :

- बैंक के समग्र लेखा – परीक्षा कार्य, जोकि संस्थान तथा उसके परिचालन पर प्रभाव डालता है, को मार्गदर्शन प्रदान करना एवं उसका पर्यवेक्षण करना, जिससे बैंक की आंतरिक लेखा परीक्षा और निरीक्षण को व्यवस्थित, परिचालित करना एवं गुणवत्ता नियंत्रण करना अभिप्रेत है तथा बैंक की सांविधिक / बाहरी लेखा परीक्षा एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों का अनुवर्तन करना।
- अंतर–शाखा समायोजन खाते, अंतर बैंक खातों में बहुत दिनों से लंबित समाधान न की गई प्रविष्टियाँ और नास्ट्रो खातों, विभिन्न शाखाओं में बहियों के संतुलन में शेष काम, धोखाधडियाँ एवं अनुरक्षण पर विशिष्ट ध्यान देते हुए बैंक के आंतरिक निरीक्षण / लेखापरीक्षा कार्य की पुनरीक्षा करना।
- बैंकों में नियुक्त अनुपालन अधिकारियों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा और
- लांग फार्म लेखा परीक्षा रिपोर्टों में उठाए गए सभी मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना और वार्षिक/अर्ध वार्षिक वित्तीय लेखा और रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पूर्व बाहरी लेखा परीक्षकों के साथ संपर्क करना।
- लेखा, लेखा–नीतियों, प्रकटीकरण की नियमित पुनरीक्षा ;
- प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णयों को लागू करने पर आधारित मुख्य लेखा प्रविष्टियों की पुनरीक्षा और लेखा परीक्षा से प्राप्त महत्वपूर्ण समायोजन की पुनरीक्षा;
- ड्राफ़्ट लेखा परीक्षा रिपोर्ट की शर्तें ;
- लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों को शामिल करते हुए स्वतंत्र लेखा परीक्षा के विस्तार का निर्धारण एवं पुनरीक्षण करना तथा बोर्ड को प्रस्तुत करने के पहले तिमाही, छमाही एवं वार्षिक वित्तीय विवरणों का पुनरीक्षण करना
- किसी भी प्रकार के चिंताजनक क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखा परीक्षकों के साथ लेखा परीक्षा के बाद चर्चा;
- आंतरिक लेखा परीक्षा का स्वरूप और समय अंतराल स्थापित करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के निष्कर्ष की पुनरीक्षा और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता सुनिश्चित करना;
- बैंक के लेखा मानकों और लेखा नीतियों का अनुपालन
- वित्तीय विवरणियों पर लागू सीमा तक स्टॉक एक्सचेंज की अपेक्षाओं का अनुपालन;
- संबंधित पार्टियों के लेनदेन का पर्यवेक्षण, यथा, प्रवर्तकों अथवा प्रबंधन, उनकी अनुषंगियों अथवा संबंधियों इत्यादि के साथ भौतिक रूप के लेनदेन, जिनसे व्यापक रूप में बैंक के हितों के साथ संभावित संघर्ष हो सकता है; और
- ऐसे अन्य मामले जो कि समय–समय पर किसी भी सांविधिक, संविदात्मक अथवा अन्य विनियामक आवश्यकताओं हेतु अपेक्षित हों।

लेखा परीक्षा समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	डॉ भरत कृष्ण शंकर – अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	13	13
2.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	13	13
3.	श्री एम के भट्टाचार्य (आमंत्रित)	01.04.2019 – 31.03.2020	13	11
4.	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019 – 24.01.2020	9	1
5.	श्री संजीव कौशिक	24.01.2020 – 31.03.2020	4	3
6.	श्री जे के दाश	01.04.2019 – 25.04.2019	0	0
7.	श्री एस के पाणिग्रही	26.04.2019 – 31.03.2020	13	10
8.	श्री सलिल कुमार झा	01.04.2019 – 07.07.2019	2	2
9.	श्री विनोद कुमार नागर	08.07.2019 – 31.03.2020	11	10

3) जोखिम प्रबंधन समिति :

जोखिम प्रबंधन समिति का गठन 18 जनवरी, 2003 को किया गया था। समिति के कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- एकीकृत जोखिम प्रबंधन, जिसमें ऋण जोखिम सहित बैंक के विभिन्न एक्सपोज़र से संबंधित जोखिम शामिल हैं, के लिए नीति और रणनीति तैयार करना
- बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलएमसी) और परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और अन्य जोखिम समितियों के बीच समन्वय स्थापित करना।
- समिति के दायित्वों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :
  - बाज़ार जोखिम मापने, उसके प्रबंधन और रिपोर्टिंग हेतु नीतियां और दिशानिर्देश निर्धारित करना
  - यह सुनिश्चित करना कि बाजार जोखिम प्रक्रियाएँ (जनता, प्रणालियों, परिचालनों, सीमाओं और नियंत्रणों सहित) बैंक की नीति की संतुष्टि प्रदान करती हैं।
  - ट्रिगर अथवा व्यापार और प्रोद्भूत पोर्टफोलियो हेतु हानि रोकने सहित बाज़ार जोखिम सीमाओं की पुनरीक्षा और अनुमोदन।
  - अर्ह और सक्षम स्टाफ की नियुक्ति, अर्ह और सक्षम स्टाफ और स्वतंत्र बाज़ार जोखिम प्रबंधक/कों आदि की तैनाती सुनिश्चित करना।

जोखिम प्रबंधन समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू – अध्यक्ष	01.04.2019 - 31.03.2020	8	7
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 - 31.03.2020	8	8
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 - 31.03.2020	8	7
4.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 - 25.07.2019	1	1
5.	श्री विनोद कुमार नगर	01.04.2019 - 31.03.2020	8	8
6.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.11.2019 - 31.03.2020	6	6

4) आईटी रणनीति समिति :

➢ प्रौद्योगिकी समिति का गठन बैंक की प्रौद्योगिकी उन्नयन आवश्यकताओं पर विचार करने और स्पष्ट परिभाषित माइलस्टोन के साथ रणनीतिक योजना की अनुशंसा करने के लिए किया गया है।

आईटी रणनीति समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू – अध्यक्ष	01.04.2019 - 31.03.2020	6	5
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 - 31.03.2020	6	6
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 - 31.03.2020	6	6
4.	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019 - 24.01.2020	4	0
5.	श्री संजीव कौशिक	24.01.2020 - 31.03.2020	2	2
6.	डॉ भरत कृष्ण शंकर	01.04.2019 - 31.03.2020	6	5
7.	श्री सलिल कुमार झा – बैठक के अध्यक्ष	01.04.2019 - 31.03.2020	6	5

5) ग्राहक सेवा समिति

ग्राहक सेवा समिति अगस्त 24, 2004 को गठित की गई थी। ग्राहक सेवा समिति के कार्य में निम्नलिखित भी शामिल हैं –

➢ आम व्यक्तियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रक्रियाविधियों व पद्धतियों के सरलीकरण पर ध्यान देना

➢ ग्राहकों को सेवा प्रदान करने हेतु पद्धतियों की समीक्षा और

➢ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित उन विनियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा, जोकि बैंक की ग्राहक सेवा का अतिक्रमण करती हैं।

ग्राहक सेवा समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू – अध्यक्ष	01.04.2019 - 31.03.2020	4	3
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 - 31.03.2020	4	4
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 - 31.03.2020	4	3
4.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 - 25.07.2019	1	1
5.	श्री विनोद कुमार नागर	01.04.2019 - 31.03.2020	4	4
6.	श्री सलिल कुमार झा	01.04.2019 - 31.03.2020	4	4
7.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.11.2019 - 31.03.2020	2	2

6) निदेशकों की समिति (सतर्कता)

सतर्कता समिति जनवरी 12, 1991 को गठित की गई है।

लंबित अनुशासनिक मामलों और विभागीय जांच की पुनरीक्षा करने के लिए सतर्कता समिति की बैठक तिमाही में एक बार की जाती है।

सतर्कता समिति में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू : अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	4	4
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	4	4
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	4	4
4.	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019 – 24.01.2020	3	0
5.	श्री संजीव कौशिक	24.01.2020 – 31.03.2020	1	0
6.	श्री जे के दाश	01.04.2019 – 25.04.2019	0	0
7.	श्री एस के पाणिग्रही	26.04.2019 – 31.03.2020	4	4

7) विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधडियों की मॉनिटरिंग)

₹1 करोड़ और उससे अधिक की धोखाधड़ियों को मॉनिटर करने हेतु इस समिति का गठन 31 जनवरी 2004 को किया गया था।

विशेष समिति (बड़े मूल्य की धोखाधड़ियों की मॉनिटरिंग) में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान बैठकें आयोजित	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू : अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	3	3
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	3	3
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	3	3
4.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 – 25.07.2019	1	1
5.	श्री सलिल कुमार झा	01.04.2019 – 31.03.2020	3	2
6.	श्री विनोद कुमार नागर	08.07.2019 – 31.03.2020	2	2
7.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.11.2019 – 31.03.2020	1	1

8) शेयर अंतरण समिति :

इंडियन बैंक (शेयर और बैठक) विनियमन, 1999 के विनियम 2ए के अनुसार, 13 मार्च 2007 को बैंक की शेयर अंतरण समिति गठित की गई।

शेयर अंतरण समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	श्री वी वी शेणॉय : अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	1	1
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	1	1
3.	श्री विनोद कुमार नागर	01.04.2019 – 31.03.2020	1	1
4.	डॉ भरत कृष्ण शंकर	01.04.2019 – 31.03.2020	1	1

9) स्टेकधारक संपर्क समिति :

सेबी (एलओडीआर) विनियमन के अनुसार शेयरधारकों तथा निवेशकों की शिकायतों के निवारण का कार्य संभालने हेतु 23 नवंबर, 2006 के प्रभाव से यह समिति गठित की गई और इस समिति का कार्य सिर्फ शेयरों के अंतरण, लाभांश, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने और किसी प्रकार की शिकायतों तक सीमित नहीं है, बल्कि बैंक के विरुद्ध किसी शेयर धारक या निवेशक की शिकायतों के निवारण का कार्य भी शामिल है।

स्टेकधारक संपर्क समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1	श्री विनोद कुमार नागर – अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	3	3
2	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	3	3
3	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	3	3
4	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 – 25.07.2019	0	0
5	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.11.2019 – 31.03.2020	2	2

10) एचआर समिति

बोर्ड की मानव संसाधन समिति का गठन 29 जून, 2012 को एचआर की महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रत्येक तिमाही में चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए किया गया था।

एच आर समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू – अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	6	6
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	6	6
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	6	6
4.	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019 – 24.01.2020	5	0
5.	श्री संजीव कौशिक	24.01.2019 – 31.03.2020	1	0
6.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.04.2019 – 24.04.2019	0	0
7.	डॉ भरत कृष्ण शंकर	01.04.2019 – 31.03.2020	6	6
8.	श्री सलिल कुमार झा	01.04.2019 – 31.03.2020	6	4

11) वसूली पर निगरानी समिति

दिसंबर 18, 2012 को वसूली को मॉनीटर करने के लिए वसूली पर निगरानी समिति गठित की गई तथा इसका उद्देश्य है मासिक आधार पर बैंक में की गई वसूली की प्रगति को मॉनीटर करना एवं विभिन्न समितियों, जैसे समझौता परामर्शदात्री समिति, आस्तियों की बिक्री समिति और बैंक के अन्य क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ताओं के कार्य की पुनरीक्षा करना।

वसूली को मॉनीटर करनेवाली समिति में निदेशकों की उपस्थिति के विवरण

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	सुश्री पद्मजा चुन्डूरू : अध्यक्ष	01.04.2019 – 31.03.2020	4	3
2.	श्री एम के भट्टाचार्य	01.04.2019 – 31.03.2020	4	4
3.	श्री वी वी शेणॉय	01.04.2019 – 31.03.2020	4	4
4.	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019 – 24.01.2020	3	0
5.	श्री संजीव कौशिक	24.01.2020 – 31.03.2020	1	1
6.	श्री पद्मनाभन विट्ठल दास	01.04.2019 – 24.04.2019	0	0
		01.11.2019 – 31.03.2020	2	2
7.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 – 25.07.2019	1	1
8.	श्री सलिल कुमार झा	01.04.2019 – 31.03.2020	4	4

12) अनुशासनिक मामलों के लिए बोर्ड स्तरीय अपीलीय समिति :

अनुशासनिक मामलों में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मु.का.अ के निर्णयों के खिलाफ की जाने वाली अपीलों के लिए उनसे एक स्तर ऊपर की बोर्ड स्तरीय अपीलीय समिति का गठन 15.12.2014 को किया गया है । समिति के सदस्य हैं:

1. श्री विनोद कुमार नागर
2. डॉ भरत कृष्ण शंकर
3. श्री सलिल कुमार झा

वर्ष 2019–20 के दौरान इस समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है।

13) इरादतन चूककर्ताओं के लिए समीक्षा समिति

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इरादतन चूककर्ताओं के संबंध में दिनांक 23 जनवरी 2015 को इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा के लिए समिति गठित की गई। यह समिति, उधारकर्ताओं को इरादतन चूककर्ता के रूप में पहचानने वाली स्क्रीनिंग समिति के आदेशों की पुनरीक्षा करती है।

इरादतन चूककर्ताओं हेतु आयोजित समीक्षा समिति के निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	पद्मजा चुन्डूरू : अध्यक्ष	01.04.2019 –31.03.2020	1	1
2.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 – 25.07.2019	शून्य	शून्य
3.	श्री विनोद कुमार नागर	18.09.2019 – 31.03.2020	1	1
4.	श्री सलिल कुमार झा	18.09.2019 – 31.03.2020	1	1

14) सहयोग नहीं देने वाले उधारकर्ताओं की समीक्षा हेतु समिति

जनवरी 23, 2015 को सहयोग नहीं देने वाले उधारकर्ताओं की समीक्षा हेतु समिति का गठन, ऐसे उधारकर्ताओं के संबंध में स्क्रीनिंग संमिति के आदेशों की पुनरीक्षा / पुष्टिकरण के लिए किया गया, जिसमें भारिबैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उधारकर्ताओं को असहयोगी उधारकर्ता के रूप में वर्गीकृत किया गया था। समिति के निम्नलिखित सदस्य है :

सहयोग नहीं देने वाले उधारकर्ताओं हेतु आयोजित बैठकों में समीक्षा समिति के निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1.	पद्मजा चुन्डूरू : अध्यक्ष	01.04.2019 –31.03.2020	1	1
2.	श्री विजय कुमार गोयल	01.04.2019 – 25.07.2019	शून्य	शून्य
3.	श्री विनोद कुमार नागर	01.04.2019 – 31.03.2020	1	1
4.	श्री सलिल कुमार झा	18.09.2019 – 31.03.2020	1	1

15) बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति

भारत सरकार की अधिसूचना एसओ 2736 (ई) दिनांक दिसंबर 05, 2011 के अनुसार ऋण अनुमोदन समिति अप्रैल 04, 2012 को गठित की गई तथा यह बोर्ड की प्रबंधन समिति के अधीन मंजूरी निकाय होगी, ये सदस्य ऋण प्रस्ताव / समझौता प्रस्ताव /बट्टे खाते मे डालने के प्रस्ताव आदि पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित ढांचे के अनुरूप उनको प्रत्यायोजित अधिकारों का प्रयोग करेंगे।

समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :

1. प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2. कार्यपालक निदेशकगण
3. महाप्रबंधक या विभाग प्रमुख, ऋण के प्रभारी*
4. महाप्रबंधक या विभाग प्रमुख, जो ट्रेशरी एवं निवेश के प्रभारी हैं
5. महाप्रबंधक या विभाग प्रमुख, वित्त / लेखा के प्रभारी, जो भी मामला हो
6. सीआरओ और सीसीओ की सहभागिता

*चूंकि विभिन्न महाप्रबंधक / विभाग प्रमुख ऋण प्रस्तावों को डील कर रहे हैं इसलिए संबन्धित महाप्रबंधक / विभाग प्रमुख संबन्धित प्रस्ताव के लिए समिति के सदस्य होंगे।

वर्ष 2019–20 के दौरान ऋण अनुमोदन समिति की 15 बैठकें आयोजित की गईं।

16) व्यय अनुमोदन समिति

व्यय अनुमोदन समिति का गठन समिति अवधारणा को लाभ पहुंचाने हेतु निम्नलिखित सदस्यों के साथ किया गया :

1) प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2) कार्यपालक निदेशकगण
3) ट्रेशरी /व्यय / मासंप्र / टीएमडी के प्रभारी महाप्रबन्धक
4) महाप्रबन्धक / विभाग प्रमुख (जिनके द्वारा व्यय प्रस्तावित है)
5) मुख्य अनुपालन अधिकारी

वर्ष 2019–20 के दौरान व्यय अनुमोदन समिति की बैठक 13 बार हुई ।इस समिति को दिनांक 07.04.2020 के अनुमोदन द्वारा ऋण अनुमोदन समिति में सममिलित कर दिया गया।

17) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

बोर्ड के शेयर धारक निदेशक के रूप में चयन किए जाने वाले व्यक्तियों की 'उचित एवं उपयुक्त' स्थिति निर्धारित करने के लिए दिनांक 27.11.2019 को नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है।

इस समिति में निम्नलिखित सदस्य हैं
अ)श्री सलिल कुमार झा – समिति के अध्यक्ष
आ)श्री पद्मनाभन विट्ठल दास
इ)डॉ. भरतकृष्ण शंकर
वर्ष 2019–20 के दौरान इस समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई।

18) निष्पादन मूल्यांकन के लिए समिति

महाप्रबन्धकों एवं कार्यपालक निदेशकों के केआरए अनुमोदित करने एवं बोर्ड की संस्तुति हेतु प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का केआरए बनाने के लिए दिनांक 27.11.2019 को इस समिति का गठन किया गया है।

निष्पादन मूल्यांकन हेतु आयोजित बैठकों में समीक्षा समिति के निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

क्रम सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
1	डॉ. भरतकृष्ण शंकर – अध्यक्ष	27.11.2019 – 31.03.2020	1	1
2	श्री अमित अग्रवाल	01.04.2019- 24.01.2020	1	1
3	श्री संजीव कौशिक	24.01.2020-31.03.2020	शून्य	शून्य
4	श्री विनोद कुमार नागर	27.11.2019-31.03.2020	1	1

****

4. सामान्य बैठकें

बैंक के शेयरधारकों की पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों (एजीएम) के विवरण निम्न प्रकार हैं ;

वार्षिक आम बैठक	दिन एवं दिनांक	समय	जगह
ग्यारहवीं	सोमवार जून 12, 2017	पूर्वाह्न 10.30 बजे	इमेज, एमआरसी नगर राजा अण्णामलैपुरम चेन्नै – 600 028
बारहवीं	गुरुवार जून 28, 2018	पूर्वाह्न 10.30 बजे	इमेज, एमआरसी नगर राजा अण्णामलैपुरम चेन्नै – 600 028
तेरहवीं	गुरुवार जून 27, 2019	पूर्वाह्न 10.30 बजे	इमेज, एमआरसी नगर राजा अण्णामलैपुरम चेन्नै – 600 028

बारहवीं व तेरहवीं वार्षिक आम बैठकों के दौरान कोई भी विशेष संकल्प पास नहीं किया गया। ग्यारहवीं आम बैठक में निम्नलिखित विशेष संकल्प पास किए गए तथा वर्ष 2017–18 के दौरान असाधारण आम बैठक आयोजित की गई :

ए) 12 जून, 2017 को आयोजित ग्यारहवीं वार्षिक आम बैठक में, फॉलो–ऑन पब्लिक ऑफर / राइट्स इश्यू / क्यूआईपी / अधिमानी इश्यू के माध्यम से 10/ – रुपये प्रत्येक के अंकित मूल्य के 4.75 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करने हेतु अनुमोदन के साथ एक संकल्प तथा / अथवा बैंक द्वारा तय किए जाने वाले प्रायवेट प्लेसमेंट को विशेष प्रस्ताव के रूप में पारित किया गया था ।

बी) वर्ष 2017 – 18 के दौरान, 31 जनवरी, 2018 को एक असाधारण आम बैठक इमेज़ एमआरसी नगर, राजा अण्णामलैपुरम, चेन्नै – 600028 में सुबह 10.30 बजे आयोजित की गई, जिसमें वर्तमान या बाद के वित्तीय वर्षों में आवश्यकतानुसार एक या एक से अधिक श्रृंखलाओं में आगामी पब्लिक ऑफर / प्रायवेट प्लेसमेंट / राइट्स इश्यू / क्यूआईपी / अधिमान्य इश्यू / इन्स्टीट्यूशनल प्लेसमेंट कार्यक्रम के माध्यम से 7000 करोड़ रुपये (प्रीमियम सहित) तक इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी देते हुए बैंक द्वारा तय किए जाने वाले विशेष प्रस्ताव के रूप में एक संकल्प पारित किया गया था।

सी) वर्तमान या बाद के वित्तीय वर्षों में आवश्यकतानुसार एक या एक से अधिक श्रृंखलाओं में आगामी पब्लिक ऑफर / प्रायवेट प्लेसमेंट / क्यूआईपी / राइट्स इश्यू / अधिमान्य इश्यू / कर्मचारी शेयर खरीद योजना के माध्यम से 7000 करोड़ रुपये (प्रीमियम सहित) तक इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी देते हुए डाक मतपत्र द्वारा 27 मार्च,2019 को एक विशेष संकल्प पारित किया गया था।

डी) बैंक के प्रवर्तक, भारत सरकार से पोस्टल बैलेट के माध्यम से 2534 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयर जुटाने के लिए अधिमान्य आबंटन को अनुमोदित करने के लिए 13 नवंबर 2019 को विशेष संकल्प पारित किया गया है।

इसके लिए कार्यरत, मैसर्स एस एन अनंतसुब्रमणियन एंड कंपनी सचिव द्वारा पोस्टल बैलेट की संवीक्षा की गई।

5. प्रकटीकरण

ए) बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर अनुबद्ध "संबंधित पार्टी लेन–देनों" की आवश्यकताओं का अनुपालन करता रहा है। बैंकिंग कारोबार के सामान्य व्यवहार में आनेवाली मदों के अलावा बैंक ने अपने प्रवर्तकों / निदेशकों, प्रबंधन, उनकी अनुषंगियाँ, अथवा रिश्तेदारों आदि के साथ किसी भी प्रकार के भौतिक प्रमुख लेनदेनों में भाग नहीं लिया है जिससे बैंक के हितों के साथ संभाव्यतः टकराव हो। बैंक ने आरपीटी के महत्व पर एवं आरपीटीयों से निपटान हेतु एक नीति निर्मित की है, जिसे बैंक की वेबसाइट की लिंक https://www.indian-bank.com/departments/investors-service/ पर पोर्ट किया गया है।

बी) बैंक ने 'भौतिक अनुषंगी के निर्धारण हेतु नीति' बनाई है एवं उसे बैंक की वेबसाइट – https://www.indian-bank.com/departments/investors-service/ पर प्रकट किया गया है। बैंक में दो सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनियाँ हैं अर्थात मेसर्स इंडबैंक मर्चेन्ट बैंकिंग सर्विसेस लिमिटेड एवं मेसर्स इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड और दोनों "भौतिक अनुषंगी कंपनियाँ" नहीं हैं।

सी) प्रबंध निदेशक एवं मु.का.अ और कार्यपालक निदेशकों को इस संबंध में भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार उनके यात्रा एवं विराम भत्ते के व्यय की प्रतिपूर्ति और पारिश्रमिक अदा किया जाता है और उनको प्रदत्त पारिश्रमिक के विवरण, बैंक के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 में प्रकट किए गए हैं। एसोसिएशन/संघ के साथ किए गए द्विपक्षीय समझौते के अनुसार अधिकारी–कर्मचारी निदेशक और कामगार कर्मचारी निदेशक को पारिश्रमिक और उनके द्वारा की गई यात्रा के लिए यात्रा एवं विराम भत्ते अदा किये जाते हैं। गैर कार्यपालकों / अंशकालिक, गैर–अधिकारी निदेशकों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बोर्ड/समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए बैठक शुल्क रु. 40,000/– एवं रु. 20,000/– प्रति बोर्ड की बैठक एवं समिति बैठक (अतिरिक्त रु.10,000/– बोर्ड बैठक संचालन के लिए और अतिरिक्त रु.5,000/– समिति बैठक संचालन के लिए), के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक अदा नहीं किया जाता है और केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्णीत रूप से समय समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970/1980 के खण्ड 17 के अनुसार यात्रा एवं विराम व्यय सहित, उनको पारिश्रमिक अदा किया जाता है।

डी) वर्ष 2019–20 के दौरान किसी प्रकार की पण्य मूल्य जोखिम एवं पण्य प्रतिरक्षा गतिविधियां नहीं हुईं।

ई) वर्ष 2019–20 के दौरान, बैंक ने भारतीय बैंक कर्मचारी शेयर खरीद योजना (ईएसपीएस) के तहत 295.48 करोड़ रुपये की राशि जुटाई। भारत सरकार ने सेबी (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के मुद्दे) विनियम, 2018 के अनुसार इक्विटी शेयरों के अधिमानी आबंटन के माध्यम से बैंक में 2534 करोड़ रु. की पूंजी लगाई। बैंक ने अपनी विकास योजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपरोक्त पूंजीगत धन जुटाया। इस तरह से जुटाई गई धनराशि का उपयोग पोस्टल बैलट नोटिस दिए गए उद्देश्य के लिए किया गया है।

एफ) वर्ष 2019–20 के दौरान, बोर्ड ने बोर्ड की किसी भी समिति की अनिवार्य रूप से आवश्यक किसी भी सिफारिश को अस्वीकार नहीं किया है।

जी) बैंक के बोर्ड, लेखा परीक्षा समिति और बोर्ड की अन्य समितियों का गठन तथा निदेशकों का पारिश्रमिक, बोर्ड / समिति प्रक्रियाओं / संबंधित पार्टी लेनदेन आदि बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत नियंत्रित किए जाते है। बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, भारतीय बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999, भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार द्वारा समय–समय पर संशोधित और दिशानिर्देश जारी किए गए और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 15 से 27 के कुछ प्रावधान संगत / लागू नहीं हैं।

एच) कॉर्पोरेट गवर्नेंस के एक भाग के रूप में और अधिक पारदर्शिता प्राप्त करने के लिए, 'व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी' तैयार की गई है और बैंक द्वारा लागू की गई है, जिसके संदर्भ में स्टाफ सदस्यों को अनैतिक व्यवहार वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या बैंक की आचार संहिता या आचार नीति के उल्लंघन के बारे में प्रबंधन की चिंताओं को रिपोर्ट करने के लिए एक तंत्र स्थापित किया गया है और इस संबंध में किसी भी कार्मिक को ऑडिट कमेटी तक पहुँचने से वंचित नहीं किया गया है।

आई) **अनिवार्य एवं विवेकाधीन आवश्यकताएं :**

बैंक ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 तथा स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए लिस्टिंग एग्रीमेंटों के अनुसार सभी प्रयोज्य आवश्यकताओं का पालन किया है। विवेकाधीन आवश्यकताओं के कार्यान्वयन की सीमा नीचे प्रस्तुत है।

आवश्यकता	अनुपालन
ए. बोर्ड : गैर कार्यपालक अध्यक्ष को अधिकार होना चाहिए कि वे सूचीबद्ध कंपनियों के खर्चे पर अध्यक्ष का कार्यालय बनाए रखें और उन्हें अपने कार्यभार के निर्वहन में किए गए व्ययों की प्रतिपूर्ति भी की जानी चाहिए।	लागू नहीं
बी. शेयरधारक के अधिकार : पिछले छः महीने में प्राप्त वित्तीय उपलब्धियों की छमाही घोषणा सहित महत्वपूर्ण घटनाओं का संक्षिप्त विवरण शेयरधारकों के घर–घर तक भेजा जाए।	अर्द्धवार्षिक परिणाम समाचार पत्रों में, बैंक की वेबसाइट और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों पर अपलोड किए गए।
सी. लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर आशोधित अभिमतः सूचीबद्ध इकाई अशोधित लेखा परीक्षा अभिमत के साथ वित्तीय विवरण की व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ सकता है।	2019–20 के लिए बैंक के वित्तीय विवरण पर लेखापरीक्षा रिपोर्ट में असंबद्ध राय है
डी. अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के लिए अलग–अलग पद : सूचीबद्ध इकाई अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर अलग–अलग व्यक्तियों को नियुक्त करें।	सरकार द्वारा अध्यक्ष की नियुक्ति होनी अभी बाकी है।
ई. आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्टिंग : आंतरिक लेखा परीक्षक सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करें।	बैंक द्वारा संगामी लेखा परीक्षकों/शाखाओं के निरीक्षकों की रिपोर्ट को समेकित करके आवधिक रूप से लेखा परीक्षा समिति को प्रस्तुत किया जाता है।

6. संचार के माध्यम

बैंक से संबंधित जानकारी प्रमुखतः वार्षिक रिपोर्ट द्वारा जारी की जाएगी जिसमें निदेशक की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, नकदी प्रवाह विवरण, समेकित लेखा परीक्षित लेखे आदि शामिल हैं। शेयरधारकों को वर्तमान निवेशक, समाचार पत्रों में प्रकाशन, स्टॉक एक्सचेंजों को सूचना (एनएसई एवं बीएसई) प्रेस विज्ञाप्तियां, जहाँ भी संभव हो – ईमेल, जोकि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे, के द्वारा त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक निष्पादनों की जानकारी दी जाएगी। बैंक ब्याज दरों में संशोधन, नए उत्पादों के प्रवर्तन, नई शाखाओं का खोला जाना जैसे विभिन्न परिचालन मामलों पर प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी करता है जोकि बैंक की वेबसाइट (www.indianbank.in) पर भी उपलब्ध हैं।

बैंक ने अन्य समाचार पत्रों के अतिरिक्त अपने तिमाही/छमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों को एक राष्ट्रीय (अंग्रेजी) और एक स्थानीय भाषा (तमिल) के समाचार पत्र में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 47 में निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रकाशित किया है। वर्ष 2019–20 के दौरान किए गए ऐसे प्रकाशनों का विवरण निम्नानुसार है।

..... को समाप्त तिमाही/छमाही/वर्ष	समाचार पत्र	प्रकाशन की तिथि
31.03.2019	बिज़नस स्टैंडर्ड – अँग्रेजी एवं हिन्दी फाइनेंशियल एक्सप्रेस – अँग्रेजी जनसत्ता – हिन्दी दिनमणि – तमिल	15.05.2019
30.06.2019	बिज़नस स्टैंडर्ड – अँग्रेजी एवं हिन्दी दिनमणि – तमिल	06.08.2019
30.09.2019	बिज़नस स्टैंडर्ड – अँग्रेजी एवं हिन्दी फाइनेंशियल एक्सप्रेस – अँग्रेजी जनसत्ता – हिन्दी दिनमणि – तमिल	24.10.2019
31.12.2019	फाइनेंशियल एक्सप्रेस – अँग्रेजी जनसत्ता – हिन्दी दिनमणि – तमिल	25.01.2020

परिणाम बैंक की वेबसाइट पर लिंक - https://www.indian-bank.com/departments/financial-results/ पर भी उपलब्ध हैं। बैंक ने वर्ष के दौरान विभिन्न मूल्य से संबंधित संवेदनशील जानकारी की सूचना स्टॉक एक्स्चेंज(एनएसई और बीएसई) को दी है।

7. सामान्य शेयरधारकों की जानकारी

इंडियन बैंक के लेखों पर विचार करने व लाभांश की घोषणा के लिए बोर्ड की बैठक	जून 23, 2020
वार्षिक सामान्य बैठक का दिनांक, समय और सीन	अगस्त 07, 2020, पूर्वाह्न 11.00 बजे वीडीओ कॉन्फ्रेंस/ अन्य श्रव्य–दृश्य माध्यमों से संभावित स्थान : इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै – 600 014
वित्तीय वर्ष	2019–20
बही समापन तारीख	अगस्त 04, 2020 से अगस्त 07, 2020
2019–20 के लिए लाभांश	शून्य*
प्राक्सी फ़ार्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख	लागू नहीं
लाभांशों के भुगतान की तारीख	लागू नहीं

*दिनांक 17.04.2020 के भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र के जरिए अनुसार सलाह दी है कि सभी वाणिज्यिक बैंक अगले निर्देश तक कोई और लाभांश भुगतान न करें।

ए. स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टिंग

बैंक के ईक्विटी शेयर 01 मार्च, 2007 के प्रभाव से भारतीय नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज लिमिटेड (एक्सचेंज प्लाज़ा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, सी–1, ब्लॉक "जी", बांद्रा (पूर्वी मुंबई) – 400051 व बीएसई लिमिटेड (पी जे टवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400001) के पास सूचीबद्ध है। एक्सचेंज के स्क्रिप कोड निम्नानुसार हैं।

क्रमांक	स्टॉक एक्सचेंज	स्टॉक	स्क्रिप कोड
1.	एन एस ई	ईक्विटी	INDIANB
2.	बी एस ई	ईक्विटी	INDIANB / 532814

बैंक ने वर्ष 2019-20 के लिए स्टॉक एक्सचेंजों को लिस्टिंग शुल्क का भुगतान किया है।

बी. अनुपालन अधिकारी

श्री पी ए कृष्णन, महाप्रबंधक को सेबी और अन्य सांविधिक प्राधिकरणों के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए 28 जून, 2016 से अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। श्री बिमल शाह, कंपनी सचिव को स्टॉक एक्सचेंजों के साथ किए गए एसईबीआई (एलओडीआर) विनियमन और लिस्टिंग एग्रीमेंटों के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालनार्थ 01.07.2017 से अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है।

सी. शेयर अंतरण और निवेशकों की शिकायतों का निवारण :

बैंक ने शेयरों के अंतरण/प्रेषण के लिए शेयरधारकों के अनुरोधों को रिकॉर्ड करने, निवेशकों की शिकायतों का निवारण करने तथा शेयरों के जारीकरण से संबंधित अन्य कार्यकलापों को संभालने के लिए मेसर्स केमियो कार्पोरेट सर्विसेज़ लि., चेन्नै को शेयर अंतरण एजेंट के रूप में नियुक्त किया है। निवेशकों की सुविधा के लिए, उनकी शिकायतें चेन्नै स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में भी स्वीकार की जाती हैं।

निवेशक, अपने अनुरोध / शिकायतों को या तो शेयर अंतरण एजेंट के पास या बैंक के पास निम्नलिखित पते पर दे सकते हैं :

केमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लि. यूनिट : इंडियन बैंक सुब्रमणियन बिल्डिंग 1, क्लब हाउस रोड चेन्नै 600 002 टेलीफोन : (91 44) 28460718 फैक्स : (91 44) 28460129 ई–मेल : investor@cameoindia.com	कंपनी सचिव इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय इन्वेस्टर सर्विसेज़ सेल 254–260, अव्वै षण्मुगम सालै रायपेट्टा, चेन्नै 600 014 टेलीफोन : (91 44) 28134076 फैक्स : (91 44) 28134075 ई–मेल : investors@indianbank.co.in

प्राप्त, निवारण की गई एवं लंबित शिकायतों की संख्या :

2019–20 के दौरान प्राप्त एवं निवारण की गई तथा 31.03.2020 को लंबित शिकायतों की संख्या निम्नवत् है :

01.04.2019 को लंबित	01.04.2019 से 31.03.2020 तक प्राप्त	निवारण की गई शिकायतों की संख्या	31.03.2020 को लंबित
0	27	27	0

डी. 31.03.2020 को शेयरधारिता पैटर्न :

31.03.2020 को 1 प्रतिशत तथा उससे अधिक शेयर धारण करनेवाले शेयरधारकों की सूची :

सं.	शेयर धारकों का नाम	धारित शेयरों की संख्या	कुल धारिता के तहत प्रतिशत
1.	भारत सरकार	50,80,80,023	83.46%
2.	एचडीएफ़सी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड	2,15,70,299	3.54%
3.	भारतीय जीवन बीमा निगम	90,80,184	1.49

31.03.2020 तक कुल विदेशी धारिताः

सं.	शेयर धारकों का संवर्ग	धारित शेयरों की संख्या	कुल धारिता के तहत प्रतिशत
1.	विदेशी संस्थागत निवेशक	24,44,029	0.40%
2.	विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक	1,42,73,159	2.34%
3.	एनआरआई	8,93,361	0.15%
	कुल	**1,76,10,549**	**2.89%**

31.03.2020 तक शेयरधारिता का वितरणः

संवर्गवार :

सं.	संवर्ग	धारित शेयरों की संख्या	राशि (रु.)	शेयरधारिता का प्रतिशत
1.	भारत सरकार	50,80,80,023	508,08,00,230	83.46%
2.	बैंक एवं वित्तीय संस्थाएँ (केन्द्रीय / राज्य संस्थाएँ)	96,44,583	9,64,45,830	1.59%
3.	म्यूचुअल फ़ण्ड और यूटीआई	2,86,26,587	28,62,65,870	4.70%
4.	कॉर्पोरेट निकाय	3708667	37086670	0.61%
5.	एफआईआई / एफ़पीआई	1,76,10,549	17,61,05,490	2.89%
6.	निवासी होल्डिंग्स इत्यादि	4,11,30,171	41,13,01,710	6.75%
	कुल	**60,88,00,580**	**608,80,05,800**	**100.00%**

31.03.2020 तक शेयरधारिता का वितरण :



मूल्यवार :

अधिकृत मूल्य के शेयरों की शेयरधारिता	शेयर धारक		शेयर	
	संख्या	प्रतिशत	₹	प्रतिशत
5000 तक	96184	85.16	122916170	2.02
5001 से 10000	9059	8.02	73644110	1.21
10001 से 20000	4778	4.23	71313930	1.17
20001 से 30000	1224	1.08	31096340	0.51
30001 से 40000	516	0.46	18590390	0.31
40001 से 50000	400	0.35	19098900	0.31
50001 से 100000	443	0.39	31347630	0.51
100001 और उससे अधिक	348	0.31	5719998330	93.96
कुल	**112952**	**100.00**	**6088005800**	**100.00**

मासिक उच्च एवं निम्न कोटेशन एवं शेयरों की मात्रा :

माह	एनएसई			बीएसई			कुल
	उच्च (₹)	निम्न (₹)	प्रमात्रा (संख्याएँ लाख में)	उच्च (₹)	निम्न (₹)	प्रमात्रा (संख्याएँ लाख में)	प्रमात्रा (संख्याएँ लाख में)
अप्रैल 2019	288.00	243.00	328.45	287.95	243.40	17.22	345.67
मई 2019	285.10	224.35	428.43	289.00	224.60	28.24	456.67
जून 2019	292.70	249.55	369.94	292.35	249.80	21.79	391.73
जुलाई 2019	264.50	179.30	146.79	264.30	170.10	23.20	169.99
अगस्त 2019	207.50	155.05	237.41	207.60	160.20	15.13	252.54
सितंबर 2019	192.00	124.25	251.32	194.80	124.30	17.54	268.86
अक्तूबर 2019	148.70	108.00	371.98	148.50	105.10	20.40	392.38
नवंबर 2019	139.65	112.55	397.95	139.60	112.75	21.99	419.94
दिसंबर 2019	130.35	100.50	314.62	130.00	100.60	19.00	333.62
जनवरी 2020	109.70	97.25	418.95	110.25	86.00	24.47	443.42
फरवरी 2020	104.95	71.05	232.22	104.95	71.25	15.44	247.66
मार्च 2020	76.30	41.55	335.32	77.10	41.70	21.26	356.58

वर्ष 2019-20 के दौरान एनएसई निफ्टी 50 की तुलना में ईक्विटी का निष्पादन



ई) शेयरों का अमूर्तकरण (कागज़ रहित करना)

बैंक के शेयर में लेनदेन, अनिवार्यतः कागज़ – रहित रूप में किए जाते हैं तथा बैंक ने नेशनल सेक्यूरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) तथा सेंट्रल डिपॉज़िटरी सेर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ करार किया है तथा आईएसआईएन, आईएनई562A01011 है। दिनांक 31.03.2020 को कागज़–रहित रूप में और कागज़ के रूप में धारित शेयरों के विवरण निम्नवत् हैं :

संख्या	फॉर्म	शेयरों की संख्या	
1.	भौतिक रूप में (कागज के रूप में)		1058
2.	डी–मेट – एनएसडीएल के साथ	87856867	
	सीडीएसएल के साथ	520942655	608799522
	कुल		**608800580**

मार्च 2020 को कोई भी ग्लोबल डिपोजिटरी रसीद या अमरीकी डिपोजिटरी रसीद या वारेंट या कोई संपरिवर्तनीय बकाया नहीं थे।

एफ) बैंक ने समय–समय पर अपरिवर्तनीय बॉन्डों को जारी किया है और ऐसे बॉन्डों का विवरण दिनांक 31 मार्च, 2020 तक निम्नानुसार है।

शृंखला	आबंटन की तारीख	मात्रा (रु करोड़ में)	अवधि (महीनों में)	कूपन (%)	मोचन की तारीख	क्रिसिल रेटिंग	केयर रेटिंग	आईसीआरए रेटिंग
टियर II	28.06.2010	500.00	120	8.53	28.06.2020	AAA		AA+
टियर II	16.07.2010	500.00	180	8.67	16.07.2025*	AAA		
अतिरिक्त टियर I बेसल III का अनुपालन	30.03.2016	500.00	लगातार #	11.15	-	AA+	AA+	
टियर II	28.07.2016	600.00	120	8.10	28.07.2026$	AAA	AAA	
टियर II	30.10.2018	290.00	120	8.90	30.10.2028@	AAA	AAA	
टियर II	06.11.2018	110.00	120	8.85	06.11.2028**	AAA	AAA	
टियर II	22.01.2019	600.00	120	8.53	22.01.2029##	AAA	AAA	

* दिनांक 16.07.2020 तक कॉल ऑप्शन उपलब्ध है।
# प्रथम कॉल ऑप्शन 30.03.2021 को उपलब्ध तथा इसके पश्चात प्रत्येक कूपन की तारीख को उपलब्ध।
$ कॉल ऑप्शन 28.07.2021 को उपलब्ध ।
@ दिनांक 30.10.2023 तक कॉल ऑप्शन उपलब्ध है।
** दिनांक 06.11.2023 तक कॉल ऑप्शन उपलब्ध है।
दिनांक 22.01.2024 तक कॉल ऑप्शन उपलब्ध है।

वर्ष 2019–20 के दौरान रेटिंग में कोई संशोधन नहीं किया गया था। दृष्टिकोण को "स्टेबल" के स्थान मूल्यांकन निहितार्थ के साथ "रेटिंग वाच" पर मूल्यांकन में परिवर्तित किया गया है । टियर II बॉन्ड के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग बैंकों की वृद्धि और इसकी नियमित व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया गया ।

निर्गम के लिए बॉन्ड ट्रस्टी

i बैंक ने दिनांक जून 28, 2010 तथा जुलाई 16, 2010 को जारी किए गए टियर II बॉन्ड के लिए बॉन्ड ट्रस्टी के रूप में आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लिमिटेड, मुंबई को बॉन्डों के निवेशकों के हित को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने हेतु नियुक्त किया है। निर्गम के ट्रस्टियों का पता – भूतल, एशियन बिल्डिंग, सं.17 आर, कामनी रोड, बलार्ड एस्टेट, फोर्ट, मुंबई – 400 001

ii बैंक ने दिनांक मार्च 30, 2016 को जारी किए गए अतिरिक्त टियर I बॉन्ड तथा जुलाई 28, 2016, 30.10.2018, 06.11.2018 और 22.01.2019 को जारी टियर II बांडों के लिए बॉन्ड ट्रस्टी के रूप में एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड मुंबई को बॉन्डों के निवेशकों के हित को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने हेतु नियुक्त किया है। निर्गम के ट्रस्टियों का पता – भू तल, एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग मिल्स कॉम्पाउण्ड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वरली, मुंबई 400 025

डिपॉजिट सर्टिफिकेट की रेटिंग – इंड ए1 + इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है।

1) सस्पेन्स (उचंत) खाते में शेयर

सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं, 2015) में अनुबद्ध किए गए विनियम 39 की आवश्यकता के अनुपालन में इनिशियल पब्लिक ऑफर में जारी किये गये, परंतु बैंक तथा रजिस्ट्रार के प्रयासों के बावजूद भी अदावी रहनेवाले शेयरों को बैंक इस प्रयोजनार्थ खोले गये सस्पेन्स (उचंत) खाते में रखता है। सस्पेन्स, (उचंत) खाते में रखे गए ऐसे शेयरों के विवरण निम्नवत् हैं :

विवरण	शेयरधारकों की संख्या	बकाया पडा हुआ शेयर
वर्ष के आरंभ में बकाया	21	3584
अंतरण हेतु संपर्क करनेवाले शेयरधारकों की संख्या	0	0
शेयरधारकों की संख्या जिन्हें अंतरित किये गये	0	0
वर्षांत में बकाया	21	3584

एच) दावा नहीं किए गए लाभांश

अक्तूबर 16, 2006 को लागू बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) और वित्तीय संस्थाएँ नियम (संशोधन) अधिनियम 2006 ने बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 में एक नयी धारा 10(बी) लगाया है जिसमें निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:

1. घोषणा की तारीख के 30 दिनों के बाद वाली 7 दिनों की अवधि के अंदर यदि किसी शेयरधारक ने लाभांश को नहीं भुनाया है/दावा नहीं किया है तो बैंक के चालू खाते में रहनेवाली ऐसी राशियाँ, ''वर्ष ...... के लिए इंडियन बैंक का अदत्त लाभांश'' नामक पृथक खाते में अंतरित किया जाए।

2. अदत्त लाभांश खाते में अंतरित कोई भी राशि यदि ऐसे अंतरण की तारीख से 7 वर्षों की अवधि के लिए अदत्त रहती या उसके लिए दावा नहीं की जाती तो उसका अंतरण कंपनी अधिनियम, 1956 की उपधारा 205 सी के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को किया जाए।

तदनुसार, पिछले वर्षों के लिए अदत्त लाभांश को इंडियन बैंक के अदत्त लाभांश खाते में अंतरित किया गया है और इसके बाद ऐसे अंतरण की तारीख से 7 वर्षों की अवधि के लिए अदत्त या अदावी रहनेवाली राशियों को निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित किया जाएगा। तदनुसार, वर्ष 2011–12 से संबंधित 12.01 लाख रुपए की अदावी लाभांश राशि को वर्ष 2019–20 के दौरान निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि को अंतरित किया गया।

2012–13 से 2016–17 तक पिछले वर्षों के लिए अदत्त लाभांश खातों के विवरण तथा आईईपीएफ में उनके अंतरण के लिए नियत तारीख निम्नानुसार हैं:

क्रम सं.	अदत्त लाभांश के विवरण	31.03.2020 को शेष (ए)	आईईपीएफ को अंतरण के लिए नियत तारीख
1.	लाभांश 2012–13	13,84,132	अगस्त 2020
2.	अंतरिम लाभांश 2013–14	9,52,668	फरवरी 2021
3.	अंतरिम लाभांश 2013–14	5,44,589	अगस्त 2021
4.	लाभांश 2014–15	9,45,609	अगस्त 2022
5.	लाभांश 2015–16	5,17,428	अगस्त 2023
6.	लाभांश 2016–17	21,56,970	अगस्त 2024

ऐसे शेयर धारक/निवेशक जिन्होंने अपना लाभांश वारंट/धन वापसी आदेशों की भुनाई नहीं की है, से अनुरोध है कि वे बैंक के चेन्नै स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय के निवेशक सेवा कक्ष या बैंक के शेयर अंतरण ऐजेंट के पास अंतरण के लिए नियत तारीख के पहले अपने अद्यतन बनाई गई ग्राहक मास्टर सूची/बैंक अधिदेश के साथ संपर्क करें ताकि लाभांश/ धन वापसी की राशि को उनके खाते में जमा की जा सकें।

3) सेबी (आंतरिक व्यक्ति द्वारा ट्रेडिंग पर रोक) विनियमन 2015 का अनुपालनः

उपर्युक्त विनियमनों के अनुपालन में बैंक ने अपनी प्रतिभूतियों में डीलिंग करनेवाले नामोद्दिष्ट कर्मचारियों और निदेशकों के लिए आंतरिक व्यक्ति द्वारा ट्रेडिंग पर रोकथाम के लिए आचार संहिता बनाई है। इन विनियमनों की शर्तों की अपेक्षानुसार बैंक के नामोद्दिष्ट कर्मचारियों और निदेशकों से आवधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए विभिन्न फार्म बनाए गए हैं। आगे, वर्ष 2019–20 के दौरान निम्नलिखित विवरणों के अनुसार बैंक के शेयरों में डीलिंग करने के लिए नामोद्दिष्ट कर्मचारियों और निदेशकों के लिए ट्रेडिंग विंडो बंद कर दिया गया था :

ट्रेडिंग विंडो बंद करने की तारीख	बंद करने का उद्देश्य
04.04.2019 से 16.05.2019 तक	मार्च 31, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा
01.07.2019 से 07.08.2019 तक	जून 30, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा
30.09.2019 से 25.10.2019 तक	सितम्बर 30, 2019 को समाप्त तिमाही / छमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा
31.12.2019 से 26.01.2020 तक	दिसम्बर 31, 2019 को समाप्त तिमाही / नौ महीनों के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा

जे) आचार संहिता :

बैंक ने निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों पर लागू आचार संहिता बनायी है तथा निदेशक मंडल ने दिनांक 29 मार्च, 2007 को आयोजित अपनी बैठक में इसे अपना लिया है तथा बाद में इसमें संशोधन किया गया है और निदेशक मण्डल ने 23 दिसम्बर 2008 को उसे अनुमोदित किया है और इसे बैंक की वेबसाइट https://www.indianbank.com/wp-content/uploads/2018/03/codeofconduct-2pdf में भी उपलब्ध कराया गया है।

घोषणा

बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन ने आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

कृते इंडियन बैंक

पद्मजा चुन्डूरू
प्रबंध निदेशक एवं मु.का.अ

स्थान : चेन्नै
दिनांक : जून 29, 2020

फॉर्म सं. एमआर–3

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए

सेवा में,

सदस्यगण,
इंडियन बैंक

हमने लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन तथा **इंडियन बैंक** द्वारा अच्छे कॉर्पोरेट आचरण के अनुपालन (**इसके पश्चात बैंक कहा गया है**) की साचिवीय लेखा परीक्षा की है । साचिवीय लेखा परीक्षा एक व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया था, जिसने हमें कॉर्पोरेट आचरण / वैधानिक अनुपालन का मूल्यांकन करने और इसके बारे में अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक उचित आधार प्रदान किया।

इंडियन बैंक की बही खातों, कागजात, कार्यवृत की बही, फॉर्म और दर्ज की गयी विवरणियों तथा बैंक द्वारा बनाए गए अन्य अभिलेखों एवं बैंक, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी, सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान हमें दिए गए व्याख्या और स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदन और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम द्वारा कोविड –19 (COVID –19) महामारी के फैलाव के कारण दी गई छूटों पर विचार करके, हमारे सत्यापन के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, बैंक ने 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष को कवर करते हुए लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान, यहां सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी है कि बैंक के पास उचित व्यवस्थित बोर्ड प्रक्रियाएँ और अनुपालन–तंत्र हैं, जो कि इसके बाद की गई रिपोर्टिंग की प्रणाली और विषय के अनुसार हैं:

हमने 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए इंडियन बैंक ("बैंक") द्वारा अनुरक्षित बही खातों, पत्रों, कार्यवृत की बही, प्रपत्रों और दर्ज की गयी विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जांच निम्न के अनुसार की है :

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियम; – आईईपीएफ़ संबंधित प्रावधान लागू हैं।

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके तहत बनाए गए नियम;

(iii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके तहत निर्मित विनियमों और उपनियमों;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और इसके तहत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक ऋणों की सीमा तक विस्तारित नियम और विनियमन; (लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के तहत निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश निर्धारित हैं :–

(एं) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमन, 2015;

(सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2009 2018 में संशोधित;

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश ,1999 एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014 ;

(ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीकरण) विनियमन, 2008; (लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)

(एफ) कंपनी अधिविनियमन और ग्राहक के साथ लेन देन से संबंधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम और शेयर अंतरण एजेंट का रजिस्ट्रार) विनियमन, 1993; (लागू नहीं)

(जी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटि शेयरों को सूची से हटाना) विनियमन, 2009; (लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)

(एच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों की वापसी) विनियमन, 1998 ; (लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)

अन्य विधियां जो बैंक पर विशेष रूप से लागू है, वह निम्नानुसार है :

(vi) बैंककारी कंपनी अधिनियम (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण)अधिनियम, 1970

(vii) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949

हमने निम्नलिखित के लागू खंड के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) भारत के कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक. (लागू नहीं)

(ii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन,2015.

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 15(2) के अनुसार अन्य संविधियों के

तहत विनियमनों की शर्तों के अधीन के अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए, जो कंपनियां नहीं हैं, लेकिन कॉरपोरेट निकाय है, कॉर्पोरेट प्रशासन के प्रावधान में दिए गए विनियमन 17 से 27 और 46 (2) (बी) से (आई) और अनुसूची V के अनुच्छेद सी, डी एवं ई इस हद तक लागू होगा कि यह संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी संबंधित संविधियों और दिशानिर्देशों या निर्देशों का उल्लंघन नहीं करता है।

बैंक, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के अधीन गठित है और कंपनी अधिविनियमन , 1953/2013 के अधीन पंजीकृत नहीं किया गया है।

बैंक बोर्ड, लेखापरीक्षा समिति व अन्य समितियों के गठन व निदेशकों को किये जाने वाले भुगतान, बोर्ड/ समिति प्रक्रियाओं/सम्बंधित पार्टी लेनदेन इत्यादि बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, भारतीय बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999 यथा संशोधित के प्रावधानों एवं समय समय पर भारतीय रिजर्व बैंक व भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत नियंत्रित होते हैं तथा विनियम 15 से 27 के प्रावधान कुछ हद तक अनुपालनीय/लागू नहीं हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, सूचीबद्ध संस्था ने अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है, जो निम्नलिखित अवलोकन के अधीन है।

बोर्ड की संरचना के संबंध में, बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों के अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम,1980 की धारा 9 (3) (ई) (एफ) और (जी) के तहत रिक्तियां मौजूद हैं।

बोर्ड की बैठकों को नियत किये जाने हेतु सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिया जाता है और कार्यसूची एवं कार्यसूची पर विस्तृत नोट को पहले ही भेजा जा चुका है तथा बैठक में अर्थपूर्ण सहभागिता हेतु बैठक होने से पूर्व ही एजेंडा की मदों पर सूचना व स्पष्टता मांगे जाने की प्रणाली अस्तित्व में है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि बैंक द्वारा उचित कानूनों, नियमों, नियामकों व दिशानिर्देशों के अनुसार निरीक्षण व अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक के आकार व परिचालन के अनुरूप पर्याप्त प्रणालियाँ व प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट के दौरान

i. दिनांक 03.12.2019 को, बैंक ने भारत सरकार को अधिमान्य आधार पर 10/– रुपये प्रति शेयर पर 11,72,65,954 इक्विटी शेयर जारी किया है।

ii. बैंक ने कर्मचारी शेयर खरीद योजना लागू की है और दिनांक 22.05.2019 को 262.82 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम कीमत पर 25 प्रतिशत की छूट पर रुपये 10/– के अंकित मूल्य वाले 1,12,42,975 नए इक्विटी शेयर आवंटित किए।

कृते वी सुरेश एसोसिएट्स
व्यावसायिक कंपनी सचिव

वी सुरेश
वरिष्ठ सहयोगी
एफसीएस नं. 2969
सी.पी. नं 6032
समकक्ष समीक्षा प्रमाण पत्र सं 667/2020
यूडीआईएन: एफ़002969बी000428086

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 18.06.2020

सेवा में,

निदेशक मंडल
इंडियन बैंक

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग करार तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं विनियमन 2015) के विनियम 17(8) के अनुसार सीईओ एवं सीएफओ प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि

(ए) हमने वर्ष 2019–20 के लिए इंडियन बैंक के वित्तीय विवरण एवं नकदी प्रवाह विवरणों का पुनरीक्षण किया है तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार

(i) इन विवरणों में तात्विक रूप से कोई अवास्तविक कथन नहीं हैं या महत्वपूर्ण तथ्य हटाए नहीं गये हैं या भ्रमजनक विवरण नहीं हैं।

(ii) ये विवरण एकत्रित रूप से बैंक के कार्यकलापों का सच्चा एवं निष्पक्ष रूप दिखाते हैं और ये विद्यमान लेखाकरण मानक, प्रयोज्य कानून एवं विनियमन के अनुरूप हैं।

(बी) हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार इस वर्ष के दौरान बैंक ने ऐसे कोई लेनदेन नहीं किए हैं जो कपटपूर्ण, गैर–कानूनी हो या बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन करता हो ।

(सी) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने एवं अनुरक्षित करने का दायित्व लेते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में बैंक के आंतरिक नियंत्रण तंत्र की प्रभावोत्पादकता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखा परीक्षकों तथा लेखा परीक्षा समिति को आंतरिक नियंत्रण के रूप या परिचालन में कमियाँ, यदि हों, जिन्हें हम जानते हैं तथा इन कमियों को सुधारने के लिए किए गए कदम या प्रस्तावित कदम की रिपोर्ट हमने लेखा परीक्षकों एवं लेखा परीक्षा समिति को दे दी है।

(डी) हमने लेखा परीक्षकों और लेखा समिति को निम्नलिखित बातों की जानकारी दी है:

(i) वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण परिवर्तन।

(ii) वर्ष के दौरान लेखाकरण नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन और इनका प्रकटीकरण, वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों में किया गया है, और

(iii) धोखाधड़ी की महत्वपूर्ण घटनाओं के मामले, जो हमें ज्ञात हुए हैं और उसमें वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारी या प्रबंधन का शामिल होना, यदि हो, की जानकारी।

(पी ए कृष्णन)
महाप्रबंधक एवं सीएफओ

पद्मजा चुन्डूरू
प्रबंध निदेशक एवं मु.का.अ

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 23 जून, 2020

कार्पोरेट अभिशासन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में

इंडियन बैंक के सदस्य

हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए **इंडियन बैंक** द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों के साथ कथित बैंक के लिस्टिंग करार के उपरान्त भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमयमन, 2015 के अध्याय IV में अनुबद्ध कार्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है।

कार्पोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन, प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। कार्पोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनायी गयी प्रक्रियाविधियों और उनके कार्यान्वयन तक ही हमारी जांच सीमित थी। यह लेखापरीक्षा भी नहीं है और न ही यह बैंक के वित्तीय विवरणों पर हमारे मत का प्रकटीकरण है।

हमारी राय में और हमारी उत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार लिस्टिंग करार के उपरान्त भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय, 2015 के अध्याय IV में निहित प्रावधान के अनुसार कार्पोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया गया है, जो किसी भी निदेशकों की नियुक्ति में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रम का अंतरण) अधिनियम, 1970 में यथा संशोधित का उल्लंघन नहीं करते।

हम घोषणा करते हैं, कि ऐसा अनुपालन, न ही बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही बैंक के कार्यों के संचालन में प्रबंधन की दक्षता या प्रभावोत्पादकता है।

कृते एम थामस एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 004408S

ए. रोजारिओ
साझेदार
(एम.सं. 021230)

कृते पी एस सुब्रमणिय अय्यर एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 004104S

एस सुन्दर रामन
साझेदार
(एम.सं. 022137)

कृते के सी मेहता एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 106237W

चिराग बक्शी
साझेदार
(एम.सं.. 047164)

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.003032S

जे ललिता
साझेदार
(एम.सं.. 0201855)

कृते रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं: 009073N/N500320

जयन्त ए
साझेदार
(एम.सं.. 231549)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 23 जून, 2020

इस पृष्ठ को जानबूझकर रिक्त रखा गया है।

तुलन पत्र,
लाभ और हानि लेखा और अनुसूचियां

31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

(₹ हजारों में)

विवरण	अनुसूची सं.	31.03.2020 को	31.03.2019 को
पूँजी व देयताएं			
पूंजी	1	608 80 06	480 29 17
आरक्षितियां और अधिशेष	2	21480 46 80	18908 40 00
जमाएं	3	260225 89 70	242075 94 68
उधार	4	20830 30 96	12137 54 29
अन्य देयताएं और प्रावधान	5	6322 69 92	6463 09 23
कुल		**309468 17 44**	**280065 27 37**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक में नकद और अधिशेष	6	5736 12 43	11701 86 43
बैंकों में शेष एवं मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि	7	8188 55 97	8318 51 54
निवेश	8	81241 68 80	64992 17 42
अग्रिम	9	197887 01 15	181261 91 24
अचल आस्तियां	10	3895 74 42	3961 40 48
अन्य आस्तियां	11	12519 04 67	9829 40 26
कुल		**309468 17 44**	**280065 27 37**
आकस्मिक देयताएं	12	42576 86 28	36194 10 92
वसूली के लिए बिल	-	5994 96 94	5394 56 36

पद्मजा चुन्डूरू
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

एम. के. भट्टाचार्य
कार्यपालक निदेशक

शेणॉय विश्वनाथ वी.
कार्यपालक निदेशक

के. रामचंद्रन
कार्यपालक निदेशक

निदेशकगण

संजीव कौशिक
सरकारी नामित निदेशक

एस. के. पाणिग्राही
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मनोनीत निदेशक

सलिल कुमार झा
गैर–सरकारी निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

विनोद कुमार नागर
शेयरधारक निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक

कृते एम. थॉमस एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 004408S

ए. रोजारिओ
साझेदार
(एम सं. 021230)

कृते पी.एस. सुब्रमणिया अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 004104S

एस. सुंदर रमन
साझेदार
(एम सं. 022137)

कृते के.सी. मेहता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 106237W

चिराग बक्शी
साझेदार
(एम सं. 047164)

कृते रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 009073N / N500320

जयंत ए.
साझेदार
(एम सं. 231549))

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003032S

जे. ललिता
साझेदार
(एम सं. 0201855)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 23.06.2020

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ व हानि लेखा

(₹ हजारों में)

	विवरण	अनुसूची सं.	31.03.2020 को समाप्त वर्ष	31.03.2019 को समाप्त वर्ष
I.	आय :			
	अर्जित ब्याज	13	21404 96 92	19184 81 28
	अन्य आय	14	3312 46 43	1882 88 96
	कुल		**24717 43 35**	**21067 70 24**
II.	व्यय			
	व्यय किया गया ब्याज	15	13798 55 31	12166 71 97
	परिचालनगत व्यय	16	4420 83 92	4020 36 66
	प्रावधान एवं आकस्मिकतायें	-	5744 68 30	4558 66 40
	कुल		**23964 07 53**	**20745 75 03**
III.	लाभ /हानि			
	तिमाही के लिए निवल लाभ /हानि (–)		753 35 82	321 95 21
	अग्रानीत लाभ / हानि (–)		99 15 45	98 15 24
	कुल		**852 51 27**	**420 10 45**
IV.	विनियोजन			
	निम्नलिखित को अंतरित :			
	सांविधिक प्रारक्षित निधि		188 34 00	80 50 00
	पूँजी रिज़र्व		152 15 00	40 79 00
	धारा 36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष रिज़र्व			12 00 00
	राजस्व रिज़र्व			1 00 00
	स्टाफ कल्याण निधि		15 00 00	9 66 00
	निवेश उतार–चढ़ाव रिजर्व		389 99 00	177 00 00
	निवेश रिज़र्व		7 87 00	
	ईक्विटी लाभांश			
	लाभांश वितरण कर			
	शेष जो तुलन पत्र को अग्रानीत किया गया है		99 16 27	99 15 45
	कुल		**852 51 27**	**420 10 45**
	प्रतिशेयर अर्जन ₹ में (आधारभूत और कम किया गया) (वार्षिक तौर पर)		14.33	6.70

पद्मजा चुन्डूरू
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

एम. के. भट्टाचार्य
कार्यपालक निदेशक

शेणॉय विश्वनाथ वी.
कार्यपालक निदेशक

के. रामचंद्रन
कार्यपालक निदेशक

निदेशकगण

संजीव कौशिक
सरकारी नामित निदेशक

एस. के. पाणिग्राही
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मनोनीत निदेशक

सलिल कुमार झा
गैर–सरकारी निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

विनोद कुमार नागर
शेयरधारक निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक

कृते एम. थॉमस एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 004408S

ए. रोजारिओ
साझेदार
(एम सं. 021230)

कृते पी.एस. सुब्रमणिया अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 004104S

एस. सुंदर रमन
साझेदार
(एम सं. 022137)

कृते के.सी. मेहता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 106237W

चिराग बक्शी
साझेदार
(एम सं. 047164)

कृते रवि राजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 009073N / N500320

जयंत ए.
साझेदार
(एम सं. 231549)

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003032S

जे. ललिता
साझेदार
(एम सं. 0201855)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 23.06.2020

अनुसूची 1 – पूंजी

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I. प्राधिकृत पूँजी		
प्रत्येक ₹ 10/– के 300,00,00,000 ईक्विटी शेयर	3000 00 00	3000 00 00
II. जारी, अभिदत्त और अदा की गई पूंजी		
ईक्विटी शेयर		
ए. भारत सरकार द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपये 10/– के 50,80,80,023 ईक्विटी शेयर (गत वर्ष – प्रत्येक रुपये 10/– के 39,13,69,637 ईक्विटी शेयर)	508 08 00	391 36 97
बी. जनता द्वारा रखे गए प्रत्येक ₹10/– के 10,07,20,557 ईक्विटी शेयर (गत वर्ष – प्रत्येक रुपये 10/– के 8,89,22,014 ईक्विटी शेयर)	100 72 06	88 92 20
कुल	**608 80 06**	**480 29 17**

अनुसूची 2 – आरक्षितियां और अधिशेष

(₹ हजारों में)

	विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I.	सांविधिक आरक्षितियां		
	ए) अथशेष	4505 85 81	4425 35 81
	बी) वर्ष के दौरान जोड़	188 34 00	80 50 00
	कुल I	**4694 19 81**	**4505 85 81**
II.	पूँजीगत आरक्षितियां		
ए)	पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व		
	ए) अथशेष	3095 03 91	2621 44 09
	बी) वर्ष के दौरान जोड़		555 14 76
	सी) वर्ष के दौरान कटौतियां	107 19 49	81 54 94
	कुल (ए)	**2987 84 42**	**3095 03 91**
बी)	अन्य		
	ए) अथशेष	236 40 24	195 61 24
	बी) वर्ष के दौरान जोड़	152 15 00	40 79 00
	कुल (बी)	**388 55 24**	**236 40 24**
	कुल II (ए + बी)	**3376 39 66**	**3331 44 15**
III.	शेयर प्रीमियम		
	ए) अथशेष	1325 67 33	1325 67 33
	बी) वर्ष के दौरान जोड़	2700 97 90	0
	कुल III	**4026 65 23**	**1325 67 33**
IV.	राजस्व और अन्य आरक्षितियां		
	ए) राजस्व आरक्षितियां		
	अथशेष	8265 03 80	8182 48 86
	लाभ एवं हानि लेखे से अंतरित		13 00 00
	पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से अंतरित	107 19 49	81 54 94
	वर्ष के दौरान कटौतियां	923 94 00	120000
	कुल (ए)	**7448 29 29**	**8265 03 80**
	(बी) आईटी अधिनियम की धारा के 36(1)(Viii) के अंतर्गत विशेष रिज़र्व		
	अथशेष	725 52 00	713 52 00
	वर्ष के दौरान जोड़		12 00 00
	कुल (बी)	**725 52 00**	**725 52 00**
	(सी) आईटी अधिनियम की धारा के 36(1)(Viii ए) के अंतर्गत विशेष रिज़र्व		
	अथशेष	**58 20 00**	**58 20 00**
	डी) निवेश / उतार–चढ़ाव आरक्षितियां		
	अथशेष	216 92 22	39 92 22
	वर्ष के दौरान जोड	397 86 01	177 00 00
	कुल (डी)	**614 78 23**	**216 92 22**
	ई) विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व		
	अथशेष	380 59 24	307 75 87
	वर्ष के दौरान जोड	56 67 07	72 83 37
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (ई)	**437 26 31**	**380 59 24**
	कुल IV (ए + बी + सी + डी + ई)	**9284 05 83**	**9646 27 26**
V.	लाभ एवं हानि खाता		
	अथशेष	99 15 45	98 15 24
	वर्ष के दौरान जोड़	82	1 00 21
	कुल	**99 16 27**	**99 15 45**
	कुल (I + II + III + IV + V)	**21480 46 80**	**18908 40 00**

अनुसूची 3 – जमाएँ

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
(ए) I. मांग जमाराशियां		
i. बैंकों से	211 10 71	63 76 92
ii. अन्यों से	13337 91 83	13191 9558
कुल	**13549 02 54**	**13255 72 50**
II. बचत बैंक जमाराशियां	**76609 10 59**	**70766 06 31**
III. सावधि जमाराशियां		
i. बैंकों से	4111 94 38	3665 43 86
ii. अन्यों से	165955 82 19	154388 72 01
कुल	**170067 76 57**	**158054 15 87**
कुल (I+II+III)	**260225 89 70**	**242075 94 68**
(बी) I. भारत में स्थित शाखाओं की जमाएं	252792 25 88	235236 97 55
II. भारत के बाहर शाखाओं की जमाएं	7433 63 82	6838 97 13
कुल	**260225 89 70**	**242075 94 68**

अनुसूची 4 – उधार

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I. भारत में उधार		
i) भारतीय रिज़र्व बैंक	11529 90 30	6395 31 77
ii) अन्य बैंक	10 88	4 91
iii) अन्य संस्थाएं और अभिकरण *	6418 86 00	3791 56 42
कुल	**17948 87 18**	**10186 93 10**
II. भारत के बाहर उधार **	2881 43 78	1950 61 19
कुल (I+II)	**20830 30 96**	**12137 54 29**
ऊपर के मदों में प्रतिभूत उधार को शामिल किया गया है।	11529 90 00	6395 31 77

* टियर II पूँजी – गौण ऋण ₹ 2600 00 00 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 2600 00 00) को शामिल करते हुए तथा टियर । पूँजी में स्थायी ऋण लिखत ₹ 5000000 (पिछले वर्ष ₹ 5000000) शामिल किया गया है।

** नास्ट्रो मिरर शेषों की असमायोजित मदें एवं मार्गस्थ मदों को शामिल करते हुए

अनुसूची 5 – अन्य देयताएँ और प्रावधान

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
i. संदेय बिल 494 00 20	598 15 01	
ii. अंतर–कार्यालय समायोजन (निवल)		546 05 08
iii. उपचित ब्याज	845 32 77	698 75 96
iv. अन्य (प्रावधान सहित)*	4983 36 95	4620 13 18
कुल	**6322 69 92**	**6463 09 23**
* ₹ 9610829 (पिछले वर्ष ₹ 816 72 59) की मानक आस्तियों के विरुद्ध आकस्मिक प्रावधान		

अनुसूची 6 भारतीय रिज़र्व बैंक में नकदी और शेष

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I. हाथ में नकदी (इसमें विदेशी मुद्रा नोट सम्मिलित हैं)	1006 08 85	1030 75 47
II.भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चालू खाते में शेष	4730 03 58	10671 10 96
कुल (I + II)	**5736 12 43**	**11701 86 43**

अनुसूची 7 – बैंकों में शेष और माँग पर तथा अल्प सूचना पर राशि

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I. भारत में		
I) बैंकों में अतिशेष		
ए. चालू खाते में	5 35 06	2 80 27
बी. अन्य जमा खातों में	713 36 57	711 45 75
कुल (i)	**718 71 63**	**714 26 02**
ii) मांग पर तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि (बैंकों के साथ)	2100 00 01	2200 00 00
कुल (ii)	**2100 00 01**	**2200 00 00**
कुल (i + ii)	**2818 71 64**	**2914 26 02**
II. भारत के बाहर		
I) चालू खातों में	530 92 57	203 65 53
ii) अन्य जमा खातों में	4830 26 44	5168 47 18
iii) माँग पर तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि	8 65 32	32 12 81
कुल (i + ii + iii)	**5369 84 33**	**5404 25 52**
कुल योग (I +II)	**8188 55 97**	**8318 51 54**

अनुसूची 8 – निवेश

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I. भारत में निवेश		
सकल निवेश	80353 56 34	64153 14 96
घटाएँ : मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	1282 86 31	1035 06 38
निवल निवेश	**79070 70 03**	**63118 08 58**
i. सरकारी प्रतिभूतियां	67537 87 44	51918 69 34
ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	2 98 83	5 23 16
iii. शेयर	351 87 70	505 23 38
iv. डिबेंचर और बाँड	6715 54 67	7400 95 19
v. अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम (सहयोगियों के साथ)	101 15 25	87 01 37
vi. अन्य	4361 26 14	3200 96 14
कुल	**79070 70 03**	**63118 08 58**
II. भारत के बाहर निवेश		
सकल निवेश	**2268 26 80**	**1963 62 97**
घटाएँ : मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	97 28 03	89 54 13
निवल निवेश	**2170 98 77**	**1874 08 84**
i. सरकारी प्रतिभूतियाँ (स्थानीय प्राधिकारी सहित)	2149 36 57	1853 17 45
ii. अन्य निवेश		
ए शेयर	43 53	52 13
बी ऋण प्रतिभूतियाँ	21 18 67	20 39 26
कुल	**2170 98 77**	**1874 08 84**
निवल कुल योग (ए) + (बी)	**81241 68 80**	**64992 17 42**

अनुसूची 9 – अग्रिम

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I) क्रय किए गए और भुनाये गए बिल	1453 59 19	1659 79 76
ii) नकद उधार, ओवर ड्राफ़्ट और मांग पर प्रतिदेय उधार	99136 74 77	95636 68 55
iii. सावधि उधार	97296 67 19	83965 42 93
कुल	**197887 01 15**	**181261 91 24**
I) मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (बही ऋणों पर अग्रिम शामिल हैं)	161337 53 81	151802 66 57
ii) बैंक / सरकारी प्रतिभूतियां द्वारा संरक्षित	4056 48 84	4831 37 08
iii) अप्रतिभूत	32492 98 50	24627 87 59
कुल	**197887 01 15**	**181261 91 24**
I भारत में अग्रिम		
I. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	90415 78 93	65506 83 93
ii. सरकारी क्षेत्र	17991 68 34	21587 22 91
iii. बैंक	772 90 59	0
iv. अन्य	80515 67 81	86725 50 68
कुल	**189696 05 67**	**173819 57 52**
II. भारत के बाहर अग्रिम		
I) बैंकों से प्राप्य राशियाँ	2254 59 78	1721 43 74
ii) अन्यों से प्राप्य राशियाँ		
क) क्रय किये गए और भुनाये गए बिल	970 27 17	1255 90 78
ख) सामूहिक ऋण	3355 58 88	3066 33 78
ग) अन्य	1610 49 65	1398 65 42
कुल	**8190 95 48**	**7442 33 72**
कुल योग (I+II)	**197887 01 15**	**181261 91 24**

अनुसूची 10 – अचल आस्तियां

(₹ हजारों में)

	विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I.	**परिसर (पूनर्मूल्यांकित परिसरों को शामिल कर)**		
	पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्र के अनुसार लागत / पुनर्मूल्यांकन मूल्य पर	3762 94 58	3240 58 48
	वर्ष के दौरान जोड़ / समायोजन	3 63 15	526 71 71
	उप कुल	3766 57 73	3767 30 19
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	6 34
	उप कुल	3766 57 73	3767 23 85
	अद्यतन मूल्य ह्रास	832 07 90	719 53 04
	कुल	**2934 49 83**	**3047 70 81**
II.	**पट्टे पर दी गई आस्तियां**		
	पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्र के अनुसार लागत / पुनर्मूल्यांकन मूल्य पर	244 97 37	209 99 14
	वर्ष के दौरान जोड़ / समायोजन		30 68 96
	उप कुल	244 97 37	240 68 10
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	उप कुल	244 97 37	240 68 10
	अद्यतन मूल्य ह्रास	4 52 05	4 31 21
	कुल	**240 45 32**	**236 36 89**
III.	**निर्माणाधीन भवन**	**78 25**	**76 44**
IV.	अन्य अचल आस्तियां (इसमें फर्नीचर और फिक्सचर सम्मिलित हैं)		
	पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्र के अनुसार लागत पर	2056 01 96	1880 96 95
	वर्ष के दौरान जोड़ / समायोजन	255 42 34	253 93 14
	उप कुल	2311 44 30	2134 90 09
	वर्ष के दौरान कटौतियां	51 56 44	78 88 13
	उप कुल	2259 87 86	2056 01 96
	अब तक मूल्य ह्रास	1539 86 84	1379 45 62
	कुल	**720 01 02**	**676 56 34**
	कुल (I+II+III)	**3895 74 42**	**3961 40 48**

अनुसूची 11 – अन्य आस्तियाँ

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	2044 28 71	0
II उपचित ब्याज	1283 47 23	1171 28 62
III प्रदत्त अग्रिम कर / स्रोत पर काटा गया कर (निवल)	4356 23 89	4086 06 21
IV लेखन सामग्री और स्टाम्प	17 56 30	15 61 75
V दावों की संतुष्टि में प्राप्त की गयी गैर–बैंककारी आस्तियां	20 26 11	20 26 11
VI अन्य *	4797 22 43	4536 17 57
कुल	**12519 04 67**	**9829 40 26**
* जिसमें एचटीएम वर्गीकरण के तहत रखे गए आरआईडीएफ/एसआईडीबीआई/आरएचडीएफ/एनएचबी जमाएं शामिल है।	284 72 93	339 41 29

अनुसूची 12 – आकस्मिक देयताएँ

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को	31.03.2019 को
I बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है*	651 26 63	527 15 12
II अंशतः संदत्त निवेशों के लिए देयता	400 32 98	3 63 76
III बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के कारण देयता	20382 57 13	12986 41 52
IV संघटकों की ओर से दी गई प्रत्याभूतियां *		
क. भारत में	8930 01 79	8415 28 89
ख. भारत के बाहर	382 63 47	371 45 82
V स्वीकृतियाँ, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं*	6401 33 66	7249 18 12
VI अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	5428 70 62	6640 97 69
कुल	**42576 86 28**	**36194 10 92**

*आकस्मिक देयताएं मार्जिन घटाने के बाद समान माना गया है

अनुसूची 13 – अर्जित ब्याज

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को समाप्त वर्ष	31.03.2019 को समाप्त वर्ष
I अग्रिमों / बिलों पर ब्याज / बट्टा राशि	15933 04 15	13983 87 20
II निवेशों पर आय	5278 82 36	5043 42 20
III भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ शेष और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	177 42 66	139 52 40
IV अन्य	15 67 75	17 99 48
कुल	**21404 96 92**	**19184 81 28**

अनुसूची 14 – अन्य आय

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को समाप्त वर्ष	31.03.2019 को समाप्त वर्ष
I. कमीशन, विनिमय और दलाली	338 66 77	325 26 20
II. निवेशों के विक्रय पर लाभ	934 93 94	235 66 56
घटाएँ : निवेशों की बिक्री पर हानि	55 20 58	60 18 45
निवल	879 73 36	175 48 11
III. निवेशों के पुनर्मूल्यॉंकन पर लाभ	0	0
घटाएं : निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि	0	0
निवल	0	0
IV भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ (निवल) *	3 13 61	1 91 35
घटाएँ : भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर हानि (निवल) *	2 40 22	3 42 45
निवल	73 39	-1 51 10
V विनिमय संव्यवहारों पर लाभ (निवल)	202 05 96	173 40 70
VI विदेश / भारत में स्थापित अनुषंगियों / कंपनियों और / या संयुक्त उद्यमों से लाभांश आदि के रूप में अर्जित आय	12 69 28	12 44 69
VII. विविध आय	1878 57 67	1197 80 36
कुल	**3312 46 43**	**1882 88 96**

* यह राशि सेफ, फॅर्नीचर, वाहन और मशीनरी से संबंधित है

अनुसूची 15 – व्यय किया गया ब्याज

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को समाप्त वर्ष	31.03.2019 को समाप्त वर्ष
I जमाओं पर ब्याज	12996 10 31	11230 34 56
II भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधारों पर ब्याज	757 94 57	841 31 93
III. अन्य	44 50 43	95 05 48
कुल	**13798 55 31**	**12166 71 97**

अनुसूची 16 परिचालन व्यय

(₹ हजारों में)

विवरण	31.03.2020 को समाप्त वर्ष	31.03.2019 को समाप्त वर्ष
I. कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	2472 96 30	2222 87 25
II. किराया, कर और बिजली व्यवस्था	317 91 89	298 40 91
III. मुद्रण और लेखन सामग्री	30 54 18	30 61 11
IV. विज्ञापन और प्रचार	8 83 46	9 03 98
V. बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास	313 63 06	258 96 55
VI. निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	89 93	1 11 94
VII. लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों को शामिल करते हुए)	34 18 00	41 59 53
VIII .विधि प्रभार	8 58 34	5 39 84
IX. डाक, तार और टेलीफोन	51 66 96	64 01 15
X. मरम्मत और अनुरक्षण	93 72 73	95 03 41
XI. बीमा	286 90 24	256 33 87
XII. अन्य व्यय	800 98 83	736 97 13
कुल	**4420 83 92**	**4020 36 67**

अनुसूची 17 – मुख्य लेखांकन नीतियाँ

1. लेखांकन प्रथा :

वित्तीय विवरणों को अन्यथा न बताये जाने पर ऐतिहासिक लागत प्रथा पर क्रियाशील संस्था संकल्पना का अनुपालन करते हुए तैयार किया जाता है। यह भारत में प्रचलित सांविधिक सिद्धांतों के अनुरूप है जिसमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों/मार्गदर्शन नोट्स और भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं। विदेशी शाखाओं के संबंध में संबंधित देशों में प्रचलित सांविधिक प्रावधानों के अनुरूप है।

2. प्राक्कलन का प्रयोग

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए, रिपोर्टिंग अवधि हेतु वित्तीय विवरणियों की तारीख पर दर्ज आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा आय एवं व्यय पर विचार करने हेतु प्रबंधन को प्राक्कलन तैयार करने और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन, यह विश्वास रखता है कि वित्तीय विवरणियों की तैयारी में इस्तेमाल किये गये प्राक्कलन विवेकी और उचित हैं।

3. विदेशी विनिमय से संबंधित लेनदेन

भारतीय परिचालनों और ग़ैर समाकलित विदेशी परिचालन के विदेशी मुद्रा लेनदेनों का लेखांकन, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानक – 11 (एएस – 11) के अनुसार किया जाता है।

3.1 भारतीय परिचालनों के मामले में परिवर्तन

- विदेशी मुद्रा डीलर असोसिएशन आफ़ इंडिया (फेडाय) द्वारा अधिसूचित साप्ताहिक औसत दर (डबल्यूएआर) पर विदेशी विनिमय लेनदेन दर्ज किए जाते हैं।
- विदेशी मुद्रा में आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन, वर्षांत पर फ़ेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर किया जाता है।
- विदेशी मुद्रा में स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं और गारंटियों को वर्षांत पर फ़ेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर रखा जाता है।
- वित्तीय वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा में रखी गयी आस्तियों एवं देयताओं के निपटान एवं परिवर्तन से उठनेवाले विनिमय अंतर को, उस वर्ष में ही आय या व्यय के रूप में पहचाना जाता है ।
- बकाया वायदा विनिमय दरों का प्रकटीकरण संविदागत दरों से किया जाता है तथा फ़ेडाय की समापन दरों पर उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाता है एवं उसके परिणाम की पहचान, लाभ व हानि लेखे के ज़रिए की जाती है।

3.2 ग़ैर– समाकलित विदेशी परिचालनों के संबंध में परिवर्तन

विदेशी शाखाओं का वर्गीकरण, ग़ैर समाकलित विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है और वित्तीय विवरणों का परिवर्तन निम्नप्रकार किया जाता है :

- आकस्मिक देयताएं सहित आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन फ़ेडाय द्वारा वर्षांत में अधिसूचित दरों पर किया जाता है।
- आय एवं व्यय का परिवर्तन फ़ेडाय द्वारा संबंधित तिमाही के अंत पर अधिसूचित तिमाही औसत समापन दर पर किया जाता है।
- निवल निवेशों के निपटान तक उठनेवाले सभी विनिमय अंतर को ''विनिमय उतार–चढ़ाव निधि'' (एफ़सीटीआर) नामक पृथक निधि में उपचित रखा जाता है।

4. निवेश

4.1. बैंक के निवेश संविभाग को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है :

- परिपक्वता तक रखे गए (एचटीएम)
- बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस)
- व्यापार के लिए रखे गए (एचएफटी)

परिपक्वता तक रोक रखने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचटीएम''** प्रवर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अल्पावधि के मूल्य/ब्याज दर में उतार–चढ़ाव से लाभ उठाकर व्यापार करने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को ''**एचएफटी**'' प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी प्रतिभूतियाँ जो उपर्युक्त दोनों प्रवर्गों में नहीं आती हैं, उन्हें, ''**एएफएस**'' प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

एक निवेश को उसकी खरीद / अर्जन के समय पर ही, परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध अथवा व्यापार के लिए उपलब्ध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तदनन्तर नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप उनका अंतरण किया जाता है। एक वर्ग से दूसरे वर्ग को शेयरों का अंतरण, यदि कोई है, अंतरण की तारीख पर अर्जन लागत / बही मूल्य / बाजार मूल्य में से न्यूनतम मूल्य पर किया जाता है, और ऐसे अंतरण के लिए मूल्यह्रास हेतु पूर्ण प्रावधान किया जाता है।

अनुषंगियों और एसोसियेट्स में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

4.2. एचटीएम प्रवर्ग में रखी गयी प्रतिभूतियों की बिक्री पर प्राप्त लाभ को पहले लाभ व हानि लेखे में लिया जाता है और बाद में पूंजी प्रारक्षिती लेखे (कर चुकाने के बाद की राशि तथा सांविधिक रिजर्व को अंतरित की जानेवाली वांछित राशि) में विनियोजित किया जाता है तथा हानि, यदि हो, को लाभ व हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है:

4.3 भारत में निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के समनुरूप निम्नानुसार किया जाता है :

ए) ''**एचटीएम**'' प्रवर्ग में प्रतिभूति का मूल्यांकन अर्जन की लागत पर किया जाता है सिवाय उन मामलों में जहां अंकित मूल्य से अर्जन लागत अधिक होती हो, वैसे मामलों में, अंकित मूल्य पर अर्जन लागत की ऐसी अधिकता को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है। अनुषंगियों **तथा** संयुक्त उद्यमों/सहभागियों में, जिन्हें एचटीएम प्रवर्ग में शामिल किया गया है, निवेशों के मूल्य में, अस्थाई प्रकृति के अलावा किसी अन्य ह्रास की पहचान की गई है और प्रावधान किया गया है। ऐसे ह्रास का निर्धारण और इसके लिए प्रावधान प्रत्येक निवेश हेतु अलग से किया जाता है। दिनांक 23.08.2006 के बाद जोखिम पूँजी निधियों के यूनिटों (वीसीएफ) /वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ़) में किये गये निवेश, प्रारंभिक 3 वर्ष की अवधि के लिए एचटीएम वर्ग के अधीन वर्गीकृत किये जाते हैं तथा उनका मूल्यांकन, लागत पर किया जाता है।

बी) अनुषंगी संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थाओं में निवेश का मूल्यांकन, परंपरागत लागत पर किया जाता है। प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्यांकन, वहन लागत (अर्थात् बही मूल्य) पर किया जाता है।

सी) ''एएफस'' प्रवर्ग में निवेशों का मूल्यांकन, बाज़ार मूल्य पर, तिमाही अंतराल पर स्क्रिपवार तथा वर्गीकरणवार किया जाता है। यदि कोई निवल मूल्यह्रास हो, तो उसे लाभ–हानि लेखे में शामिल किया जाता है, जबकि किसी निवल मूल्यवृद्धि होने पर उसकी उपेक्षा कर दी जाती हे। इस प्रवर्ग में बाज़ार को अंकित करने के बाद वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

डी) ''एचएफटी'' प्रवर्ग में रखी गई वैयक्तिक प्रतिभूतियों को दैनिक अंतराल पर बाज़ार को अंकित किया जाता है। निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो लाभ व हानि लेखे में उसका प्रावधान किया जाता है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस प्रवर्ग में वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

ई) ''**एएफएस**'' एवं ''**एचएफटी**'' प्रवर्गों में प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निम्नवत् किया गया है :

- प्राइमेरी डीलर्स एसोसिएशन आफ़ इंडिया (पीडीएआई) और फ़िक्स्ड इन्कम मनी मार्केट और डिराइवेटिव्स एसोसिएशन आफ़ इंडिया (एफ़आईएमएमडीए) / फाइनेंसियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफ़बीआईएल) द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किए गए अनुसार केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्य पर / वाईटीएम दरों पर किया जाता है।

- राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, वाईटीएम पद्धति को लागू करते हुए और पीडीएआई/ एफ़आईएमएमडीए/ एफ़बीआईएल द्वारा रखी गई समतुल्य परिपक्वता की केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों के प्रतिफ़ल से 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ाते हुए आवधिक रूप से किया जाता है।

- कोट होने पर ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बाज़ार मूल्य पर किया जाता है। कोट न होनेवाले ईक्विटी शेयरों को उनके ब्रेक–अप मूल्य पर (पूनर्मूल्यन आरक्षित निधियां, यदि हो, उस पर ध्यान दिए बिना), कंपनी के नवीनतम तुलनपत्र (मूल्यन की तारीख से एक वर्ष के पहले का न हो), के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। अन्यथा शेयरों का मूल्यांकन प्रति कंपनी एक रुपया के अनुसार किया जाता है।

- कोट होने पर अधिमान्य शेयरों का मूल्यांकन बाज़ार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा समुचित वाईटीएम दरों अथवा पुनः शोधन मूल्य के आधार पर निर्धारित मूल्य, दोनों में से जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है।

- अग्रिमों के रूप में रहे डिबेंचरों तथा बांडों के अलावा, सभी डिबेंचरों तथा बांडों का मूल्यांकन वाईटीएम आधार पर किया जाता है।

- राजकोष बिलों, जमा प्रमाण पत्रों तथा वाणिज्यिक कागज़ातों का मूल्यांकन उनकी रखाव लागत पर किया जाता है।

- कोट होने पर म्यूचुअल फ़ंडों की यूनिटों का मूल्यांकन बाज़ार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा पुनः खरीद मूल्य अथवा निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) दोनों में जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है। यदि निधियां लॉक–इन अवधि में हैं, जहां पुनःखरीदी मूल्य/बाज़ार कोट उपलब्ध नहीं हो तो, यूनिटों का मूल्यांकन एनएवी पर अथवा लॉक–इन अवधि की समाप्ति तक की लागत पर किया जाता है।

- 23.08.2006 के बाद किये गये जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ) /वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ़) के यूनिटों में निवेश, 3 सालों की प्रारंभिक अवधि के लिए एचटीएम श्रेणी में वर्गीकृत होते है एवं इनका लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण की तारीख से 3 सालों के समय के बाद, यह एएफएस में परिवर्तित किया जाएगा और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार के लिए अंकित किया जाएगा।

- विदेशी शाखाओं के निवेश के संबंध में, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश या मेजबानी देश के दिशानिर्देश, जो भी ज्यादा कठोर हैं, का पालन किया जाएगा। ऐसे देशों में स्थित शाखाओं के मामले में, जहाँ कोई दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट नहीं किए गए हैं, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

4.4. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार अनर्जक निवेश (एनपीआई) की पहचान निम्नलिखित रूप में किया गया है :

- प्रतिभूतियाँ / असंचयी अधिमानी शेयर जिनमें ब्याज / नियत लाभांश / किस्त (परिपक्वता राशि को मिलाकर) देय है तथा 90 दिन की अवधि से अधिक समय तक उसका भुगतान नहीं किया गया है।

- अगर बैंक से जारीकर्ता द्वारा प्राप्त कोई ऋण सुविधा को गैर–निष्पादित अग्रिम माना गया है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई किसी भी प्रतिभूति जिसमें अधिमानी शेयर शामिल है, में निवेश को एनपीआई के रूप में माना जाएगा और इसके विपरीत। हालांकि, अगर केवल अधिमानी शेयरों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई अन्य निष्पादित प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीआई के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उस उधारकर्ता को दी गई किसी भी निष्पादित ऋण सुविधाओं को एनपीए के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

- केन्द्रीय सरकार की गारंटी प्राप्त निवेशों के अतिदेय होने पर भी उन्हें तभी एनपीए माना जाएगा जब गारंटी लागू की जाने पर सरकार उसका निराकरण करती है।

- यदि ब्याज/मूल किस्त (परिपवक्ता संप्राप्तियों को शामिल करते हुए) अथवा बैंक को देय अन्य कोई राशि, 90 दिनों से अधिक के लिए अदत्त बनी रहती हो, तो राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियों में निवेश को, जोकि ''माने गए अग्रिमों' के रूप में हैं, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण मानदंडों के अध्यधीन रखा जाता है।

- इक्विटी निवेश, एनपीआई के रूप में वर्गीकृत, शेयरों को बाजार मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता हैं। अगर उद्धृत किया गया है और यदि इसे उद्धृत नहीं किया गया है के मामले में, तो शेयरों का मूल्य प्रति कंपनी रु 1/– होता है।

4.5 प्रतिभूतियों की लागत में से दलाली/कमीशन/अंशदानों पर प्राप्त प्रोत्साहन को घटा दिया जाता है। प्रतिभूतियों के अर्जन के संबंध में अदा की गयी दलाली/कमीशन/स्टांप शुल्क को राजस्व व्यय माना जाता है।

4.6 व्यापार के लिए ब्याज दर स्वैप लेनदेनों को तिमाही आधार पर बाज़ार को अंकित किए जाते हैं। कुल अदला–बदलियों के उचित मूल्य का आकलन, तुलन–पत्र की तारीख पर अदला–बदली करारों को समाप्त किए जाने पर प्राप्त/प्राप्य या प्रदत्त/प्रदेय राशि के आधार पर किया जाएगा। इससे होनेवाली हानियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है, जबकि लाभ यदि हो, पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

4.7 एक्सचेंज कारोबार विदेशी विनिमय डेरिवेटिव यानी मुद्रा वायदे का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा निर्धारित मूल्यों पर किया जाता है और परिणामी लाभ और हानि की पहचान लाभ और हानि लेखे में की जाती हैं।

4.8 एफसीएनआर (बी) डॉलर जमाओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विनिमय स्वैप की सुविधा की शुरुआत में उत्पन्न होनेवाले प्रीमियम / ब्याज, स्वैप अनुबंध की अवधि के दौरान खर्च के रूप में परिशोधित किया जाता है।

4.9 निवेश की कीमत के निर्धारण प्रत्येक वर्ग में भारित औसत कीमत पद्धति के आधार पर किया जाता है। एचटीएम के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत कीमत पद्धति के तहत प्राप्त अधिग्रहण कीमत के आधार पर ले लिया गया है तथा भारित औसत कीमत के अंकित मूल्य से अधिक होने की स्थिति में प्रीमियम को केवल शेष परिपक्वता अवधि हेतु परिशोधित कर दिया जाता है।

- रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों के लिए लेखाकरण :

  भारिबैंक के दिशानिर्देशानुसार तरलता समायोजन सुविधाएं (एलएएफ), परिवर्तनीय दर अवधि परिचालन तथा एमएसएफ एवं मार्केट रेपों लेन–देनों को शामिल करते हुए भारिबैंक के साथ सभी प्रकार के रेपो / रिवर्स रेपो लेनदेनों का हिसाब रखा जाता है।

- रेपो/ रिवर्स रेपो के तहत बेची गई और खरीदी गई प्रतिभूतियों को त्रिपक्षीय रेपो के रूप में लिया जाता हैं जिसमें, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री / खरीद लेनदेनों के मामले में अंतरित किए जाते हैं और इस प्रकार के प्रतिभूति के उतार –चढ़ाव, रेपो/रिवर्स रेपो खातों और प्रति–प्रविष्टियों के प्रयोग से परिलक्षित होता है। उपरोक्त प्रविष्टियाँ परिपक्वता की तारीख पर प्रतिवर्तित हो जाती है। मामले के आधार पर लागत एवं राजस्व को ब्याज व्यय/आय के रूप में लिया जाएगा। रेपो खाते में शेष, अनुसूची 4(उधार) के तहत वर्गीकृत है और रिवर्स रेपो खाते में शेष, अनुसूची 7 (बैंकों में शेष एवं मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि) के तहत वर्गीकृत है।

5. पुनर्निर्माण कंपनियों (आरसी) को बेची गई वित्तीय आस्तियाँ :

5.1 प्रतिभूतिकरण कंपनियों /पुनर्निमाण कंपनियों द्वारा, उन्हें बेची गई वित्तीय आस्तियों के संबंध में जारी की गई प्रतिभूति रसीदों को उनके प्रतिदेय मूल्य और वित्तीय आस्तियों के निवल बही मूल्य, से कम स्तर पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रतिभूतिकरण रसीद को निम्न पर मूल्यांकित किया जाता है:

(ए) दिनांक 01.04.2017 से पहले एसआर/आरसी जारी किए गए प्रतिभूति रसीद को परिसम्पत्ति पुनर्निमाण कंपनी द्वारा तुलन पत्र के दिनांक पर घोषित निवल परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और मूल्यह्रास होने पर उसके लिए प्रावधान किया जाता है तथा मूल्यवृद्धि होने पर उसपर ध्यान नहीं दिया जाता।

(बी) 01 अप्रैल 2017 के प्रभाव से आरबीआई द्वारा जारी किए गए संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार एसआर पर प्रावधान की आवश्यकता निम्न बिन्दुओं से अधिक होगी।

(i) एससी / आरसी द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के संदर्भ में प्रावधान दर

(ii) अंतर्निहित ऋण पर लागू होने वाली प्रावधान दर, यह मानते हुए कि ऋण बैंक की बही में निरंतर जारी रहा है

5.2 आरसी को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में उनका मूल्यांकन और आय की पहचान, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। अगर बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम है (यथा, बही मूल्य से रखे गये प्रावधान घटाने के बाद का मूल्य) तो भारतीय रिज़र्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार उससे होनेवाली कमी को लाभ व हानि खाते में नामे डाला जाएगा या रखी गयी अस्थायी प्रावधान का प्रयोग करते हुए इसका समंजन किया जाएगा।

यदि प्राप्त नकदी (आरंभिक प्रतिफल और/या प्रतिभूति रसीदों के मोचन के जरिए) आरसी को बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है तो अतिरिक्त प्रावधान को लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किया जाता है। लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किए गए अतिरिक्त प्रावधान की प्रमात्रा उस सीमा तक सीमित है जिस सीमा तक प्राप्त नकदी बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है।

6. अग्रिम

6.1. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुसार भारत में अग्रिमों को उधारकर्ता–वार मानक, अव–मानक, संदिग्ध और हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

6.2. अनर्जक अग्रिमों के लिए प्रावधान नियामक आवश्यकताओं के अनुसार इस प्रकार किए गए हैं :

ए) अवमानक :

i) कुल बकाया पर 15 प्रतिशत का सामान्य प्रावधान

ii) प्रकटीकरण हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रावधान जो प्रारम्भ से ही अरक्षित हैं। (अर्थात, जहां प्रतिभूतियों का वास्तविक मूल्य प्रारम्भ से ही 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है)

बी) संदिग्ध संवर्ग – 1 :

i) सुरक्षित भाग के लिए 25 प्रतिशत

ii) अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

सी) संदिग्ध संवर्ग – 2 :

i) सुरक्षित भाग के लिए 40 प्रतिशत

ii) अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

डी) संदिग्ध वर्ग– 3 एवं हानि अग्रिम – 100 प्रतिशत

- पुनर्गठित / पुनर्संरचित मानक अग्रिम सहित मानक अग्रिमों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है।

- विदेशी शाखाओं के मामले में ऋण हानियों के लिए आय–निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान, स्थानीय आवश्यकताओं अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों में से जो भी अधिक सख्त हो, के अनुसार किया जाता है।

आगे, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किये गये विनियमों के संबंध में अगर कोई आस्ति को बैंक के समुद्रपार बही में किसी भी समय गैर– निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है तो बैंक द्वारा ऋणकर्ता को प्रदान की गई सभी सुविधाओं तथा ऋणकर्ता द्वारा जारी की गयी सभी प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीए / एनपीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

तथापि मेजबान विनियामकों द्वारा खातों को वसूली से अन्य कारणवश गैर निष्पादित / बाधित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो भारत में वित्तीय विवरणियों के समेकन करते समय, उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार प्रावधान किया जाएगा, जबकि उसी प्रतिपक्षकारों को अन्य क्षेत्राधिकार में (भारत को सम्मिलत कर) प्रदत्त अन्य ऋण एक्स्पोजर के संबंध में आस्ति वर्गीकरण, संबंधित क्षेत्राधिकार में विद्यमान दिशानिर्देशों से अधिशासित होगा।

- प्रकट किये गए अग्रिम, गैर–निष्पादित आस्तियों, डीआईसीजीसी / ईसीजीसी / सीजीटीएमएसई से प्राप्त तथा समायोजन हेतु लंबित रखे गए दावों, विविध खाते में प्राप्त और रखी गई चुकौतियों, सहभागिता प्रमाण–पत्रों एवं पुनः भुनाये गये मियादी बिलों के लिए किए गए प्रावधानों और मानक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत पुर्नगठित खातों के उचित मूल्य में अधित्याग के बदले प्रावधान के बाद निवल हैं।

7. अचल आस्तियाँ / मूल्यह्रास

7.1 परिसर एवं अन्य अचल आस्तियों को परंपरागत लागत पर माना गया है तथा पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के मामले में पुनर्मूल्यांकित राशि पर माना गया है।

7.2 भारत में, इमारतों (जमीन की कीमत सहित जहां कहीं अवियोज्य/पृथक नहीं है) एवं अन्य अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास, मूल्यह्रास की सीधी पद्धति से उसी दर पर जिस पर उन्हें प्रभारित किया गया था, निम्नानुसार किया जाता है :

क्रम संख्या	आस्ति की प्रकृति	मूल्यह्रास की दर (एसएलएम)
I	इमारतें	1.63%
II	अन्य अचल आस्तियाँ	
	• सामान्य संयंत्र व मशीनें	4.75%
	• फ़र्नीचर एवं फिक्सचर	6.33%
	• विद्युत चालित मशीनरी और फिटिंग	7.07%
	• साइकिलें	7.07%
	• स्कूटर, मोटर साइकल, जीप	9.50%
	• वैन	11.31%
	• सिक्के वेंडिंग मशीन	16.66%
	• मोटर कार	20.00%
	• डाटा प्रसंस्करण मशीनें कम्प्यूटर एवं यूपीएस सहित	33.33%
	• सेलफोन एवं 5000 रुपए तक की छोटी कीमत की वस्तुएँ	100.00%

7.3 पुनर्मूल्यांकित घटक से संबन्धित मूल्यह्रास, राजस्व व्यय के तहत प्रभारित किया जाएगा और एक समतुल्य राशि तुरंत पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के विरुद्ध प्रभारित किया जाएगा तथा आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार राजस्व रिजर्व में जमा किया जाएगा।

30 सितंबर से पहले अधिगृहीत अचल आस्तियों पर निर्धारित दरों का 100 प्रतिशत और अधिगृहीत अचल आस्तियों के लिए निर्धारित दरों का 50 प्रतिशत मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है और उसके बाद प्रयोग में लाया जाता है। बिक्री / निपटान के वर्ष में अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का कोई प्रावधान नहीं किया जाता। उन आस्तियों के मामले में जहां सरकार से सब्सिडी प्राप्त होता है, उसको तत्संबंधित आस्ति खाता में जमा किया जाता है और तदनुसार मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है।

7.4 पट्टेवाली भूमि पर प्रीमियम, अधिग्रहण के वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है और पट्टे की अवधि पर परिशोधित किया जाता है।

7.5 विदेशी शाखाओं की अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की व्यवस्था उन देशों में प्रचलित पद्धतियों के अनुसार की जाती है।

7.6 गैर–बैंकिंग आस्तियों (एनपीए) के संबंध में कोई मूल्यह्रास प्रभारित नहीं किया जाता है।

8. राजस्व पहचान

8.1 आय और व्यय को, जब तक अन्यथा नहीं कहा जाए, सामान्यतः संचयी आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

8.2 गैर–निष्पादक आस्तियों, सरकार द्वारा गारंटीकृत आस्तियों (जो 90 दिनों से ज्यादा अतिदेय हैं) लाभांश आय, बीमा दावे, जारी किये गये साख–पत्रों / गारंटियों पर कमीशन (परियोजना वित्त से इतर), बैंक एश्यूरेन्स उत्पादों पर आय, धन प्रबंधन पर आय, खरीदे गए बिलों पर अतिरिक्त ब्याज / अतिदेय प्रभार, क्रेडिट कार्डों पर वित्तीय प्रभार, पुनः क्षतिपूरित करने के बैंक के अधिकार पर व्यय, डेबिट कार्डों पर एएमसी प्रभार आदि को उनकी वसूली होने पर हिसाब में लिया गया है और प्राप्त किए गए लॉकर किराया उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है।

8.3 अतिदेय विदेशी बिलों के मामले में, ब्याज और अन्य प्रभारों को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फ़ेडाई) के दिशानिर्देशों के अनुसार किस्ट्रलीकरण की तारीख तक माना गया है।

9. क्रेडिट कार्ड पुरस्कार प्वाइंट

कार्ड सुविधा के उपयोग पर कार्ड सदस्यों द्वारा अर्जित पुरस्कार प्वाइंटों को इस प्रकार के उपयोग के कारण व्यय के रूप में पहचाना जाता है।

10. निवल लाभ / हानि

निम्नलिखित पर विचार करने के पश्चात्, लाभ व हानि लेखे में दर्शाया गया परिणाम :

- गैर निष्पादक अग्रिमों और / अथवा निवेशों के लिए प्रावधान
- मानक अग्रिमों पर सामान्य प्रावधान
- पुनः संरचित अग्रिमों हेतु प्रावधान
- अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- आकस्मिकता निधि को / से अंतरण
- प्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधान
- अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोज़र के लिए प्रावधान
- सामान्य अथवा / और अन्य आवश्यक प्रावधान

11 स्टाफ सेवानिवृत्ति लाभ

i) भविष्य निधि

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है ।

ii) उपदान

